दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004

कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 14 | अंक : 318 | जयपुर | रविवार, 22 सितम्बर, 2024 | आश्विन, कृष्ण पक्ष पंचमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## राहुल के खिलाफ कर्नाटक में एफआईआर

### एस-एसटी और सिख समुदाय पर विवादित टिप्पणी का आरोप, राहुल बोले- बयान का गलत मतलब निकाला गया

बढ़ता राजस्थान




**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** राहुल गांधी के अमेरिका में दिए बयान को लेकर शनिवार को भाजपा ने कर्नाटक में FIR करवाई है। यह शिकायत बेंगलुरु के हाई ग्राउंड पुलिस स्टेशन में की गई है। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस नेता स्ट्, एसटी, ओबीसी और सिख समुदाय को निशाना बनाकर बांटने वाली पॉलिटिक्स कर रहे हैं। ऐसे में उनकी विभाजनकारी नीति की जांच होनी चाहिए। इससे पहले राहुल के खिलाफ यूपी और छत्तीसगढ़ में भी स्न्ढ्ढक्र दर्ज हो चुकी हैं। राहुल ने अमेरिका दौरे के समय आरक्षण और सिख समुदाय को लेकर बयान दिया था। इसी के खिलाफ भाजपा नेता विरोध जता रहे हैं। हालांकि, राहुल का कहना है कि उनके बयान का गलत मतलब निकाला गया है। राहुल ने सिख समुदाय से पूछा– क्या मैंने कुछ गलत कहा राहुल गांधी ने शनिवार को फिर अपने बयान को सही बताया। उन्होंने भाजपा पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा कि हमेशा की तरह भाजपा उनके बयान को गलत पेश कर रही है। बीजेपी हमेशा ही झूठ का सहारा लेती है। राहुल ने अमेरिका में दिए स्टेटमेंट का वीडियो पोस्ट करते हुए सिख समुदाय से सवाल पूछा।

## नितिन गडकरी बोले– राजा ऐसा हो, जो आलोचना झेल सके

### उस पर आत्मचिंतन करें, यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी परीक्षा

बढ़ता राजस्थान



**पुणे ( एजेंसी )।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि राजा (शासक) को ऐसा होना चाहिए कि कोई उसके खिलाफ बात करे, तो उसे बर्दाश्त करे। आलोचनाओं का आत्मचिंतन करे। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी परीक्षा होती है।

गडकरी ने ये बातें पुणे में शुक्रवार को एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में कही। गडकरी ने कहा कि साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों और कवियों को अपने विचार खुलकर और दृढ़ता से व्यक्त करने चाहिए। आजकल राजनीति में जो हो रहा है, वह दूसरी जगहों (विदेशों में) पर भी हुआ है। वहां पार्टियों का अस्तित्व तक खत्म हो गया। 14 सितंबर को कहा– विपक्षी नेता ने कहा था पीएम बनिए, समर्थन देंगे, मैंने ऑफर ठुकराया केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 14 सितंबर को कहा था कि एक बार एक नेता ने उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन देने की पेशकश की थी। हालांकि गडकरी ने यह ऑफर यह कहकर ठुकरा दिया कि उनकी ऐसी कोई लालसा नहीं है।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- राजनीति में संवेदनशील नहीं हो सकते : केंद्रीय मंत्री ने डीएमके की ट्रस्ट पर आरोप लगाए थे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन से कहा कि राजनीति में आप संवेदनशील नहीं हो सकते। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने 19 सितंबर की सुनवाई के दौरान मुरुगन के वकील ने कहा, इस मामले में मानहानि का सवाल ही कहां है?

ट्रस्ट के वकील ने मामले में स्थगन की मांग की थी। ट्रस्ट के वकील की अपील पर मामले की सुनवाई 4 हफ्ते बाद होगी। कोर्ट ने मुरासोली ट्रस्ट से भी जवाब मांगा था। मामला दिसंबर 2020 का है, जब एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुरुगन ने चेन्नई की मुरासोली ट्रस्ट के खिलाफ आरोप लगाया था कि मुरासोली तमिलनाडु में दलितों के लिए बनी जमीन पर चल रहा है। मुरुगन ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी मुरुगन ने मद्रास हाईकोर्ट के 5 सितंबर 2023 के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी।

# आतिशी दिल्ली की सबसे युवा सीएम बनीं

## शपथ के बाद केजरीवाल के पैर छुए



### कैबिनेट में 5 मंत्री, मुकेश अहलावत नया चेहरा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आतिशी ने शनिवार को दिल्ली की 9वीं मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। राजनिवास में उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने उन्हें शपथ दिलाई। शपथ के बाद आतिशी ने अरविंद केजरीवाल के पैर छुए। वे दिल्ली की सबसे युवा (43 साल) सीएम हैं। इससे पहले केजरीवाल 45 साल की उम्र में सीएम बने थे। आतिशी बतौर महिला सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित के बाद दिल्ली की तीसरी महिला सीएम हैं। आतिशी के बाद सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत ने मंत्री पद की शपथ ली। कैबिनेट में मुकेश अहलावत एकमात्र नया चेहरा हैं। आतिशी कालकाजी सीट से तीन बार की विधायक हैं। आप विधायकों ने 17 सितंबर को केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आतिशी का नाम सीएम के रूप में फाइनल किया था। शपथ ग्रहण समारोह में आतिशी के माता-पिता, अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, विपक्ष के नेता विजेन्दर गुप्ता, भाजपा सांसद मनोज तिवारी शामिल हुए।

### सीएम आतिशी समेत कैबिनेट में ये 6 चेहरे ही क्यों

*1. **आतिशी:** केजरीवाल और सिसोदिया की भरोसेमंद केजरीवाल और सिसोदिया के जेल में रहते हुए पार्टी का मजबूती से स्टैंड रखती रही हैं। इस साल स्वतंत्रता दिवस पर जेल में रहते हुए केजरीवाल ने तिरंगा फहराने के लिए आतिशी के नाम की सिफारिश की थी। 2013 के विधानसभा चुनावों के लिए आप का घोषणापत्र तैयार करने वाली समिति की प्रमुख सदस्य थीं। उसके बाद से ही पार्टी को विस्तार में अहम भूमिका निभाती रही हैं।*

2. **सौरभ भारद्वाज:** पार्टी का मजबूती से पक्ष रखते हैं 2013 से विधायक और मंत्री हैं। केजरीवाल के भरोसेमंद नेता हैं। केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह के जेल में रहने के दौरान आतिशी के साथ भाजपा पर लगातार हमलावर रहे हैं। मनीष सिसोदिया के जेल जाने पर आतिशी के बाद महत्वपूर्ण मंत्रालय सौरभ को ही सौंपे गए।
3. **गोपाल राय:** वर्किंग क्लास कम्युनिटी के बीच अच्छी पकड़ 2013 में पहली बार सत्ता में आने के बाद से आप सरकार का हिस्सा रहे हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। केजरीवाल के भरोसेमंद माने जाते हैं। दिल्ली की वर्किंग क्लास कम्युनिटी के बीच अच्छी पकड़ है। कई मौकों पर पार्टी के लिए संकट मोचक बनकर उभरे हैं। मौजूदा दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री हैं।
4. **कैलाश गहलोत:** जाट परिवार से हैं, पॉलिटिकल फंडिंग के लिए महत्वपूर्ण एलजी विवेक सक्सेना के साथ अच्छे रिश्ते हैं। एलजी ने 15 अगस्त पर आतिशी की जगह झंडा फहराने के लिए गहलोत को चुना था। जाट परिवार से हैं। हरियाणा में जाट बीजेपी से नाराज हैं। हरियाणा चुनाव में आम आदमी पार्टी उन्हें कैबिनेट से ड्रॉप नहीं करना चाहती। वे 2017 से लगातार परिवहन मंत्रालय संभाल रहे हैं। पॉलिटिकल फंडिंग के लिए भी आप के लिए महत्वपूर्ण हैं।
5. **इमरान हुसैन:** अकेला मुस्लिम चेहरा, दिल्ली में करीब 11.7% मुस्लिम पॉपुलेशन केजरीवाल की कैबिनेट का अकेला मुस्लिम चेहरा थे, इसलिए आतिशी की कैबिनेट में भी पार्टी उन्हें रिटेन किया है। दिल्ली में करीब 11.7% मुस्लिम पॉपुलेशन है।
6. **मुकेश अहलावत:** दलित समुदाय से आते हैं, दिल्ली में 12% दलित पॉपुलेशन दलित समुदाय से आने वाले मुकेश अहलावत ने राजकुमार आनंद की जगह ली। दिल्ली में 12% दलित पॉपुलेशन है। राजकुमार आनंद के बीएसपी में जाने से आप के दलित वोट बैंक में सेंध लगी है।



***15 को केजरीवाल का इस्तीफा, 17 को आतिशी के नाम का ऐलान हुआ दिल्ली शराब नीति मामले में जमानत मिलने के 2 दिन बाद 15 सितंबर को अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफे का ऐलान किया था। प्रधानमंत्री मोदी के 74वें जन्मदिन यानी 17 सितंबर को केजरीवाल के इस्तीफे से पहले विधायक दल की बैठक में आतिशी को नया मुख्यमंत्री चुना गया। इसके बाद शाम करीब 5 बजे केजरीवाल ने एलजी को इस्तीफा सौंपा और आतिशी ने सरकार बनाने का दावा पेश किया।***

### PM Modi US Visit:

## अमेरिका पहुंचे पीएम मोदी

### बाइडेन से होगी द्विपक्षीय बातचीत

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति बाइडेन द्वारा आयोजित क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने और संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक कार्यक्रम को संबोधित करने के लिए अमेरिका पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में क्वाड लीडर्स समिट और फ्यूचर समिट (SOTF) में भाग लेंगे। इसके साथ ही, वह अपनी यात्रा के दौरान कुछ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। 22 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी नसाऊ कॉलेजियम की मीटिंग में शामिल होंगे। 23 सितंबर को पीएम मोदी न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में समिट ऑफ द फ्यूचर को भी संबोधित करेंगे। आपको ये भी बता दें कि साल 2025 में भारत क्वाड की मेजबानी करेगा।



#### क्वाड शिखर सम्मेलन

क्वाड मूल रूप से चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता कहा जाता है। ये एक रणनीतिक गठबंधन है जिसमें ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं। इस वर्ष, राष्ट्रपति बाइडेन इन देशों के नेताओं की मेज़बानी कर रहे हैं। उनकी सभी देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें होंगी। विलमिंगटन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ऑस्ट्रेलियाई प्रधान मंत्री एंथनी अल्बानीज़ और जापानी प्रधानमंत्री फ़ुमियो किशिदा के साथ उनके मजबूत संबंधों का संकेत देता है।

#### यूनए का समिट ऑफ द फ्यूचर

अपने अमेरिकी दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी 23 सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भविष्य के शिखर सम्मेलन में बोलेंगे। शिखर सम्मेलन का विषय बेहतर कल के लिए बहुपक्षीय समाधान है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस आयोजन को पीढ़ी में एक बार होने वाला संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन बताया है।

## एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह वायु सेना के नए चीफ

### 30 सितंबर से जिम्मेदारी संभालेंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह भारतीय वायु सेना के नए चीफ होंगे। वे 30 सितंबर को पदभार संभालेंगे। अमर प्रीत सिंह एयर मार्शल विवेक राम चौधरी की जगह लेंगे, जो 30 सितंबर को रिटायर हो रहे हैं। अमर प्रीत सिंह अभी तक वायुसेना के वाइस चीफ के पद पर थे। एयरफोर्स में यह दूसरी सबसे अहम पोजिशन है।

अमर प्रीत सिंह को रोटरी विंग विमानों पर 5 हजार घंटे से अधिक समय तक उड़ान भरने का अनुभव है। उन्होंने वाइस चीफ बनने से पहले ऑपरेशनल फाइटर स्क्वाड्रन और फ्रंटलाइन एयर बेस की भी कमान संभाली है।

40 साल से एयरफोर्स में तैनात हैं एयर मार्शल अमरप्रीत सिंह का जन्म 27 अक्टूबर को साल 1964 में हुआ था। अमर प्रीत सिंह 21 दिसंबर 1984 को वायुसेना एकेडमी डुंडीगल से इंडियन एयरफोर्स में तैनात हुए थे। वे 40 साल से वायुसेना की सेवा कर रहे हैं। एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह ने नेशनल डिफेंस एकेडमी खडकवासला और एयरफोर्स एकेडमी डुंडीगल से ट्रेनिंग ले चुके हैं।



अमर प्रीत सिंह डिफेंस सर्विस स्टाफ कॉलेज वेलिंगटन के भी छात्र रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने नई दिल्ली के नेशनल डिफेंस कॉलेज से भी ट्रेनिंग ली है। उन्होंने हाल ही में 59 साल की उम्र में तेजस उड़ाया था।

## तिरुपति मंदिर प्रबंधन बोला- प्रसाद अब पवित्र

### कहा- जांच में एनिमल फैट की पुष्टि, पूर्व राष्ट्रपति बोले- ऐसा हर मंदिर में हो सकता है

बढ़ता राजस्थान

**अमरावती ( एजेंसी )।** आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) के लड्डूओं की पवित्रता विवाद के बीच मंदिर प्रबंधन तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने कहा कि प्रसादम अब पूरी तरह से शुद्ध और पवित्र है। इसे आगे भी रखने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

उधर टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामला राव ने घी में जानवरों की चर्बी इस्तेमाल होने की बात मानी है। शुक्रवार, 20 सितंबर को उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि लड्डू जिस घी से बनाए जा रहे थे, उसके सैंपल्स के 4 लैब रिपोर्ट्स में इसकी पुष्टि हुई है। राव ने कहा कि मंदिर प्रबंधन के पास अपनी लैब नहीं थी। घी सप्लायर एआर डेयरी फूड्स ने इसका फायदा उठाया। इस बीच शनिवार को केंद्र और राज्य सरकार में फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट के अधिकारी तमिलनाडु के डिंडीगुल स्थित एआर डेयरी फूड्स की फैक्ट्री में जांच करने पहुंचे।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने वाराणसी में कहा– कल रात मेरे कुछ सहयोगी बाबा विश्वनाथ धाम गए थे। रात में मुझे बाबा का प्रसादम दिया, तो मेरे मन में तिरुमाला की घटना याद आई। मेरा मन



थोड़ा खटका। हर तीर्थ स्थल में ऐसी घटिया मिलावट हो सकती है। हिंदू धर्म के अनुसार ये बहुत बड़ा पाप है। इसकी ढंग से जांच हो।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# जयपुर पुलिस कमिश्नर ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने शनिवार को पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों एवं जवानों के साथ रिज़र्व पुलिस लाइन से सिंधी कैम्प बस स्टैण्ड तक सड़क के दोनों तरफ फैले कचरे की साफ-सफाई कर शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि पुलिस का ध्येय आमजन में विश्वास-अपराधियों में भय की भावना जनता में साकार हो एवं उन्हें त्वरित न्याय मिलने के साथ साथ यह भी दायित्व है कि हम हमारे आस-पास के वातावरण एवं जगह को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में योगदान करें।

उन्होंने बताया कि आमजन में स्वच्छता प्रति जागरूकता हो और वे स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए जयपुर शहर को क्लीन सिटी बनाए रखने में अपना सहयोग करें। उन्होने कहा कि स्वच्छता एवं स्वास्थ्य एक दूसरे के पर्याय हैं।जिस जगह स्वच्छता रहती है,वहां स्वस्थता अवश्य होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि शहर को क्लीन सिटी,सेफ सिटी एवं सिक्योर सिटी बनाये रखने में अपना योगदान करें।

श्रमदान कार्यक्रम का शुभारंभ कर रिज़र्व पुलिस लाइन से सिंधी कैम्प बस स्टैण्ड तक सड़क के दोनों किनारे फैले कचरे एवं गंदगी की पुलिस अधिकारियों एवं जवानों द्वारा साफ-सफाई की गई। जयपुर पुलिस कमिश्नर जोसफ ने सिंधी कैंप बस स्टैण्ड के सामने स्थित दुकानदारों से कचरा एवं गंदगी न फैलाने की समझाइश कर उन्हें नियमित डस्टबिन रखने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कचरा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।

श्रमदान अभियान में अतिरिक्त जयपुर पुलिस कमिश्नर कैलाश विश्नोई, प्रीति चन्द्रा,कुंवर राष्ट्रदीप,उपायुक्त दिगंत आनंद, श्याम सिंह, अमित कुमार, सागर पुलिस लाइन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवाब खान एवं उप अधीक्षक प्रदीप यादव सहित जयपुर कमिश्नरेट के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए ।




नगर निगम हेरिटेज की अनूठी पहल

## जयपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए निकाली प्लास्टिक शव यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत हेरिटेज निगम की ओर से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे है। इसी के चलते राजधानी जयपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए शनिवार को नगर निगम हेरिटेज ने अनूठी पहल की गई। जिसमें प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए निगम के अधिकारी और कर्मचारी नारे लगाते नजर प्लास्टिक शव यात्रा निकाली गई। यह अनूठी शव यात्रा नगर निगम मुख्यालय से शुरू होकर शहर के अलग-अलग बाजारों में होती हुई नगर निगम मुख्यालय में पहुंची। इसमें नगर निगम के कमिश्नर अभिषेक सुराणा समेत आला अधिकारी और सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

नगर निगम कमिश्नर अभिषेक सुराणा ने बताया कि नगर निगम हेरिटेज ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आमजन और व्यापारियों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्लास्टिक की शव यात्रा निकाली। इस अनूठी शवयात्रा में नगर निगम के अधिकारी और सफाई कर्मचारी प्लास्टिक के खिलाफ नारे भी लगाते नजर आए। किशनपोल जोन उपायुक्त पूजा मीना के नेतृत्व में शवयात्रा हेरिटेज नगर निगम मुख्यालय से प्रारंभ हुई,जो बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट, बापू बाजार, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार होते हुए वापस निगम मुख्यालय पर आकर समापन हो गई। शव यात्रा के दौरान प्लास्टिक गो बैक, प्लास्टिक मुक्त अभियान पर जोर दिया गया। रैली के समापन पर सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान स्वास्थ्य शाखा की विशेष टीम, निगम स्वच्छता प्रहरी, पीआईयू टीम सदस्य मौजूद रहे।

सुराणा ने बताया कि प्लास्टिक सामग्री न केवल पर्यावरण बल्कि मानव जीवन के लिए भी बहुत ज्यादा हानिकारक है। इसके उपयोग से बचना ही एकमात्र उपाय है। ऐसे में हम लोगों को प्लास्टिक थैली या की बजाए हमें कपड़े का या जूट का थैला उपयोग में लेना चाहिए।

इसके अलावा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत दो अक्तूबर तक आमजन की सहभागिता से कई जागरूक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें निगम के अधिकारियों के साथ जयपुर की जनता की सहभागिता भी होगी। जिससे हम जयपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे।

# पचास साल से रह रहे लोगों को बेघर करने का प्रयास

- स्थानीय लोग सड़क पर उतर कई दिनों से दे रहे हैं धरना
- अब लड़ेंगे आर पार की लड़ाई है,चाहे करना पड़े आमरण अनशन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में स्थित आमागढ़ वेधपुरी कच्ची बस्ती में पिछले पचास साल से रह रहे लोगों को बेघर करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके विरोध में स्थानीय लोग सड़कों पर उतर आए हैं और कई दिनों से धरना दे रहे हैं। आमागढ़ वेधपुरी सहायता एवं विकास समिति के अध्यक्ष बजरंग लाल बोहरा ने बताया कि वह यहां पिछले पचास साल से रह रहे हैं और तीस साल से नगर निगम को हाउस टैक्स भी अदा कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह जमीन वन विभाग में आती है। आरोप है कि इस कच्ची बस्ती का अवैध दस्तावेज बनाकर गोयल नाम के व्यक्ति ने दर्जन भर बैंकों से फर्म बना कर करोड़ों रुपये का लोन लिया। जिसे चुकाया नहीं गया और जानकारी में सामने आया है कि उसकी व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है। अब बैंकों ने उन जमीनों को नीलाम करना शुरू कर दिया है, जिनमें इनके आवास की जमीन भी शामिल कर ली गई है। समिति महामंत्री कैलाश असवाल का कहना है कि जिस भूमि पर लोन लिया गया है,उसका खसरा नंबर चार और शिव हीरा पथ बताया गया है। जबकि बैंक कर्मचारियों सहित कुछ अन्य लोग आमागढ़ वेधपुरी कच्ची बस्ती की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। वेधपुरी के निवासियों का आरोप है कि बैंकों के अधिकारियों ने बिना भौतिक सत्यापन के इतनी बड़ी राशि का लोन दे दिया, जबकि यह भूमि वन विभाग के अंतर्गत आती है। उनका कहना है कि जिन दस्तावेजों के आधार पर बैंकों ने लोन दिया है और वह शिव हीरा पथ जामडोली है। लेकिन बैंक अधिकारी उनकी कोई भी बात सुनने को तैयार नहीं है और नोटिस पर नोटिस दिया जा रहा है। इसके अलावा कॉलोनियों में नोटिस का चस्पा भी किया गया है। आमागढ़ वेधपुरी सहायता एवं विकास समिति उपाध्यक्ष चिरंजी लाल शर्मा ने बताया कि स्थानीय लोगों ने अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। अब तक बैंक की ओर से तीस मकानों को खाली कराने के नोटिस दिए गए हैं, जिन्हें कब्जे में लिया जाना है। यदि इन लोगों को यहां से हटा दिया गया तो उनका पूरा परिवार बेघर हो जाएगा। वह यहीं रहते हैं और यहीं काम करते हैं और अगर इन्हें यहां से हटाया गया, तो वे बेरोजगार हो जाएंगे और भूखे मरने की नौबत आ जाएगी। लोगों ने यह भी चेतावनी दी है कि वे अब आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। चाहे इसके लिए उन्हे आमरण अनशन करना पडे।

## व्यापारी को सोना सस्ता दिलाने के नाम पर सत्रह लाख रुपये की ठगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सदर थाना इलाके में हरियाणा के हिसार के एक व्यापारी को सोना सस्ता दिलाने के नाम पर सत्रह लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीडित ने थाने में मामला दर्ज कराया है। जांच अधिकारी एसआई अभिषेक स्वामी ने बताया कि पीड़ित व्यापारी महेन्द्र कुमार ने थाने में मामला दर्ज करवाया है कि आरोपित मनोज कुमार परिचित है और उसने बताया कि विदेश से सोना लेकर आता है और फिर उसे सस्ते दामों पर बेचता है। वह उसे भी पांच हजार रुपए प्रति दस ग्राम सोना सस्ता दे देगा। इस पर पीड़ित उसकी बातों में फंस गया। आरोपित मनोज कुमार ने पीड़ित महेन्द्र को जयपुर के रेलवे स्टेशन पर एक होटल में बुलाया। यहां आरोपित ने पीड़ित से पांच लाख रुपए नगद लिए और कहा कि वह जल्द (दुबई) विदेश से लौट कर उसे सोना लाकर देगा। विदेश जाने के बाद आरोपित ने पीड़ित को फोन किया और अलग-अलग बार में सात लाख रुपए खुद के खाते में डलवा लिए। आरोपित बार-बार जल्द सोना लाने की बात कर पैसा मांगता रहता। इसके बाद आरोपित मनोज कुमार ने पीडित महेंद्र को हिसार में एक होटल पर बुलाया। जहां उससे पांच लाख रुपए लेकर दो दिन में सोना लाकर देने की बात तय हो जाती है। इस तरह आरोपित ने सोना सस्ता दिलाने के नाम पर अलग-अलग बार में सोने के लिए सत्रह लाख रुपए ले लिए है। रुपए और सोना देने से इनकार कर दिया। साथ ही रूपये के लेने के बाद से आरोपित ने पीड़ित का फोन उठाना बंद कर दिया। पीड़ित को आरोपित अब धमकी दे रहा है कि अगर उस ने किसी को शिकायत की तो वह उसे जान से मरवा देगा। पीड़ित ने इस सम्बंध में थाने में आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

## माइनॉरिटी एजुकेशन अवेयरनेस मीट की ओर से 28 सितंबर को आयोजित होगा इंटर स्कूल क्विज कंपटीशन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** आने वाली 28 सितंबर को माइनॉरिटी एजुकेशन अवेयरनेस मीट की ओर से इंटर स्कूल कंपटीशन आयोजन पिंक सिटी प्रेस क्लब के सभागार में आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम में बच्चों से सामान्य ज्ञान होगा । साथ ही स्पीच कंपटीशन भी किया जाएगा प्रोग्राम में शिरकत करने के लिए असिस्टेंट डायरेक्टर प्रोग्राम आकाशवाणी रेशमा खान ,आउटलुक मैगजीन की व हरदेव जोशी यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर डॉक्टर ताबीना अंजुम कुरैशी, डीसीपी अरशद अली,एडीसीपी मुस्तफा अली जैदी, जेएलएन ग्रुप के डायरेक्टर डॉक्टर आजम बैग व अध्यक्ष डॉक्टर फरीद बैग,एडवोकेट जमीला खान, रिटायर्ड कलेक्टर फतेह मोहम्मद खान सहित कई बुद्धिजीवी बच्चों को अपने तजुर्बा को शेयर करेंगे। साथ ही उनकी काउंसलिंग के साथ कैरियर गाइडेंस भी देंगे आयोजक डॉक्टर इस्माइल और सारा इस्माइल ने बताया इस तरह का इंटर स्कूल क्विज कंपटीशन माइनॉरिटी का पहला कंपटीशन आयोजित हो रहा है इसमें तकरीबन सात स्कूल भाग लेंगे सभी स्कूल बच्चों को अच्छे अंदाज में कंपटीशन की तैयारी करवा रहे हैं उन्होंने कहा इस तरह का प्रोग्राम से बच्चों को काफी कुछ सीखने को और भविष्य में कुछ करने का सबक मिलेगा।

## जिहाद और धर्मांतरण के कु-चक्र को तोड़ेगा बजरंग दल : मिलिंद परांडे

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** विश्व हिंदू परिषद् के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा कि बजरंग दल की दो दिवसीय अखिल भारतीय बैठक जयपुर में आयोजित हो रही है जिसमें सभी प्रांतों के सौ से अधिक प्रमुख कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। बैठक में हिंदू समाज के विरुद्ध षड्यंत्रपूर्वक धर्मांतरण तथा मुस्लिम समाज के एक वर्ग द्वारा लव जिहाद के आक्रमण को रोकने के लिए उपाय योजना का संकल्प लिया गया। मिलिंद परांडे शनिवार को जयपुर के विश्व हिंदू परिषद कार्यालय भारत माता मंदिर में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। परांडे ने बताया कि बजरंग दल हिंदू समाज की सेवा, संस्कार तथा सुरक्षा के लिए समर्पित युवा संगठन है। युवाओं में नशे के विरुद्ध जागरूकता के उद्देश्य से 23 से 30 नवंबर तक बजरंग दल द्वारा प्रखंड स्तर पर रन फॉर हेल्थ मैराथन का आयोजन होगा। नशामुक्ति के विषय पर 10 दिनों में 7 हजार से अधिक स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रमों में लाखों युवा सहभागी होंगे। साथ ही हिंदू समाज में भाव जागरण के उद्देश्य से धार्मिक चिह्न त्रिशूल दीक्षा हेतु देश भर में व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा श्री तिरुपति मंदिर के प्रसाद में पशु चर्बी वाले घी के प्रयोग पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उन्होंने कहा कि यह हिंदू समाज की आस्था का घोर अपमान है ।मंदिर ट्रस्टों पर सरकारी नियंत्रण तथा अन्य आस्थाओं के व्यक्तियों को मंदिर प्रबंधन में जगह देने से ऐसी निंदनीय घटना हुई है। देश में चर्च या मस्जिदें नहीं , केवल हिंदू मंदिर सरकारी नियंत्रण के अधीन हैं। विश्व हिंदू परिषद् की मांग है कि हिंदू मंदिरों पर हिंदू समाज का नियंत्रण होना चाहिए। हमारा प्रयास है कि मंदिरों का संचालन समाज के हर वर्ग का सहभाग हो तथा मंदिर धर्म व समाजसेवा का केंद्र बने।

स्पर्श एक पहल कार्यक्रम का त्रिवेणी स्कूल में हुआ आयोजन

## सामाजिक जागरूकता के लिए थानाधिकारी मीणा ने किया प्रेरित, यातायात नियमों का पालना करने की दिलाई शपथ

बढ़ता राजस्थान




**फुलेरा ( नि.स )।** स्थानीय बिचून रोड स्थित त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में शनिवार को स्पर्श एक पहल कार्यक्रम का आयोजन फुलेरा थाना प्रभारी बाबूलाल मीणा के मुख्य आतिथ्य और शाला प्रधानाध्यापिका सीमा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शाला सचिव मीनाक्षी शर्मा रही। मुख्य अतिथि थानाधिकारी बाबूलाल मीणा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात आगुंतक अतिथियों का कक्षा आठ की छात्राओ दीपीक्षा सैनी और समीक्षा चौधरी ने तिलक लगाकर और विद्यालय निदेशक दिलीप सुरोलिया और शाला स्टाफ ने माल्यार्पण कर और पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थानाधिकारी बाबूलाल मीणा ने कहा की बच्चे हमारे देश का भविष्य है। अगर बचपन सुरक्षित होगा तो एक सुशिक्षित समृद्ध और विकसित राष्ट्र का निर्माण होगा। उन्होंने छात्र छात्राओं को गुड़ टच, बेड टच, सुखा नशा, पोक्सो एक्ट, एवम सड़क सुरक्षा से संबंधित यातायात के नियम आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही छात्र छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करने और सदैव हेलमेट का प्रयोग करने की शपथ भी दिलवाई। थानाधिकारी बाबूलाल मीणा ने बताया की पोक्सो का फुल फ़ॉर्म है - प्रोटेक्शन ऑफ़ चिल्ड्रन फ़्रॉम सेक्सुअल ऑफ़ेंस एक्ट है। इसे हिन्दी में बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम भी कहा जाता है। यह एक्ट बच्चों के यौन अपराधों से बचाव के लिए बनाया गया है। इस कानून को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने साल 2012 में बनाया था। इस कानून के तहत, 18 साल से कम उम्र के बच्चों के साथ यौन शोषण, यौन उत्पीड़न, पोर्नोग्राफ़ी और छेड़छाड़ जैसे अपराधों के लिए सज़ा का प्रावधान है।

विशिष्ट अतिथि सीमा शर्मा ने कहा की स्पर्श एक पहल कार्यक्रम सुरक्षित बचपन के लिए एक अभिनव पहल है। उन्होंने बच्चो को सतर्क और सजग रहने के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शाला व्यवस्थापिका दिव्या चौहान ने कहा की आज समाज में हम ऐसी घटनाओं को देखते है जो छोटे छोटे बच्चो के साथ घटित हो रही है, उन्होंने विद्यार्थियों को हमेशा ऐसे अवांछनीय गतिविधियों से दूर रहने के प्रति सचेत और जागरूक किया।

अंत ने शाला प्रधानाध्यापिका सीमा शर्मा ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर शाला निदेशक दिलीप सुरोलिया, प्रधानाध्यापिका सीमा शर्मा, सचिव मीनाक्षी शर्मा, व्यवस्थापिका दिव्या चौहान, सह व्यवस्थापिका रिंकू शर्मा, वरिष्ठ शिक्षिका चंचल कुमावत, सोनिका प्रजापति, जतिन ग्रोवर, ऐश्वर्या शर्मा, भारती सैनी, अनिता सैनी, ज्योति सैनी, गायत्री शर्मा, इशिका अजमेरा, प्रीति शर्मा, चंचल वर्मा, भगवती चौहान, हर्षिता शर्मा, नेहा कयाल, साक्षी, कोमल शर्मा, नेहा परेवा सहित स्कूली छात्र छात्रा मौजूद रहें। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन शाला व्यवस्थापिका दिव्या चौहान ने अपने चिर परिचित अंदाज में किया।

## हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजभाषा प्रकोष्ठ की ओर से एमएनआईटी जयपुर में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत आशु-भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के साथ, शिक्षक एवं गैर-शिक्षकगण भी उत्साहपूर्वक शामिल रहे 7 इस अवसर पर निर्णायक मंडल में विद्युत अभियांत्रिकी विभाग की डॉ. प्रेरणा जैन और जनपद अभियांत्रिकी विभाग के डॉ. पवन कल्ला उपस्थित रहे। प्रोफेसर आर.के. व्यास, समन्वयक (राजभाषा प्रकोष्ठ), की उपस्थिति में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिन्होंने प्रतियोगिता की सराहना की। प्रतियोगिता का उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता फैलाना और प्रतिभागियों के भाषाई कौशल को प्रदर्शित करना था। सभी प्रतिभागियों ने अपने विचारों और भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। विद्यार्थियों की श्रेणी में पहले स्थान पर सिद्धार्थ शर्मा, दूसरे स्थान पर ईशान अरोड़ा और प्रखर अग्रवाल, तथा तीसरे स्थान पर दीक्षा नवल रहीं। गैर-विद्यार्थियों की श्रेणी में पहले स्थान पर श्री हेमंत कुमार मीना, दूसरे स्थान पर डॉ. निवेदिता कौल, और तीसरे स्थान पर डॉ. नीरजा सरस्वत रहीं। यह कार्यक्रम डॉ. मीनाक्षी त्रिपाठी और डॉ. ऋतु अग्रवाल द्वारा आयोजित किया गया था, और इसकी प्रस्तुति शिवांश राय ने की। यह आयोजन सफल रहा और सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## शादी करने का झांसा देकर छह महीने से युवती से देह शोषण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** शिप्रापथ थाना इलाके में एक सहकर्मी द्वारा एक युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपित सहकर्मी ने शादी करने का वादा किया और गर्भवती होने का पता चलने पर उसे छोड़कर भाग निकला। इस संबंध में पीडिता थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने बताया कि अजमेर निवासी पच्चीस वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि वह मानसरोवर में रहकर एक कंपनी में नौकरी करती है।

## विश्व रोगी सुरक्षा दिवस को रोगी सुरक्षा सप्ताह के रूप में मनाया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** विश्व रोगी सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर ने अपने रोगी सुरक्षा सप्ताह का समापन किया। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों की यह श्रृंखला जागरूकता बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवा में सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित रही। जिसमें विशेष रूप से नैदानिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया है जो रोगी की भलाई सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। इस वर्ष के कार्यक्रम का विषय वैश्विक रोगी सुरक्षा कार्य योजना 2021 से 2030 के साथ संरेखित है रोगी सुरक्षा में सुधार के लिए सही समय पर और सुरक्षित निदान को आगे बढ़ाना। रोगी सुरक्षा सप्ताह के दौरान गतिविधियों रोगियों की सुरक्षा के प्रति जागरुकता के लिए कई प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। निदान में होने वाली त्रुटियों के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना जो रोगी को नुकसान पहुंचाती हैं। रोगी सुरक्षा में सुधार करने में सही समय पर और सुरक्षित निदान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दें। स्वास्थ्य सेवा के सभी स्तरों पर रोगी सुरक्षा नीतियों और नैदानिक अभ्यास में प्राथमिकता के रूप में नैदानिक सुरक्षा को बढ़ावा दें।

नीति निर्माताओं स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं रोगी संगठनों और अन्य हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना।रोगियों और परिवारों को निदान प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य सेवा कर्मियां पेशेवरों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने के लिए सशक्त बनाना।

# सुजानगढ़ सालासर खाटूश्यामजी नई रेल लाईन जल्द बिछाए जाने की मांग

## दिल्ली में रेल राज्य मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल



बढ़ता राजस्थान

**सुजानगढ़ ( नि.स. )।** भाजपा नेता व रेल्वे सलाहकार समिति के सदस्य विजय चौहान के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रतिनिधि मंडल ने दिल्ली में रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू से मुलाकात की और राजस्थान के लिए अति महत्वाकांक्षी नए रेल मार्ग सुजानगढ़ से सालासर बालाजी होते हुए खाटूश्याम जी तक जल्द नई रेल लाईन बिछाने सहित अन्य रेल विकास की मांगे रखी । इससे पहले विजय चौहान ने रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह को राजस्थान से निर्विरोध राज्य सभा सांसद चुने जाने के लिए दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया और हनुमान चालीसा व सालासर बालाजी का प्रसाद भेंट किया । जिस पर रेल राज्य मंत्री ने हनुमान चालीसा को मस्तक लगाते हुए कहा कि वो सालासर बालाजी में बड़ी श्रद्धा रखते है। वो भी चाहते है की जल्द सालासर रेल मार्ग से जुड़े । केंद्र की मोदी सरकार धार्मिक स्थानों को रेल मार्ग से जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही है । रिंगस से खाटूश्याम जी के रेल लाईन बिछाने का काम शुरू हो चुका है। सुजानगढ़ सालासर खाटूश्यामजी नए रेल मार्ग के लिए सकारात्मक रुख प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि किसी रेल मार्ग को बिछाने के लिए सबसे पहले जमीन की आवश्यकता होती है और राजस्थान में राज्य सरकार भी अपनी है इसलिए इसमें पूरा सहयोग मिलेगा ।

प्रतिनिधिमंडल ने चर्चा में बताया कि खाटूश्याम जी की तरह ही सालासर में श्री हनुमान जी महाराज का विश्व प्रसिद्ध धाम मंदिर स्थित है जहां देश के हर कोने से प्रतिवर्ष 25 से 30 लाख से ज्यादा श्रद्धालु धोक लगाने पहुंचते है। सालासर दर्शनों हेतु आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए सबसे नजदीकी रेल्वे स्टेशन सुजानगढ़ है जहां तक रेल मार्ग से आने के बाद श्रद्धालु आगे सड़क मार्ग से सालासर जाते है।

और सुजानगढ़ में उत्तर भारत का पहला श्री वेंकटेश्वर तिरुपति बालाजी मंदिर स्थित है। नजदीक ही महाभारत कालीन द्रोणगिरी पर्वत पर श्री डूंगर बालाजी मंदिर स्थित है सालासर में धोक लगाने आने वाले श्रद्धालु यहां पर भी भारी संख्या में पहुंचते है। मांग पत्र में उल्लेख करते हुए लिखा कि सुजानगढ़ पहले से प्रधानमंत्री मोदी की अमृत भारत स्टेशन योजना में सम्मिलित है, जहां करोड़ो रूपये की लागत से नई बिल्डिंग सहित विकास कार्य चल रहे है । सुजानगढ़ सवा लाख आबादी का महत्वपूर्ण व्यापारिक नगर है जहां राजस्थान की सबसे बड़ी तिरपाल मंडी मौजूद है ऐसी अनेक विशेषताओं के चलते सुजानगढ़ रेल्वे स्टेशन से प्रतिदिन भरपूर यात्रीभार रहता है । साथ ही ज्ञापन में बताया कि रतनगढ़ से सुजानगढ़, डीडवाना, डेगाना रूट ट्रेनों की भारी कमी है जबकि यहां से रेल्वे को पर्याप्त यात्री भार भी मिलता है। जम्मूतवी बांद्रा 19027 /19028 और हिसार बांद्रा 22915 / 22916 दोनों ट्रेनों को मर्ज करके नियमित रूप से प्रतिदिन एक जम्मूतवी बांद्रा ट्रेन चलाने, भगत की कोठी कामाख्या, भावनगर हरिद्वार और बाड़मेर हावड़ा ट्रेनों के फेरे बढ़ाने की मांग की गई । ट्रेन संख्या 04829/04830 जोधपुर गोरखपुर स्पेशल साप्ताहिक रेल जिसे लगातार अच्छा यात्रीभार मिल रहा है इस ट्रेन को जल्द नियमित करते हुए सप्ताह में दो दिन किये जाने, ट्रेन संख्या 22919/22920 चेन्नई अहमदाबाद का विस्तार डेगाना सुजानगढ़ के रास्ते हिसार तक किए जाने, गांधीधाम अमृतसर नई ट्रेन, बीकानेर – रतनगढ़ – सुजानगढ़ – डेगाना – फुलेरा – जयपुर नई ट्रेन, हनुमानगढ़ से हैदराबाद, हिसार से रामेश्वरम, हनुमानगढ़ से आबूरोड अहमदाबाद नई ट्रेन चलाई जाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर, नरेंद्र प्रजापत, पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता नागेश कुमार कौशिक साथ रहे ।

## इनरव्हील दिवास द्वारा नेत्रहीन विद्यालय में बच्चों को भोजन पैकेट वितरण किये



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** इनरव्हील क्लब ऑफ उदयपुर दिवास द्वारा प्रज्ञा चक्षु संस्थान में आयोजित एक अनोखे कार्यक्रम में, बच्चों को भोजन पैकेट वितरित किए गए।

क्लब प्रेसिडेंट नयना जैन ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों को भोजन पैकेट वितरित किए गए, जिसमें पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन शामिल था। बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखकर क्लब के सदस्यों को बहुत संतुष्टि मिली। उन्होंने बच्चों को उनकी प्रतिभा और संघर्ष की भावना के लिए प्रोत्साहित किया।

भोजन वितरण के बाद, बच्चों ने सुंदर भजन प्रस्तुत किए, जिसमें उनकी आवाज़ और सुर में मधुरता थी। क्लब के सदस्यों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य नेत्रहीन बच्चों को समर्थन और प्रोत्साहन देना था, ताकि वे अपने जीवन में आगे बढ़ सकें। दिवास के सदस्यों ने बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम के अंत में, क्लब की फाउंडर प्रेसिडेंट रेखा भाणावत ने बच्चों को आश्वस्त किया कि वे हमेशा उनके साथ हैं और उनकी मदद के लिए तैयार हैं।

इस कार्यक्रम से नेत्रहीन बच्चों को न केवल भोजन मिला, बल्कि उन्हें यह भी महसूस हुआ कि वे अकेले नहीं हैं। इस अवसर पर कांता जोधावत, आशा श्रीमाली, ललिता बापना, शशि मेहता आदि मौजूद रहीं।

## भूतपूर्व सैनिक कमेटी ने पौधारोपण किया



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स )।** कस्बे में भूतपूर्व सैनिक कमेटी के द्वारा पौधारोपण किया गया। कमेटी अध्यक्ष मनोज कुलहरी ने बताया कि टीम के द्वारा आसपास के क्षेत्र में करीब एक हजार पौधे लगाए जाएंगे। पूर्व में पौधारोपण अभियान की शुरुआत ग्राम पंचायत काचरोदा से की थी। अभियान के तहत सोमवार को 11 पौधे फुलेरा में लगाए गए। उन्होंने कहा कि जीवन में हर मनुष्य को एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। इस मौके पर भगवान सहाय,मूलचंद देवन्द,राजू भोला, फूलचंद कुमावत,राजू कुमावत,रमेश चंद सैनी,चेतन प्रकाश सैनी, राजकुमार चौधरी,बाबूलाल वर्मा,गौरीशंकर सैनी सहित कॉलोनी के आसपास के लोग मौजूद थे।

## माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में 68वीं जिला स्तरीय अंडर 17-19 तैराकी प्रतियोगिता का समापन

### शीघ्र ही आयोजित होगी तैराकी व वेटरन प्रतियोगिता




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर( दिनेश गोठवाल )।** माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल कलड़वास में शनिवार को 68वीं जिला स्तरीय अंडर 17-19 तैराकी प्रतियोगिता का समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ननिहाल सिंह,डीईओ एलीमेंट्री, उदयपुर स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह और समाजसेवी शक्तावत मौजूद थे। विद्यालय के निदेशक अरुण मांडोत ने समापन की घोषणा करते हुए सभी छात्रों को बधाई दी। माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल के छात्र नीरज भुज ने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रधानाचार्य जयसिंह ने सभी को धन्यवाद देते हुए बधाई संदेश दिया। इस अवसर पर अरूण माण्डोत ने घोषणा की कि आने वाले एक माह में सभी पूर्व तैराकी खिलाड़ी एवं वेटरन के लिये प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

## इनरव्हील क्लब उदयपुर ने आशा कुणावत के सहयोग से दो विद्यालयों में भेंट किए टीवी, विद्यार्थियों के खिले चेहरे

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर( दिनेश गोठवाल )।** इनरव्हील क्लब द्वारा प्रताप नगर स्थित संस्कृत विद्यालय और पहाड़ा स्थित सरकारी विद्यालय में विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए टेलीविजन भेंट किए गए।

इनरव्हील क्लब अध्यक्ष चंद्रकला कोठारी ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थीयों की प्रतिभा निखारने के लिए और सभी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए टेलीविजन भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है और इसी आवश्यकता को देखते हुए आशा कुणावत के माध्यम से टेलीविजन भेंट किए हैं।

क्लब सेक्रेटरी डॉ सीमा चंपावत ने कहा कि कि आज अगर बच्चे आगे चलकर अपना कैरियर बनाना चाहते हैं अपना सामान्य ज्ञान बड़ा करके विभिन्न तरह की प्रतियोगी परीक्षाएं देना चाहते हैं तो इसका बहुत सारा ज्ञान टेलीविजन के माध्यम से मिल जाता है इसमें हर तरह के ज्ञान समाचार से लेकर खेल सामान्य ज्ञान इत्यादि जानकारी मिल जाया करती है। वह अपने विद्यालय में बैठे हैं सारी दुनिया की जानकारी टेलीविजन के माध्यम से का सकता है।

सहयोगकर्ता पूर्व अध्यक्ष आशा कुणावत ने कहा कि टेलीविजन न सिर्फ बच्चों का सामान्य ज्ञान बढ़ाता है मनोरंजन देता है बल्कि स्मार्ट क्लास के रूप में अध्ययन के रूप में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। हमें बहुत खुशी है कि हम बच्चों के लिए यह महत्वपूर्ण उपकरण भेंट कर रहे हैं।

इस मौके पर स्कूल के विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हम हमारे घरों में टीवी की उपलब्धता न होने के कारण दुनिया से जुड़ नहीं पाते हैं लेकिन अब विद्यालय में टेलीविजन आ गया है तो हम बहुत सारी जानकारी दुनिया की पा सकेंगे। इस मौके पर इनरव्हील क्लब सदस्य माया कुंभट वंदना शर्मा आशा कुणावत चंद्रकला कोठारी इत्यादि उपस्थित रही। इस सेवा कार्य से 500 छात्र लाभान्वित हुए है।

## एसीबी ने किया थानाधिकारी और रीडर के खिलाफ पचास हजार रुपये की रिश्वत मांगने का मामला दर्ज

**जयपुर ( का.स. ) ।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने तुंगा थाने के तत्कालीन थानाधिकारी महेश कुमार और रीडर अशोक कुमार के खिलाफ पचास हजार रुपये की रिश्वत मांगने का मामला दर्ज किया है। पीड़ित ने एसीबी ने इसकी सूचना दी। एसीबी ने शिकायत का सत्यापन कराया और पुष्टि की गई। लेकिन किसी कारण से तत्कालीन थानाधिकारी महेश कुमार और रीडर अशोक कुमार को पीड़ित पर शक हो गया। इसके कारण ट्रैप नहीं हुआ। इस पर एसीबी ने थानाधिकारी और उसके रीडर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अनुसार परिवादी ने शिकायत दी कि उसका अपने भाइयों में जमीन को लेकर झगड़ा हो गया था। इसके चलते 15 मई 2024 को भाईयों ने जमीन विवाद, छेड़छाड़ और मारपीट की एफआईआर दर्ज कराई थी। इस एफआईआर की जांच थानाधिकारी तूंगा महेश कुमार के पास थी। कुछ दिनों में परिवार के बीच में सहमति हो गई। इसके बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे। राजीनामा लिखकर दे दिया। कुछ दिनों बाद थानाधिकारी महेश कुमार के रीडर अशोक कुमार ने पीड़ित को फोन कर कहा कि थानाधिकारी एफआर लगाने के पचास हजार रुपए मांग रहे हैं। इस पर पीड़ित ने कहा कि जब दोनों पक्ष राजी हैं तो पुलिस को पैसा किस बात का। उसके बाद भी रीडर निरंतर पैसों के लिए फोन कर धमकाता रहा।

PM SHRI

**पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कादेडा**

चाकसू, जिला- जयपुर ग्रामीण (राज.)

E-Mail : gssskadera1@gmail.com M.- 9983600689

क्रमांक : पीएम श्री /राउमावि/1982 दिनांक : 19.09.2024

**विज्ञप्ति: पीएम श्री योगा टीचर चयन 2024-25**

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के आदेश क्रमांक- रास्कूशिप /जय/AS & FE/PA SHRI Yoga-sports teacher दिशा निर्देश /2024-25/10044184 दिनांक 31/08/24 के निर्देशानुसार पीएम श्री राउमावि कादेडा में पीएम श्री योजनान्तर्गत अंशकालिक पूर्णत अस्थायी एक (1) योगा टीचर चयन किये जाने हेतु आवेदन पत्र 19/09/2024 से 25/09/2024 तक आमंत्रित किए जाते है।

**योगा टीचर के पद हेतु देव वेतन**

| प्रति माह देय राशि रुपयों में | वार्षिक (अधिकतम) |
|---|---|
| 10000/- | 100000/- |

**योग्यता:-**

-योगा टीचर हेतु मान्यता प्राप्त विश्वविध्यालय से डिग्री/डिप्लोमा।

- योगा ट्रेनर के रुप में 01 वर्ष का अनुभव ।

**आयु सीमा :- 21 वर्ष से 40 वर्ष तक**

**योगा टीचर चयन प्रक्रिया**

- एसडीएमसी राउमावि कादेडा, जयपुर के द्वारा प्रतिभागी / अभ्यर्थी का चयन किया जायेगा।
- स्थानीय प्रतिभागी / अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।
- अभ्यर्थी का चयन एक सत्र 2024-25 के लिए किया जाएगा।
- योगा टीचर की अंशकालिक सेवाएं एसडीएमसी के माध्यम से ली जाएगी।
- पीएम श्री योगा टीचर हेतु देय वेतन राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर द्वारा प्राप्त होने पर ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जायेगा।
- अंतिम दिनांक 25/09/2024 विद्यालय समय 1 पीएम तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। इसके बाद प्रस्तुत आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा
- प्रकिया की पूर्ण जानकारी के लिए स्थानीय विद्यालय के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से संपर्क करे।

**प्रधानाचार्य**
**पीएम श्री राउमावि, कादेडा**






बढ़ता राजस्थान

जयपुर। सिंगर रिनी चंद्रा और हनी टूपर ने मारूनी 2024 में रामाज ग्रुप्स के मोहित टेलर और निधि को सम्मानित किया। यह आयोजन बेहद विशेष था, जहां उन्होंने अपनी कला और योगदान के लिए इन दोनों को सराहा। रिनी और हनी की परफॉर्मेंस ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया। इस प्रकार के समारोह समाज में सकारात्मकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## किसान अब खुद कर सकेंगे गिरदावरी राज किसान गिरदावरी ऐप के माध्यम से होगा कार्य

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** मुख्यमंत्री के द्वारा की गई बजट घोषणा के अनुसार राज्य सरकार की ओर से किसानों को अब ऐप के माध्यम से स्वयं गिरदावरी करने की सुविधा प्रदान की गई है।

गिरदावरी के लिए सर्वप्रथम राज किसान गिरदावरी ऐप को प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपने जनाधार से ऐप को लॉगिन करना है।

आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा। जिसमें वेरिफाइड होने के बाद ऐप लॉगिन हो जाएगा। उसके बाद फसल विवरण जोड़ें पर क्लिक करना है, फिर ऊपर की साइड में जनाधार से जुड़े खसरे का ऑप्शन आएगा एवं दूसरी साइड में खसरा सर्च करने का ऑप्शन रहेगा। उसमें काश्तकार को अपना जिला, तहसील एवं गांव सिलेक्ट करते हुए आगे बढ़ना होगा। इसके पश्चात अपने खेत का खसरा अंकित करते हुए कैलीब्रेट करें पर क्लिक करना होगा। कैलिब्रेट करने के बाद गिरदावरी सीजन एवं फसल सिलेक्ट करते हुए खसरे का एरिया हेक्टेयर में अंकित करना होगा। उसके बाद फसल सिंचित है या असिंचित एवं सिंचाई का स्रोत तथा फलदार पेड़ है तो उनकी संख्या आदि अंकित करते हुए खेत खसरे में जो फसल बो रखी है उसकी साफ सुथरी फोटो अपलोड करनी होगी। उक्त प्रक्रिया के बाद प्रिंट प्रिव्यू का ऑप्शन दिखेगा, वहां क्लिक करने के बाद सबमिट का ऑप्शन रहेगा।

## सम्पादकीय

### खालिस्तानी पन्नू की हत्या की साजिश और भारत पर आरोप अमेरिकी अदालत के फरमान के बाद रिश्तों पर असर

खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के आरोप में एक अमेरिकी अदालत के भारत सरकार, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और रा प्रमुख के खिलाफ, जारी अदालती फरमान को लेकर स्वाभाविक ही चर्चा तेज हो गई है। यह चर्चा ऐसे समय में शुरू हो गई है, जब अगले हफ्ते प्रधानमंत्री क्वाड बैठक में हिस्सा लेने अमेरिका जाने वाले हैं। पन्नू की हत्या की साजिश का पर्दाफाश खुद अमेरिकी सुरक्षा एजंसी ने किया था। उसने एक भारतीय व्यवसायी को गिरफ्तार किया था, जिसने कबूल किया कि एक बड़े भारतीय अधिकारी के कहने पर उसने पन्नू की हत्या की साजिश रची थी। इसे लेकर वहां के अखबारों में भी खूब चर्चा रही। उसी आधार पर पन्नू ने अमेरिका की एक जिला अदालत में मुकदमा दायर किया, जिसके आधार पर यह अदालती फरमान जारी हुआ है। हालांकि भारत सरकार ने पन्नू के मुकदमे को निराधार बताया है। इससे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय खुफिया एजंसी का हाथ बताया था। उस संबंध में भारत सरकार लगातार कनाडा सरकार से सबूत मांगती रही, मगर वह दे पाने में अक्षम ही साबित हुई। कुछ लोगों का मानना है कि अमेरिकी अदालत के फरमान के बाद दोनों देशों के रिश्तों में कुछ खटास पैदा हो सकती है, मगर इसका कोई आधार नहीं है।

अदालतों की अपनी एक प्रक्रिया होती है और अमेरिकी जिला अदालत ने उसका पालन किया है। इससे अमेरिका और भारत के रिश्तों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला। छिपी बात नहीं है कि पन्नू को भारत सरकार ने आतंकवादी घोषित कर रखा है। वह प्रकट रूप से खालिस्तान समर्थकों को उकसाता और मदद मुहैया कराता रहता है। वह अमेरिका और कनाडा दोनों देशों का नागरिक है। भारत सरकार उसके खिलाफ शिकंजा कसने की मांग करती रही है, मगर कनाडा सरकार ने कभी उस पर गंभीरता नहीं दिखाई। जब एक संदिग्ध भारतीय नागरिक को अमेरिकी खुफिया एजंसी ने गिरफ्तार किया और उससे पता चला कि पन्नू की हत्या की साजिश रची गई है, तो पन्नू को खालिस्तान समर्थकों को भारत सरकार के खिलाफ भड़काने और उनकी सहानुभूति हासिल करने का मौका मिल गया। जाहिर है, इस बहाने वह अपने पक्ष में सहानुभूति लहर बनाने और यह साबित करने का प्रयास कर रहा है कि भारत सरकार खालिस्तान समर्थकों के विरुद्ध साजिशें रच रही है। कोई भी देश और वहां की अदालत किसी भी आतंकी गतिविधि में शामिल व्यक्ति के किसी दूसरी सरकार के विरुद्ध अनर्गल आरोप को प्रोत्साहित नहीं कर सकती। चूंकि अमेरिकी अदालत के सामने पन्नू के आरोपों के पीछे कुछ आधार हो सकते हैं, इसलिए अदालत ने यह फरमान जारी कर दिया। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं कि इससे पन्नू का पक्ष मजबूत हो गया। केवल किसी आरोपी के कबूलनामे के आधार पर कोई मामला सच साबित नहीं हो जाता। ऐसे मामलों में उच्चस्तरीय जांचें महत्त्वपूर्ण होती हैं। जब अमेरिकी खुफिया और सुरक्षा एजंसियां इस मामले में कोई कदम नहीं उठा रहीं, तो पन्नू के आरोप का बहुत कोई अर्थ नहीं रह जाता।

# तिरुपति में प्रसादम से खिलवाड़ आस्था पर आघात

**एक बड़ा सवाल यह है कि ये कौन लोग हैं, जिन्हें पवित्रता एवं जन-आस्था की परवाह नहीं है। मंदिर ट्रस्ट ने प्रसादम से खिलवाड़ और मिलावट की पुष्टि की है। देश के एक पवित्रम श्रद्धा केंद्र तिरुपति मंदिर का प्रबंधन करने वाली संस्था तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने कहा है कि घी के आपूर्तिकर्ताओं ने मंदिर में गुणवत्ता जांच की सुविधा न होने का फायदा उठाया है। अब सवाल उठता है कि मंदिर प्रबंधन की सफाई या स्वीकारोक्ति को कितनी गंभीरता से लिया जाए? क्या मंदिर प्रबंधन को अपराध की गंभीरता का अंदाजा है? क्या मंदिर प्रबंधन को मंदिर की पवित्रता का अनुमान है?**

ललित गर्ग



लाखों-करोड़ों हिन्दू श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र तिरुमाला भगवान वेंकटेश्वरस्वामी मंदिर में मिलने वाले लड्डू वाले प्रसाद में घी की जगह जानवरों की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल की शर्मनाक एवं लज्जाजनक घटना ने न केवल चौंकाया है बल्कि मन्दिर व्यवस्था पर सवाल खड़े किये हैं। यह मामला जितना सनसनीखेज है, उतना ही आस्था पर आघात करने वाला भी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने पहले यह कहा कि तिरुपति मंदिर में मिलने वाले लड्डुओं को बनाने में ऐसी सामग्री का इस्तेमाल किया जाता था, जिसमें पशुओं की चर्बी मिली रहती थी, फिर उन्होंने गुजरात की एक सरकारी प्रयोगशाला से मिली रपट के आधार यह कहा कि लड्डुओं को बनाने में जिस घी का उपयोग होता था, उसमें सचमुच पशुओं की चर्बी, मछली के तेल आदि का प्रयोग होता था। यह घटना हिन्दू आस्था, पवित्रता एवं मन्दिर संस्कृति को धुंधलाने की कुचेष्ठा एवं एक विडम्बनापूर्ण त्रासदी है। अगर प्रसाद के मिलावटी एवं अपवित्र होने की बात सही है तो इससे अधिक आघातकारी, अनैतिक एवं अधार्मिक और कुछ हो ही नहीं सकता। चौंकाने वाली बात यह है कि प्रसाद के तौर इन लड्डुओं का वितरण न केवल श्रद्धालुओं के बीच किया गया, बल्कि भगवान को भी भोग के तौर पर यही लड्डू चढ़ाया जाता था। अब इस मामले में केंद्र सरकार एवं प्रांत सरकार के दखल देने मात्र से संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता क्योंकि हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ करने वाला यह प्रकरण अक्षम्य अपराध है, जिसकी गहन जांच होनी ही चाहिए, ताकि ऐसे जघन्य कृत्य अन्य मन्दिरों की अस्मिता के धुंधलाने के कारण न बने। प्रथम दृष्टया मंदिर प्रबंधन प्रसादम से खिलवाड़ का दोषी है। जो मंदिर प्रतिदिन तीन लाख लड्डू बेचकर सालाना 500 करोड़ रुपये तक लाभ कमाता है, वह क्या इतना सक्षम नहीं कि गुणवत्ता जांच के लिए एक किफायत्ती प्रयोगशाला ही बना ले? मंदिर प्रबंधन के पास न तो अपनी जांच सुविधाएं हैं और न वह जांच कराने का इच्छुक था? देश के संपन्नतम मंदिरों में शुमार यह तीर्थ अगर गुणवत्ता, आस्था एवं पवित्रता से समझौता कर रहा है, तो देश के बाकी मंदिरों में क्या हो रहा होगा, सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। मन्दिरों एवं आस्थास्थलों पर दिनोंदिन बढ़ रही श्रद्धालुओं की आस्था एवं भीड़ से आर्थिक लाभ कमाने की मानसिकता न केवल घिनौनी है बल्कि शर्मनाक भी है। मंदिर तो भगवान भरोसे चल रहे हैं, पर मन्दिर-प्रबंधन स्वयं को अर्थपति बनाने में जुटा है, यही कारण है कि मन्दिर को धंधा बना दिया गया है, ऐसे मन्दिर प्रबंधकों, पूजारियों एवं पदाधिकारियों की श्रद्धा न तो भगवान के प्रति है और न भक्तों के प्रति। वे तमाम मंदिर, जो अपने यहां से प्रसाद वितरित करते हैं या बेचते हैं, उन सभी को गुणवत्ता, शुद्धता एवं पवित्रता जांच की व्यवस्था जरूर करनी चाहिए। देश एवं दुनिया के सबसे चर्चित आस्थास्थल से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। यह अफसोस की बात है कि मंदिरों में बाहर से चढ़ने वाला प्रसाद तो पहले से ही संदेह के दायरे में रहता है, पर अगर मंदिर की अपनी रसोई में तैयार होने वाले प्रसाद की भी विश्वसनीयता आहत हुई है, तो यकीन मानिए, इंसान फिर किन पर भरोसा करेगा? क्योंकि व्यापार में मिलावट तो चल ही रही है, अब मन्दिरों में यानी भगवान के दरबार में मिलावट से मनुष्यता गहरे रसातल में चली गयी है। मूल्यहीनता एवं अनैतिकता की यह चरम पराकाष्ठा है। गुणवत्ता एवं पवित्रता सुनिश्चित करने वाले अधिकारियों के लिए यह एक गंभीर चुनौती है और इस चुनौती को स्वीकार करते हुए युद्ध स्तर पर काम करने की आवश्यकता है। इस खुलासे के बाद लोग अपना गुस्सा एवं आक्रोश भी जाहिर कर रहे हैं। कुछ ऐसा ही 1984 में भी हुआ था जब डालडा में चर्बी मिले होने का मामला सामने आया था, लेकिन वह व्यापार का मामला था, लेकिन तिरुपति प्रसादम में मिलावट का मामला आस्था का है। भूल, अपराध एवं लापरवाही की नब्ज को ठीक-ठीक समझना जरूरी है। भूल सही जा सकती है, लेकिन लापरवाही एवं आपराधिक सोच को सहन नहीं किया जा सकता। दरवाजे पर बैठा पहरेदार भीतर-बाहर आने-जाने वाले लोगों को पहचानने में भूल कर सकता है मगर सपने नहीं देख सकता। लापरवाही एवं अपराधिक मानसिकता विश्वसनीयता एवं पवित्रता को तार-तार कर देती है। बुराइयां जब भी मन पर हावी होती हैं, गलत रास्ते खुलते चले जाते हैं। मन्दिरों पर बुराइयां हावी होना चिन्ताजनक ही नहीं, गंभीर खतरों के संकेत हैं। मन्दिर प्रबंधन को अधिक चुस्त-दुरस्त, पारदर्शी एवं नैतिक बनाने की भी जरूरत है। प्रश्न है कि हिन्दू मन्दिरों में ही ऐसे मामले क्यों सामने आते हैं, क्या मन्दिर प्रबंधन अन्य समुदायों के मन्दिरों या धार्मिक-स्थलों की तरह पवित्र, गुणवत्ता पूर्ण, उच्च चारित्रिक एवं नैतिक देखभाल नहीं कर सकते? यह मंदिर भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है, जिसे तिरुपति बालाजी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। मान्यता है कि भगवान वेंकटेश्वर ने लोगों को कलियुग के कष्टों और परेशानियों से बचाने के लिए अवतार लिया था। यहां बालों का दान किया जाता है। मान्यता है कि जो व्यक्ति अपने मन से सभी पाप और बुराइयों को यहां छोड़ जाता है, उसके सभी दु:ख देवी लक्ष्मी खत्म कर देती हैं। लेकिन मन्दिर प्रबंधकों एवं प्रसाद निर्माताओं के पापों का क्या हो? बहरहाल, तिरुपति में लड्डुओं का वितरण तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। अशुद्ध मिलावटी आपूर्ति के लिए जिम्मेदार ठेकेदार को काली सूची में डालना और उस पर जुर्माना लगाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उसे कठोर दण्ड दिया जाना चाहिए। मिलावट विरोधी कानूनों के सबसे कड़े प्रावधान उस पर लागू होने चाहिए और सजा ऐसी मिलनी चाहिए कि मिसाल बन जाए। यह कार्य स्वयं मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को सुनिश्चित करना चाहिए। ऐसे संवेदनशील मामलों में राजनीति तो कत्तई नहीं होनी चाहिए, आरोप-प्रत्यारोप से भी बचा जाना चाहिए। भावनाओं से खेलने के बजाय शासकों को शासन-प्रशासन के जरिये सुनिश्चित करना होगा कि शुद्धता-गुणवत्ता केवल मंदिरों में नहीं, बल्कि तमाम जगहों और उत्पादों में बहाल रहे। दिव्य मंदिर तिरुमाला की पवित्रता और करोड़ों हिंदुओं की आस्था को नुकसान पहुंचाकर बहुत बड़ा पाप किया गया है। मन्दिर-व्यवस्थाएं मूल्यहीन और दिशाहीन हो रही है, उनकी सोच जड़ हो रही है। मिलावट, अनैतिकता, अपवित्रता और अविश्वास के चक्रव्यूह में मन्दिर मानो कैद हो गये है। यह तो दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है कि प्रसादम के साथ भी खिलवाड़ हो रहा है, सामान्य जन-जीवन में दूध, घी, मसाले, अनाज, दवाइयां तथा अन्य रोजमर्रा के उपयोग एवं जीवन निर्वाह की शुद्ध वस्तुएं किसी भाग्यशाली को ही मिलती होंगी। भारत के लोगों को न शुद्ध हवा मिल रही है और न शुद्ध पानी और न ही शुद्ध खाने का निवाला, कैसी अराजक शासन व्यवस्था है? इस भ्रष्ट एवं अनैतिकता की आंधी मन्दिरों तक पहुंच गयी है, हमें सोचना चाहिए कि शुद्ध प्रसादम हासिल करना श्रद्धालुओं का मौलिक हक है और यह मन्दिर प्रबंधन के साथ सरकार का फर्ज है कि वह इसे उपलब्ध कराने में बरती जा रही कोताही को सख्ती से ले।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
संभव हो तो वाद-विवाद से दूर रहें। परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद होने की संभावना है। स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। विशेषकर आंखों का ध्यान रखें। दुर्घटना की भी आशंका है। कोर्ट-कचहरी के काम में सावधानी बरतें।

**वृष**
अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। रमणीय स्थल पर प्रवास की भी संभावना है। आज का दिन शुभफल देने वाला है। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होगी। अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन**
बौद्धिक काम और व्यावसायिक क्षेत्र में आप नए विचारों से प्रभावित होंगे। आप अपनी सृजनशक्ति का भी परिचय देंगे। इसके बावजूद मानसिक रूप से आपका स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहेगा। संतान से संबंधित मामलों से दु:ख हो सकता है।

**कर्क**
आपका आज का दिन आनंदप्रद रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में भी कुछ काम कर सकेंगे। आज आपके संपर्क में वृद्धि होगी। आपके क्षेत्र के बाहर के लोगों के साथ भी संचार अधिक रहेगा। बौद्धिक कामों के प्रति रुचि बढ़ेगी। आज यात्रा टालें।

**सिंह**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज आप ज्यादा इमोशनल ना हों और ना ही कोई नया रिश्ता बनाने की ओर अग्रसर हों। किसी बीमारी के कारण मन में चिंता रहेगी। ज्यादा सोचने के कारण मानसिक थकान का अनुभव हो सकता है।

**कन्या**
विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। संबंधों में भावनाओं की प्रधानता रहने से संबंध सुखदायी रहेंगे। विभिन्न योजनाओं से संबंधित विचारों की अधिकता से आप दुविधा में रहेंगे। हालांकि, परिजनों के साथ से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी। अनावश्यक खर्च हो सकता है।

**तुला**
आज सेवा कार्य के लिए भी शुभ दिन है। शारीरिक स्वस्थता और मानसिक खुशी बनी रहेगी। आज आपको वाद-विवाद में सफलता मिलेगी। नए संबंध बनेंगे, जो आगे आपके काम आएंगे। विद्यार्थियों की पढ़ने-लिखने में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक**
पिता और बड़ों से लाभ होने की संभावना है। व्यावसायिक कामों को लेकर कहीं जाना पड़ सकता है। कार्यभार में वृद्धि होगी। हालांकि, आर्थिक योजनाएं बेहतर तरीके से पूरी कर सकेंगे। आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायी है।

**धनु**
आज का दिन बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। प्रवास भी आनंदप्रद रहेगा। परिजनों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। भाग्य का साथ मिलेगा।

**मकर**
दूर स्थित व्यक्ति या संस्था के साथ संबंधों में दृढ़ता आएगी, जो आगे चलकर लाभदायी रहेगी। अधिक खर्च से बचने की जरूरत है। निर्धारित काम में अपेक्षाकृत कम सफलता प्राप्त होगी। आज का दिन मध्यम रहेगा।

**कुंभ**
आध्यात्मिकता और ईश्वरभक्ति से मानसिक शांति मिलेगी। आज का दिन आपके लिए लाभकारी और शुभफलदायी है। सांसारिक सुख प्राप्त होगा। विवाहोत्सुकों के लिए विवाह के योग हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में भी विशेष लाभ होगा। भाग्य का साथ मिलेगा।

**मीन**
परिजनों के साथ धन संबंधी कोई विवाद हो सकता है। आज भाइयों से लाभ होगा। दोस्तों से मुलाकात और स्वजनों से खुशी मिलेगी। किसी सुंदर स्थल पर प्रवास की संभावना है। आज आपको हर काम में सफलता प्राप्त होगी। अधिक खर्च से बचने की जरूरत है।

## शख्सियत

**'कुछ कर गुजरने की तमन्ना तो है ही कुछ कर दिखाने का जज्बा भी है, हम युवा हैं हम हवाओं के रूख को भी मोड़ देने का मादा रखते हैं'**

नमस्कार दोस्तो हमारी आज की शख्शियत कॉलम के स्टार है भाजपा ओबीसी मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट मुकेश जायसवाल। एक ऐसे युवा जो मेवात के पिछडे गांव पिंनगवा वर्तमान में नूह जिला में पडता है। सन 1986 जनवरी 3 को जन्मे एक किसान परिवार में पिता गोपाल दास जो लालदास बाबा के मंदिर बांदोली पिछले 45 वर्ष से हर साल मेले में दो दिन तक प्याऊ लगाते है और 25 वर्ष की उम्र से ही इनके पिता लगातार पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित होते रहे। चूंकि मुकेश जायसवाल की पारिवारिक पृष्ठभूमि खेती बाड़ी से रही ओर गांव की राजनीति में परिवार का दखल रहा तो इनको भी राजनीति का शौक रहा। स्नातक की पढ़ाई गुड़गांव कालेज से पूरी करने के बाद एम.ए के लिए कुरुक्षेत्र यनिवर्सिटी चले गए 2008 में पत्रकारिता एवं जनसंचार की डिग्री ले अलवर से 2012 में वकालत की पढ़ाई पूरी कर ली ।अब प्रेक्टिस शुरू करने का मन किया तो मकसद पैसा कमाना नही रहा। अलवर में रणजीत नगर में निवास होने के बाद लोगो को नि:शुल्क कानूनी सलाह देना उनके लिए उनको हक दिलाने के लिए शाशन प्रशासन के दरवाजे पर पहुंच सभी जायज समस्याओ का निराकरण करवाने के कार्य मे अपनी खुशी ढूढ़ते रहते।

जीविका चलाने के लिए कंस्ट्रक्शन के कार्य से जुड़ गए । 2016 में अपनी निजी मार्किट दाऊदपुर फाटक पर जायसवाल मार्केट में इन्होंने अलवर में पहली बार नवाचार करते हुए एक कपड़ा बैंक आरम्भ की जिसमे पूरे शहर में से खुद के रिक्शा चलवा घर घर से कपड़े एकत्रित करवा कर जरूरत मन्दों को वितरित करते जहां हजारों लोगों को तन ढकने का पुनित कार्य किया । पूर्व विधायक बनवारी लाल के पहले चुनाव से ही भाजपा के कार्यकता के रूप में कार्यरत रहे हालांकि एक वर्ष के लिए कुछ पार्टीबाजी के शिकार हो उन्होंने कांग्रेस का दामन थाम लिया था जंहा ये जिला महासचिव युवा कांग्रेस में रहे लेकिन इनके अनुसार हिंदुत्व की भावना से ज्यादा ही सरोकार होने के कारण वापिस भाजपा में आ गए और पार्टी की सेवा करते रहे । और भाजपा का ओ बी सी मोर्चा सम्भालने लगे । पार्टी ने इनको ओ बी सी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष, एवं सयोंजक प्रचार प्रसार विभाग की जिम्मेदारी दे रखी है ।। जिसको बड़ी ही शानदार तरीके से निभा रहे है । ओ बी सी समाज से



एडवोकेट मुकेश जायसवाल
(युवा नेता)

जुड़े होने के कारण मुकेश जायसवाल एडवोकेट ओबीसी समाज के लिए ही बहुत कुछ करने का जनून मन मे रखे हुए है। खुद को आखरी सांस तक भाजपा से ही जुड़े रखने के लिए वचनबद्ध है। अलग सी ऊर्जा को मन में संजाए हुए हसमुँख चहरे को लेकर समाज के युवाओं के लिए सच में एक आर्दश के रूप में मुकेश भाई को देखा जाता है। मैं व्यक्तिगत रूप से इनसे मिला तो मुझे खुद लगा कि इस युवक में कुछ कर गुजरने की क्षमता व शक्ति है। आर्दशवादिता और संकट के समय अपनों का साथ ना छोडना इनकी परवरिश को बयां कर रहा है। दैनिक बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

जय हिन्द
रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### 22 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ


- अमेरिकी कांग्रेस ने 1789 में पोस्टमास्टर जनरल के कार्यालय को अधिकृत किया।
- फ्रांस गणराज्य की स्थापना की घोषणा 1792 में हुई।
- अमेरिकी नागरिक इटालो मार्चिओनी को 1903 में आइसक्रीम कोन के लिए एक पेटेंट दिया गया।
- मद्रास बंदरगाह पर जर्मन युद्धपोत इम्देन ने 1914 में बमबारी की।
- फिलिस्तीन के जनादेश को 1922 में राष्ट्रसंघ परिषद द्वारा मंजूरी दे दी गई।
- सोवियत संघ ने 1949 में पहला परमाणु बम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
- ब्रिटेन में 1955 को टेलीविजन का व्यावसायीकरण शुरू हुआ। इसमें प्रत्येक घंटे सिर्फ छह मिनट ही विज्ञापन के प्रसारण की अनुमति दी गयी और रविवार सुबह में इसे चलाने की इजाजत नहीं थी।
- अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने 1961 में शांति कोर की स्थापना के लिये कांग्रेस के अधिनियम पर हस्ताक्षर किए।
- भारत पाकिस्तान के बीच की लड़ाई में 1965 को आज ही के दिन संयुक्त राष्ट्र की पहल पर युद्ध विराम हुआ।
- अमेरिकी यान 1966 में 'सर्वेयर 2' चंद्रमा की सतह से टकराया।
- अमेरिकी फुटबॉल टीम पेले के नेतृत्व में दो प्रदर्शनी मैच खेलने 1977 में कलकत्ता (अब कोलकाता) पहुंची।
- ईरान और इराक के बीच जारी सीमा संघर्ष युद्ध के रूप में 1980 को परिवर्तित हुआ।
- कनाडा की सरकार ने 1988 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान और कनाडा के नागरिकों की नजरबंदी के लिए माफी मांगी और मुआवजा देने का भी वादा किया।
- नेशनल ज्योग्राफिक मैगजीन का प्रकाशन आज ही के दिन वर्ष 1988 में शुरू हुआ।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बोस्निया और हर्जेगोविना के बीच युद्ध में भूमिका के लिए यूगोस्लाविया को 1992 में निष्कासित किया।
- फ्रांस ने 2002 को आइवरी कोस्ट में अपनी सेना भेजी।
- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के कंस्ट्रक्शन मिशन पर गये अटलांटिस स्पेश क्राफ्ट सकुशल 2006 में अमेरिका के केनेडी स्पेस सेंटर पर उतरा। नेशनल कैडिट कोर का 10 सदस्यीय दल मॉस्को के लिए रवाना।

विशेष आलेख

# राष्ट्र चिंतन : धर्मनिरपेक्षता लोकतंत्र का सशक्त, महत्वपूर्ण, संवेदनशील एवं शाश्वत सिद्धांत

संजीव ठाकुर

धर्मनिरपेक्षता लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण संवेदनशील एवं शाश्वत सिद्धांत है। धर्मनिरपेक्षता भारतीय राजनीति का मूल आधार तत्व है। जिसमें राजनीतिक दलों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका अंतर्निहित हैद्य धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव है। इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव नहीं होता है, बल्कि सभी धर्मों का समान आदर किया जाता है। इस आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत में प्रस्तुत सर्वाधिक जटिल शब्दों में एक है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग है। भारतीय धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना हैद्य पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है। यद्यपि भारतीय धर्मनिरपेक्षता मैं पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ-साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैंद्य धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति समाज या राष्ट्र अभाव होता है, जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मों की तुलना में पक्षपात नहीं करता है। भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता हैद्य प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से अलग तथा पृथक रखने की हमेशा कोशिश की गई हैद्य भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान हैद्य भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्जा प्रदान किया गया है। सभी धर्मों के नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों के नागरिकों को समान आदर व इज्जत से व्यवहार करेंद्य भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य के सभी धर्मों को विकास का समान अवसर देती है, इस प्रकार यह माना जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षता सर्वधर्म समभाव पर विशेष महत्व देकर उस पर केंद्रित करती हैद्य धर्मनिरपेक्षता के अंतर्गत तर्क और विवेक की प्रधानता होती है, सभी व्यक्ति को सब कुछ कहने और विचार करने की स्वतंत्रता होने के साथ-साथ वैज्ञानिक आविष्कारों को भी पूर्ण अधिकार के साथ प्रोत्साहित भी किया जाता हैद्य भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता से विविधता में एकता को बल मिलता हैद्य हालांकि कुछ राजनीतिक दलों ने समय-समय पर भारतीय धर्मनिरपेक्षता को सत्ता प्राप्त करने हेतु कमजोर करने की कोशिश की है, यह हमारी जिम्मेदारी तो है ही साथ ही आम जनता, राजनीतिक दलों,मीडिया एवं सभी प्रमुख राजनीतिक दलों की महती जिम्मेदारी है कि भारतीय संविधान के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता का राजनीतिक, सामाजिक जीवन में पालन करें,



जिससे हमारे देश का लोकतंत्र और अधिक सुदृढ़ होकर विश्व के लिए एक आदर्श प्रतिमान प्रस्तुत करेंद्य आजादी के पूर्व तथा आजादी के पश्चात महात्मा गांधी, मौलाना अबुल कलाम आजाद, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाल बहादुर शास्त्री आदि नेताओं का धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के प्रति अटूट श्रद्धा एवं विश्वास थाद्य स्वतंत्रता के पूर्व राष्ट्रीय आंदोलन से पहले ही सामाजिक धार्मिक सुधार आंदोलन ने धर्मनिरपेक्षता का मार्ग प्रशस्त कर दिया था,और स्वतंत्रता के बाद भारत में धर्मनिरपेक्षता की लोकतांत्रिक शासन प्रणाली अपनाई गई है, जिसके अंतर्गत व्यक्ति को समानता स्वतंत्रता व न्याय जैसे मानव अधिकार प्राप्त हैंद्य और इन अधिकारों में सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता को माना गया है, इसके अभाव में राज्य में समानता व धर्म निरपेक्षता की स्थापना नहीं की जा सकती हैद्य भारत की सबसे बड़ी विशेषता विविधता में एकता ही रही है, विविधता में एकता का मूल मंत्र ही धर्मनिरपेक्षता का हैद्य भारत में अल्पसंख्यक भी इसी देश के निवासी हैं और इनको विश्वास दिलाने तथा इनकी रक्षा करने का मार्ग प्रशस्त धर्मनिरपेक्षता के अस्त्र के रूप में किया गया हैद्य भारत देश निरंतर विकास के सोपान की तरफ अग्रसर है और एक वैश्विक महाशक्ति बनने की दिशा में प्रशस्त भी है इन परिस्थितियों में विश्व के समक्ष धर्मनिरपेक्ष था की एकता का आदर्श स्थापित करने की परम आवश्यकता हैद्य भारतीय संविधान की प्रस्तावना के 42 वें संशोधन 1976 के अंतर्गत पंथनिरपेक्ष शब्द जोड़ा गया है, जिसका मतलब राज्य सभी मतों को समान रूप से रक्षा करेगा एवं स्वयं भी किसी मत को राज्य के धर्म के रूप में नहीं अपनाएगाद्य भारत का संविधान हमें विश्वास दिलाता है कि उसके साथ धर्म के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा। भारत का संविधान पूर्ण रूप से भारतीय जनमानस की व्यक्तिगत, जातिगत स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए ही निर्मित किया गया हैद्य न्यायपालिका तथा कार्यपालिका इस हेतु संपूर्ण रुप से प्रतिबद्ध भी हैंद्य किंतु भारतीय संदर्भ में सबसे बड़ी विडंबना यह है कि राजनीतिक दलों पर लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करने की जिम्मेदारी है, वही लोग अपने स्वार्थ पर राजनीति के लिए मुद्दों को चुनावी हथियार बनाते हैं जिसका शिकार आम जनता को होना पड़ता है । इसके कारण समाज का माहौल बिगड़ जाता हैद्य यह संपूर्ण रूप से एक चिंता का विषय है ।भारत में स्वतंत्रता के बाद से लोकतंत्र तथा धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत बड़े ही मजबूत रहे हैं और इसकी स्वस्थ परंपरा भी भारत देश में रही है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## अभिनव ने बढ़ाया मालपुरा का मान



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा के सदरपुरा रोड स्थित स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल के छात्र अभिनव विजयवर्गीय ने प्रदेश स्तरीय टीसीएस-आईटी प्रतियोगिता में भाग लेकर तृतीय स्थान प्राप्त कर मालपुरा का गौरव व मान बढ़ाया है। स्कूल शिक्षक अरविन्द त्रिपाठी ने बताया कि छात्र अभिनव विजयवर्गीय जयपुर के महाराणा प्रताप आडिटोरियम में आयोजित टीसीएस - आईटी प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश से 400 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

जिसमें मालपुरा के छात्र अभिनव विजयवर्गीय ने अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर मालपुरा स्कूल, मालपुरा क्षेत्र सहित अपने अभिभावको व शिक्षको का मान व गौरव बढ़ाया है। शनिवार को स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल में प्रार्थना सभा के दौरान प्रधानाचार्य हंसराज जाट ने छात्र अभिनव व संयोजक शिक्षिका अलका शुक्ला को सम्मानित कर अन्य विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठतम तरीके से प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## हिंदी विषय पर आयोजित चर्चा तर्क में सरोज मीणा व वितर्क में मनीषा शर्मा रही प्रथम



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** हिंदी पखवाडे के तहत रानी लक्ष्मी बाई कन्या स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विषय की महत्ता पर सामूहिक चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे निर्णायक अतिथि के रूप मे सेवानिवृत प्रधानाचार्य महेन्द्रकुमार जैन, संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, सचिव बलरामकृष्ण शर्मा, वित्त प्रमुख दिनेश टोडवाल रहे। अतिथियों द्वारा हिंदी भाषा की बढती लोकप्रियता व उपयोगिता पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रेनू अग्रवाल ने बताया कि सामूहिक चर्चा तर्क में प्रथम स्थान पर बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सरोज मीणा व वितर्क में प्रथम स्थान पर बीए तृतीय वर्ष की छात्रा मनीषा शर्मा रही। विजेता छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम मे छात्राओं द्वारा स्वरचित कविता पाठ व लघु नाटिका का भी मंचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष प्रिया चौधरी ने किया। कार्यक्रम मे संस्था सदस्य बृजमोहन शर्मा, राजू खंडेलवाल, उपप्राचार्य दिपेन्द्र सिंह राजावत, सहायक प्राध्यापक रोहन पारीक, अनीस खान, गोविन्द गौत्तम, अब्दुल गनी, कोमल स्वामी, कविता कुमावत व अश्विनी लक्षकार सहित अन्य सहायक स्टाफ व छात्राएं उपस्थित रही।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव:एक टीचर पर लगाया हत्या का आरोप, परिजनों ने थाने में दी रिपोर्ट

बढ़ता राजस्थान

**टोंक( का.स. )।** झिराना थाना क्षेत्र में शनिवार को एक व्यक्ति का शव पेड़ पर अपनी पेंट व साफी से संदिग्ध अवस्था में लटका मिला। परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। इसकी रिपोर्ट मृतक के परिजनों ने थाने में दी है। परिजनों ने बताया कि बीजवाड़ निवासी श्योजी (35) पुत्र मोहन गुर्जर का शव शनिवार को झिराना मदारीपुरा सड़क के पास एक नीम के पेड़ पर लटका मिला। इसका पता आज सुबह करीब सात बजे राहगीरों को लगा। उन्होंने पुलिस और उसके परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव उसके परिजनों को सौंप दिया। मृतक के परिजनों ने ने थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि गांव का ही व्यक्ति हरलाल गुर्जर मृतक के भाई के घर पर आता रहता था। उसका बर्ताव सही नहीं था। इसको लेकर मृतक के परिवार में भी परिवारिक कलह रहता था। इसी बात को लेकर श्योजी का झगड़ा उसकी भाभी से शुक्रवार को शाम को हुआ था। उसके बाद यह घर से यह कहकर निकला था कि आज हरलाल गुर्जर को सबक सिखाकर आऊंगा। उसके बाद वह रात को नहीं लौटा। शनिवार को श्योजी का शव पेड़ से लटका मिला। ऐसे में परिवार को आशंका है कि श्योजी का मर्डर हुआ है। पीड़ित परिवार ने इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर सजा दिलवाने की मांग की है। मृतक अविवाहित था। मृतक पांच भाइयों में चौथे नंबर का था। श्योजी के परिवार में एक बहन है। मां की मौत हो चुकी है। पिता है। श्योजी खेती-बाड़ी करता था।

## क्षेत्र के विकास को लेकर विधायक रामसहाय वर्मा ने उप मुख्यमंत्री दीयाकुमारी से की मुलाकात



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** विधायक रामसहाय वर्मा ने उप मुख्यमंत्री राजकुमारी दीयाकुमारी से मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की। विधायक वर्मा ने निवाई से देवधाम जोधपुरिया की सडक़ को फोरलेन करने, अतिवृष्टि से टूटे पीपलू रपटे, नानेर जंवाली रपट, नानेर हनुतिया सडक़ दुरुस्तिकरण, निवाई से झिलाय, बहड़ सडक़ चौडाईकरण, हरभांवता आश्रम, बद्रीनाथ नटवाड़ा को धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने को लेकर तथा विधान सभा क्षेत्र की अन्य क्षतिग्रस्त सडक़ों के दुरुस्तीकरण करवाने की उप मुख्यमंत्री से मांग की।

जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार कृषि विभाग ने की कार्रवाई

# पोस मशीन में दर्ज डीएपी के पॉस में 800 बैग मौके पर मिले, दो उर्वरक निरीक्षको ने जिले में एक साथ की कार्रवाई

### जिला कलेक्टर के आदेश अनुसार 10 बैग यूरिया एवं डीएपी से अधिक वितरण कर अवहेलना करने वाले विक्रेताओं पर होगी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान





**टोंक (का.स.)।** जिला कलेक्टर डोक्टर सौम्या झा के निर्देशानुसार कृषि विभाग के उर्वरक निरीक्षकों द्वारा जिले में एक साथ कार्रवाई की गई जिसमें पॉस मशीन में दर्ज स्टॉक एवं मौके पर मौजूद भौतिक उर्वरक का सत्यापन कर गोदामो की गहनता से जांच की गई । कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि उर्वरक विक्रेताओं के गोदाम के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम सेवा सहकारी समिति बोरखण्डी खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण किया। सहायक निदेशक रामपाल शर्मा एवं कृषि अधिकारी डा. मुकेश कुमार जाट ने निरीक्षण के दौरान पाया कि पॉस मशीन में 40.25 मैटिक टन लगभग 800 बैग डीएपी दर्ज था जिसमें से मौके पर 2 बेग मिलने पर तत्काल कार्यवाही करते हुए लाइसेंस निलम्बन की कार्यवाही की जायेगी, इसके अलावा दिनांक 11 सितम्बर से जिला कलेक्टर के निदेशानुसार 10 बैग यूरिया एवं डीएपी से अधिक विक्रय पर रोक के बावजूद भी अवहेलना करने वाले उर्वरक विक्रेताओ के विरुद्ध भी उर्वरक नियन्त्रण आदेश 1985 के तहत कार्यवाही की जायेगी। संयुक्त निदेशक सोलंकी ने बताया कि कृषि विभाग की और से रबी फसलों में बुवाई पूर्व विशेष गुण नियन्त्रण अभियान के तहत रबी विशेष गुण नियन्त्रण अभियान के तहत खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि सभी दुकानदार अपने पास उपलब्ध स्टॉक को प्रदर्शित करने हेतु दर्शनिय स्थल पर मूल्य सूची लगाये एवं प्रतिदिन अपडेट करे, स्टॉक रजिस्टर व पॉश मशीन में दर्ज उर्वरक एवं गोदाम में भौतिक रूप से रखा उर्वरक समान रहना चाहिए, कृषि आदान विक्रेता अपने प्रतिष्ठान पर आने वाले कृषको को डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट के महत्व व उपयोगिता की जानकारी देने के निर्देश दिये। उपनिदेशक दिनेश कुमार बैरवा ने अंबा ट्रेडर्स दौलता मोड,महेश एग्रो सर्विस सेंटर, मित्तल खाद बीज भंडार देवली, सहायक निदेशक कौशल कुमार सोमाणी ने मित्तल एग्रिको, धर्मचंद सुनील कुमार, कांति ट्रेडर्स भारद्वाज फर्टिलाइजर, टाक एग्रो देवली,तनिष्क कृषि चिकित्सालय, सहायक निदेशक रामपाल शर्मा व सहायक निदेशक रिपुदमन सिंह राजावत ने टोंक में मंगल बीज भंडार, टिक्कीवाल,ट्रेडर्स किसान क्रय विक्रय सरकारी समिति, अग्रवाल खाद बीज भंडार, कृषि अधिकारी कजोड़ मल गुर्जर ने निवाई में कैलाश बीज भंडार श्री राम खाद बीज भंडार,शंकर खाद बीज भंडार, राकेश इंजीनियरिंग कंपनी, सहायक निदेशक डा. महेश कुमावत ने मालपुरा में लक्ष्मी बीज भंडार लावा शिवम खाद बीज भंडार, मालपुरा क्रय विक्रय सहकारी समिति,ग्राम सेवा सहकारी समिति सीतारामपुरा, चैनपुरा, धोली एवं कड़ीला, सहायक निदेशक दुर्गा शंकर कुम्हार ने पराना एवं बरौनी में खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण किया कृषि विभाग द्वारा कृषकों को उच्च गुणवता का खाद बीज उपलब्ध कराने हेतु खाद बीज के प्रतिष्ठानों से नमूने आहरित कर विश्लेष्ण हेतु प्रयोगशाला में भेजा जा रहा है, यदि नमूना अमानक पाया जाता है तो वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी ।

## शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए पालिकाध्यक्ष ने उठाए सख्त कदम

### शहर को तीन जोन में बांटकर जोन प्रभारी लगाकर दिए समुचित सफाई व्यवस्था के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** नगरपालिका मालपुरा अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाकर शहरवासियो को राहत प्रदान करने के उद्धेश्य से शहर को तीन जोन में बांटकर कर जोन प्रभारी लगा दिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

शनिवार को नगरपालिका अध्यक्ष सोनी ने सफाई की व्यवस्था में आमूल चूल परिवर्तन लाने व बिगड़ी सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए शहर को तीन जोन में बांटकर जोन प्रभारी लगाए। इस बाबत पालिकाध्यक्ष सोनी ने बताया कि पालिका क्षेत्र के वार्ड नं. 1 से 5 तथा 11 व 13 से लेकर 16 तक तथा वार्ड नं. 35 को मिलाकर जोन नम्बर 1 बनाया गया है। इस जोन के प्रभारी जमादार राजेश कुमार होगें। वहीं शहर के जोन नं. 2 में वार्ड नं. 6 से 10, 12, 21, 22 से 26 तक शामिल किया जाकर इस जोन के प्रभारी के रूप में उमेशचन्द्र गोयर सफाई कर्मचारी को बनाया गया है। वहीं शहर के जोन नं. 3 में वार्ड नं. 18 से 20, 27 से 34 तक शामिल किया जाकर इस जोन के प्रभारी के रूप में सफाई कर्मचारी दीनदयाल को बनाया गया है। पालिकाध्यक्ष सोनी ने शहरवासियो से अपील करते हुए कहा है कि सफाई से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बन्धित जोन प्रभारी से सम्पर्क कर समस्या का तुरन्त समाधान करवा सकते हैं। साथ ही



पालिकाध्यक्ष सोनी ने बताया कि मालपुरा शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए जहां एक ओर सम्पूर्ण पालिका प्रशासन अपनी ओर से पूरे प्रयास कर रहा है। साथ ही शहरवासी भी अपने मालपुरा शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाए रखने में अपनी ओर से पूरा सहयोग प्रदान करे। अपने घर का कचरा कचारा पात्र में एकत्रित कर कचरा वाहन में ही डालें। साथ ही नालियो में भी कचरा आदि न डाले जिससे नालिया अवरूद्ध न हो।

## 18 घंटे बाद बनास में मिला युवक का शव

### शुक्रवार को बहा था चूली के रपटे से, 11 किमी दूर मिली बॉडी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक( का.स. )।** टोडारायसिंह क्षेत्र के चूली रपटे से बनास नदी में बहे युवक का शव शनिवार को 18 घंटे बाद मिला। शव एसडीआरएफ की टीम को घटनास्थल से करीब 11 किमी दूर मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। यह युवक शुक्रवार को टोंक से उसके गांव गादोपत लौटते समय चूली रपट पर अनियंत्रित होकर बह गया था। इसका पता लगने पर कल से एसडीआरएफ टीम तलाश कर रही थी। एसडीआरएफ के राजेंद्र गुर्जर ने बताया कि तोड़ा रायसिंह तहसील क्षेत्र की इन्दोकिया ग्राम पंचायत के गादोपत निवासी बनवारी यादव (40) पुत्र रामेश्वर यादव शुक्रवार दोपहर को टोंक से गांव जा रहा था। रास्ते में बनास नदी है। उस पर बने रपटे को वह पार कर रह था। उस दौरान वह असंतुलित होकर बह गया। उसे बहता देख लोग दौड़े, लेकिन देखते ही देखते वह पानी में डूब गया। बाद में पुलिस और एसडीआरएफ को सूचना दी। फिर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की टीम ने काफी प्रयास किया, लेकिन कल उसका पता नहीं लगा। फिर शनिवार को एसडीआरएफ टीम ने तलाशी शुरू की। सुबह करीब 10 बजे घटना स्थल से करीब 11 बजे एसडीआरएफ टोंक की टीम को गहलोद घाट पर मिला। एसडीआरएफ की टीम के राजेंद्र गुर्जर, भरतलाल, रामलाल, गोविंद नारायण, रत्तिराम आदि जवानों ने शनिवार सुबह 7 बजे फिर से तलाशना शुरू किया। लगभग 3 घंटे पानी में तलाश करने के बाद टीम को शव मिला। टीम के राजेंद्र गुर्जर ने बताया कि टीम को डोडवाडी के पास तलाश करने के दौरान उन्हें शव मिला। इसको पुलिस को सुपुर्द किया गया। मेहंदवास थाना प्रभारी सुरेश कुमार, सरपंच अजंता यादव, रमाकांत यादव आदि ग्रामीण शव को टोंक सआदत अस्पताल लेकर आए। जहां पर डॉक्टरों की टीम से मृतक का पोस्टमार्टम करवाया।

## श्रीमद भागवत कथा को लेकर निकाली भव्य कलश यात्रा

### दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में हो रहा है कथा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** कृषि मंडी में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा ज्ञानयज्ञ का शुभारम्भ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा। संस्थान की जयपुर शाखा संयोजिका साध्वी लोकेशा भारती ने बताया कि यात्रा का शुभारम्भ झण्डा फहराकर हुआ। मंगल कलश यात्रा का मुख्य आकर्षण का केन्द्र भगवान् श्री कृष्ण की झांकी और शीश पर मंगल कलश को धारण किए 1 हजार 100 सौभाग्यवती महिलाएं रहीं। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा नगर पालिका कार्यालय से रवाना होते हुए शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए कथा स्थल



पहुंची। जहां विद्ववान पंडितों के सानिध्य में कलशों की स्थापना की गई। उन्होंने बताया कि 22 से 28 सितंबर तक शाम 4 से 8 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कथा व्यास साध्वी स्वाति भारती कथा वाचन करेंगी।

## उपमुख्यमंत्री से मिलकर विधायक ने रखा बद्रीनाथ मंदिर को धार्मिक पर्यटन केंद्र घोषित करवाने का प्रस्ताव



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा( नि.स. )।** निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा ने उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास कार्य एवं समस्याओं से भी अवगत करवाया। विधायक वर्मा ने धार्मिक, ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व के स्थल नटवाड़ा में स्थित भगवान श्री बद्रीनाथ मंदिर एवं हरभांवता आश्रम को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने कि मांग की। निवाई से देवधाम जोधपुरिया सड़कमार्ग को फोरलेन करने, अतिवृष्टि से टूटे पीपलू रपटे, नानेर-जंवाली रपट, नानेर-हनुतिया सड़क मरम्मत, निवाई से झिलाई वाया बहड़ सड़क चौड़ीकरण एवं अन्य क्षतिग्रस्त सड़को के दुरुस्तीकरण के लिए उपमुख्यमंत्री को अवगत करवायाद्य उन्होने लंबित योजनाओं को जल्द धरातल पर लाने की मांग की। पंचायत राज विभाग की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी व ग्रामोन्मुखी योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की। योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए विभिन्न तकनीकी व व्यावहारिक पहलुओं पर विचार विमर्श किया। गौरतलब है कि पूर्व में निवाई-पीपलू विधायक वर्मा ने विधानसभा में धार्मिक, ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व के स्थल नटवाड़ा में स्थित भगवान श्री बद्रीनाथ मंदिर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का मुद्दा उठाया था। इसके बाद विधायक वर्मा ने विधानसभा में राजस्थान सरकार के परिवर्तित पूर्ण बजट की चर्चा में बोलते हुए श्री बद्रीनाथ मंदिर के विकास कार्यों को बजट में जोड़कर पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की मांग की थी।

## निवाई पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध हथियारों के साथ 2 गिरफ्तार

### 2 पिस्टल मय मैग्जिन, 10 जिन्दा कारतूस, 2 खाली मैग्जिन, एक कार व एक बाईक जब्त

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देशों पर आर्म्स एक्ट के तहत अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्ञानप्रकाश नवल व डीवाईएसपी मत्युंजय मिश्रा के सुपरविजन में निवाई थाना पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों से 2 जनों को गिरफ्तार करते हुए 2 पिस्टल मय मैग्जिन, 10 जिन्दा कारतूस, 2 खाली मैग्जिन, एक कार व एक बाईक को जब्त किया है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि नला रोड की और एक व्यक्ति बाईक से अवैध हथियार बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना पर हैड कानि सत्यनारायण के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता रवाना किया। पुलिस ने नला रोड पर बाईक रूकवाकर आरोपी से पूछताछ की। आरोपी ने संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर पुलिस ने उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक पिस्टल मय



मैग्जिन, 6 जिन्दा कारतूस व एक खाली मैग्जिन बरामद करके आरोपी मनीष स्वामी 29 वर्ष पुत्र महावीर स्वामी निवासी खेडी मानपुर थाना बरोनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की बाईक भी जब्त कर ली है। थानाधिकारी वर्मा ने बताया कि इसी प्रकार खणदेवत रोड पर कन्या महाविद्यालय के समीप पुलिस गश्त के दौरान हैड कानि अजीतसिंह ने एक कार चालक से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर कार की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी से एक देशी पिस्टल मय मैग्जिन, 4 जिन्दा कारतूस व एक खाली मैग्जिन बरामद करके आरोपी नरेश 28 वर्ष पुत्र श्योजीलाल जाट निवासी रूस्तमगंज थाना सदर टोंक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की कार भी जब्त की है।

## शहर में लाल मुंह के बंदरों का बढ रहा है आतंक, 2 को किया घायल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** इन दिनों शहर में लाल मुंह के बंदरों का आतंक बढ गया है। शनिवार को बंदरों ने एक महिला व एक बुजुर्ग व्यक्ति को हमला करके घायल कर दिया। घटना में घायल सुगना पत्नी राजू बैरवा व हरिओम जांगिड़ पुत्र बाबूराम जांगिड़ को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। जानकारी के अनुसार सुगना छत पर अपने कपड़े सुखाने गई थी। इसी दौरान छत पर बैठे लाल मुंह के बंदरों ने महिला पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गई। इसी प्रकार हरिओम जांगिड़ अपने मकान के बाहर बैठा हुआ था। अचानक लाल मुख बंदरों के झुंड ने हमला करके घायल कर दिया।

# एक्शन में एडमिनिस्ट्रेशन : शहर को कचरा मुक्त करने के लिए सड़कों पर नजर आए अधिकारी

रूपक शर्मा

**अलवर (बढ़ता राजस्थान)।** अलवर शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए कृत संकल्पित अलवर की ऊर्जावान जिला कलेक्टर आर्तिका शुक्ला की कार्य योजना अब सफल होती हुई और क्रियान्वित होती हुई नजर आ रही ह। शहर के विभिन्न वार्डों में विभिन्न सफाई प्रभारी लगाकर सफाई व्यवस्था की स्वयं मॉनिटरिंग वाली अलवर की ऊर्जावान और तेजस्विनी जिला कलेक्टर आर्तिका शुक्ला की शानदार पहल अब आम जनता को भी नजर आने लगी है। शहर को कचरा मुक्त करने के लिए सुबह नगर विकास न्यास उपसचिव सोहन सिंह नरूका अपने-अपने वार्डों में निकले जहां एडमिनिस्ट्रेशन एक्शन में नजर आया ।

उन्होंने दुकानदार से खुद कचरा उठवाया और हिदायत दी कि वह कचरा ना फैलाएं और कचरे के लिए डस्टबिन रखें । वहीं अतिरिक्त जिला कलेक्टर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट द्वितीय योगेश डागुर भी अपने वार्डों में निकले जहां का उन्हें सफाई प्रभारी बना बनाया हुआ है, उन्होंने भी नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की मीटिंग ली और मौके पर कचरा पॉइंट का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह अपना कचरा ऑटो टिपर यानी कि कचरा गाड़ी में ही डालें।





## डीएम शुक्ला की शानदार पहल अब ला रही है रंग

जिला कलेक्टर आर्तिका शुक्ला की यह पहल सराहनीय बताई जा रही है लोगों का कहना है कि अब शहर साफ सुथरा नजर आने लगा है शहर में कलेक्टर के यह 7 दिन बहुत अच्छे निकल रहे हैं ऐसे में खुद जिला कलेक्टर कचरा पॉइंट का निरीक्षण कर नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित कर रही है। ऐसे में शहर में एक सप्ताह में ही फर्क नजर आने लगा है। जागरूक लोगों का कहना है कि डीएम शुक्ला की शानदार पहल अब रंग लाने लगी है।



## लोग कचरा पॉईंट पर कचरा ना ड़ालें और प्रशासन का सहयोग करें



वही रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष और माध्यम टीवी के डायरेक्टर नीरज जैन ने कहा कि अधिकारी चाहे तो 5 दिन में व्यवस्थाएं ठीक हो सकती है, बस शहर को अच्छा करने का जज्बा और लोगों का सकारात्मक साथ वह मीडिया का सहयोग अधिकारी को कार्य करने के प्रति ओर ऊर्जावान बनाता है। अलवर जिला कलेक्टर पूर्व में भी नगर विकास न्यास की सचिव रह चुकी हैं इससे पहले यह खैरथल कलेक्टर रही जहां खैरथल क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर लोगों के मन में एक जगह बनाई । ऐसे में अब अलवर की जनता को श्रीमती आर्तिका शुक्ला जिला कलेक्टर से काफी आशाएं हैं और अधिकारी इस समय बहुत बेहतरीन से शहर को स्वच्छ बनाने में मदद कर रहे हैं मीडिया के माध्यम से हम भी अपील करते हैं कि लोग ऑटो टिपर में ही अपना कचरा डालें ताकि शहर में ना कचरा पॉइंट रहेंगे ना शहर में गंदगी दिखेगी।

## मौसमी बीमारियों से बचना है तो कचरा एकत्र ना होनें दें



इधर ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन अलवर शाखा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी व सानिया हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर तैयब खान का कहना है कि शहर में यदि स्वच्छता बनी रहेगी तो बीमारियों का फैलाव भी कम से कम होगा हमारा शहर स्वच्छ रहे लोग बीमार ना हो इसके लिए हम समय-समय पर विभिन्न संस्थाओं और संगठनों के साथ मिलकर कैंपेन भी चलाते हैं। जिला कलेक्टर द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने का कदम सराहनीय है ऐसे में ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन जिला कलेक्टर के इस स्वच्छता अभियान का हार्दिक स्वागत करती है हम भी लोगों से निवेदन करते हैं कि शहर में कचरा ना फैलाएं ताकि इस समय मच्छर जनित बीमारियों से बचा जा सके।

## बहरोड़ में कार को ईंटों पर खड़ी कर पहिए चुराए, रिम सहित खोलकर ले गए पंचायत समिति के सामने हुई चोरी

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (नि.स.)।** बहरोड़ में बीती रात चोरों ने पंचायत समिति के सामने खड़ी एक कार के चारों टायर रिम सहित चोरी कर लिए। कार मालिक खुशीराम यादव ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पंचायत समिति के सामने रहने वाले खुशीराम यादव (40) ने बताया कि उसने रात करीब 11 बजे अपनी कार पंचायत समिति के सामने खड़ी की थी। जब सुबह उन्होंने देखा तो कार के चारों पहिये गायब थे। चोरों ने पूरी चालाकी से कार को ईंटों पर खड़ा किया और टायरों को रिम सहित खोलकर ले गए। चारों पहियों की कीमत करीब 1 लाख रुपए बताई जा रही है। करीब 3 महीने पहले ही खुशीराम गाड़ी खरीदकर लाया था। वो मार्केटिंग का काम करता है। खुशीराम यादव ने तुरंत बहरोड़ पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। फिलहाल चोरों की तलाश जारी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## बहरोड़ अनाज मंडी में बाजरा और कपास की आवक शुरू, बाजरा खरीदी के लिए 2150 से 2250 के भाव, कपास में 100 रुपए की तेजी

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (नि.स.)।** बहरोड़ की अनाज मंडी में इन दिनों नए बाजरा और कपास की आवक देखने को मिल रही है। व्यापारी खुली बोली लगाकर बाजरा 2150 से 2250 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर खरीद रहे हैं। वहीं कपास की कीमत 6300 से 6600 रुपए प्रति क्विंटल के बीच चल रही है। मंडी व्यापारी नरेश अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, रमेश सैनी, मनीष अग्रवाल और कुलदीप यादव ने बताया कि कपास में 100 रुपए की तेजी आई है। मंडी में इस समय शुरुआती दिनों में 50 से 60 क्विंटल जिंस की आवक हो रही है। व्यापारियों का मानना है कि आने वाले दिनों में आवक में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे बाजार में और अधिक सक्रियता देखने को मिलेगी। व्यापारी वीरेंद्र यादव, रामरहन अग्रवाल, विकास रस्तोगी ओर सुभाष यादव ने बताया कि सरसों के भाव में पिछले सप्ताह से 300 से 400 रुपए की तेजी आई है। ऐसे में सरसों क्वालिटी के अनुसार 6500 से लेकर 6900 रुपए प्रति क्विंटल के भाव खरीद की जा रही है। गेंहू 2500 से 2600 रुपए और ग्वार 4500 से 5000 रुपए के भाव खरीद किए जा रहे हैं।

## बिल्लूराम सैनी युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (नि.स.)।** राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष ताराचन्द गहलोत व प्रदेश संगठन मंत्री भवानी शंकर माली के निर्देशानुसार डॉ अशोक सैनी युवा प्रदेश अध्यक्ष ने समाज व संगठन के प्रति कर्तव्यनिष्ठा एवं लगनशीलता को देखते हुए निवासी वार्ड 6 ढाणी ज्यादावाली बिल्लूराम सैनी को राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के युवा जिला अध्यक्ष,कोटपूतली बहरोड पद पर मनोनित किया गया है। ताराचंद गहलोत ने नियुक्ति पत्र में लिखा है कि मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आपके मनोनयन से समाज एवं संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा समाज के उत्थान के लिए आप हमेशा तत्पर एवं प्रयत्नशील रहेंगे।बिल्लूराम सैनी को युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त करने पर सैनी समाज के युवाओं में खुशी की लहर है तथा राजनैतिक एवं गैर राजनीतिक संगठनों ने सैनी को बधाई दी है।

## ईश भारद्वाज भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोनीत

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता और उभरते हुए सितारे के रूप में नजर आ रहे ईश भारद्वाज को शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी ने प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोनीत किया है । भारद्वाज ने भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश कार्य समिति सदस्य बनाए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर और पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रघुवीर चौधरी का बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार प्रगट किया है। अलवर से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगढ़ (अलवर)विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के मजबूत दावेदार ईश भारद्वाज जी को भारतीय जनता पार्टी में प्रदेश कार्य समिति का सदस्य बनाये जाने पर युवा नेता इस भारद्वाज को लोगों ने बधाई प्रेषित की इधर इस भारद्वाज ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंप है उसे पूरी तरीके से निभाऊंगा।

## राजकीय महाविद्यालय गोविंदगढ़ परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान माय भारत वॉलिंटियर्स ने किया स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के माय भारत विभाग की ओर से राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोविंदगढ़ परिसर एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वॉलिंटियर्क्स ने सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्र कर निस्तारण किया। इस दौरान 50 किलो से अधिक प्लास्टिक वेस्ट इकट्ठा किया गया।

विभाग के ब्लॉक प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक माय भारत मेरा युवा भारत विभाग के बैनर तले जिले में स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा हैं। वॉलिंटियर्क्स ने सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्र कर निस्तारण किया। इसके तहत जिले में सार्वजनिक उपयोग की जगहों राजकीयएनिजी महाविद्यालय राजकीयएनिजी विद्यालयएबस स्टैंडएरेलवे स्टेशनएजल सरोवरोए खेल मैदानों में सफाई अभियान चलाया जाएगा। जिले भर में अभियान में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने वाले वॉलिंटियर्स को माय भारत विभाग की ओर से सम्मानित किया जाएगा। महाविद्यालय परिसर में आयोजित स्वच्छता अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी प्रदीप महोलिया, प्रो०मोनिका, अनिल कुमार, प्रेमपाल,सीमा गुर्जर,जीतू, संजय महाविद्याल के एनएसएस विद्यार्थी सहयोग रहा। रा०उ०प्रा० विद्यालय में एचएम दिनेश शर्मा,पीटीआई पवन कुमार,कुंदन लाल,विद्यालय के विद्यार्थीयों स्कूल स्टाफ ने बहुत सहयोग किया। पीटीआई पवन कुमार ने बताया कि हमें स्वभाव स्वच्छता,संस्कार स्वच्छता का सदैव पालन अपने जीवन में करना चाहिए।

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता कि थीम पर स्वच्छता की भागीदारी स्वच्छता लक्षित इकाई सफाई मित्र के तहत स्वच्छता कि गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।




## बाईक की आमने सामने भिडंत में एक की मौत दो घायल

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के नीमला सड़क मार्ग के मध्य स्थित मोतीवाडा ग्राम के माली बास में दो बाईको में आमने सामने भिडंत हो गयी। भिड़ंत में एक बाईक सवार की मृत्यु हो गयी व दम्पत्ति घायल हो गया। जिन्हें 108 एम्बुलेंस की सहायता से राजगढ सीएचसी पहुंचाया। सूचना पर राजगढ़ पुलिस चिकित्सालय पहुंची। एएसआई सूरजमल ने बताया कि घायल मालाखेडा थाना क्षेत्र के राजन्ती सैनी व लखपति सैनी को प्राथमिक उपचार के बाद रैफर कर दिया। वही मृतक दुर्गाप्रसाद पुत्र चिरंजीलाल गोस्वामी के शव को पोस्टमार्टम के लिए राजगढ़ सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया।

## नगर निगम ने कसी शहर को साफ रखने के लिए कमर



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत नगर निगम की ओर से चल रहे सफाई अभियान का निरीक्षण करने शनिवार को नगर निगम महापौर घनश्याम गुर्जर और नगर निगम आयुक्त युवराज युधिष्ठिर मीणा ने तांगा स्टैंड क्षेत्र का निरीक्षण किया और मुख्य सफाई निरीक्षक लक्ष्मण मीणा को सफाई संबंधित निर्देश दिए। इस दौरान श्री रामलीला समितिए तांगा स्टैंड के पदाधिकारियों ने महापौर को बताया कि आगामी 28 सितंबर से यहां रामलीला का मंचन प्रारंभ होने जा रहा है। इस पर निगम महापौर घनश्याम गुर्जर ने आयुक्त और मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रामलीला मंचन के पहले व रामलीला के दौरान यहां सफाई इंतजाम पूरे कर लिए जाए।

साथ ही सड़क की मरम्मत भी सुनिश्चित करें। नगर निगम महापौर घनश्याम गुर्जर ने बताया कि वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा के निर्देश पर सफाई कार्य की नियमित रुप से समीक्षा की जा रही है।

साथ ही प्रतिदिन अधिकारियों को निर्देश दिए जा रहे है। इसी कड़ी में शनिवार को भी निरीक्षण किया गया। महापौर ने कहा कि सफाई कार्य में सहयोग के लिए व्यापारियों से भी अपील की जा रही है। उन्होंने कहा कि दुकानदार अपना कचरा निर्धारित स्टैंड पर ही डालें।

## सातों की ऐश्वर्या का एनडीए में प्रथम प्रयास में हुआ सिलेक्शन गांव का नाम किया रोशन

बढ़ता राजस्थान



**नीमराना (नि.स.)।** उपखंड क्षेत्र के सातों गांव की होनहार लड़की ऐश्वर्या ने एनडीए में प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त की है।ऐश्वर्या के पिता विनोद मेहरा ने बताया कि उनकी बेटी फिलहाल मैकविजियन स्कूल भालखी माजरा में कक्षा 12में नॉन मेडिकल में पढ़ रही है।घर पर ही पढ़ाई कर एनडीए में प्रथम प्रयास में सफलता हासिल की। ऐश्वर्या 2023 में कक्षा 10 में हरियाणा राजस्थान सीबीएसई टॉपर रही तथा ऑल इंडिया सीबीएसई स्कूल में तीसरी रैंक पर रही थी।ऐश्वर्या पढ़ाई में शुरुआत से ही होशियार है। अब ऐश्वर्या का दिल्ली में मेडिकल,इंटरव्यू होगा।ऐश्वर्या एरिया में पहली होनहार लड़की जिसका प्रथम प्रयास में एनडीए में सिलेक्शन हुआ है।शुक्रवार रात को एनडीए परीक्षा का रिजल्ट घोषित हुआ है।ऐश्वर्या का एनडीए में सिलेक्शन होने पर गांव में खुशी की लहर है।

## विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** शहर के इम्मानुअल मिशन सेंकण्डरी स्कूल में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिसमें सैंकड़ों विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं नवाचारों से संबंधित विभिन्न माडलों का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीबीईओ जोगेन्द्र राठी ने फीता काटकर किया। विशिष्ट अतिथि के रुप में निजी स्कूल संगठन से जुड़े दुर्गा प्रसाद मिश्रा और पत्रकार बालकृष्ण शुक्ला मौजूद रहे। इस दौरान राठी ने कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। वैज्ञानिक सोच, अभिरुचि, जागरुकता एवं नवाचारों को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इससे छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी विकास होता है। संस्था के निदेशक जोस पी.जकरिया ने कहा कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों में विज्ञान विषय के प्रति रुचि पैदा करना है। इस तरह की प्रदर्शनी छात्रों में टीमवर्क और सहयोग की भावना बढ़ाने में भी मदद करती है। जकरिया ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने स्वचालित प्रणालियों, लाईफाई तकनीक, न्यूक्लियर पावर, जल संरक्षण, भूकंप, वाटर हार्वेस्टिंग, आधुनिक यातायात प्रणाली, स्ट्रीट लाइट, सडक् सुरक्षा, आधुनिक सिंचाई पद्धति, बिजली के उपकरण, इंटरनेट बैंकिंग, सौरमंडल सिस्टम, एयर कूलर सहित जीवन को सरल तथा सुगम बनाने में उपयोगी तकनीकों पर अनेक मॉडलों का निर्माण कर उनका प्रदर्शन किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न आकर्षक एवं महत्वपूर्ण मॉडलों की प्रशंसा कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान जोस.पी.जकरिया सहित सीजा जोस, गोडले, फेबा जोस, यादराम सैनी, सुनील कुमार, मीनाक्षी शर्मा, टीटू खान, गोविंद यादव, ओमप्रकाश, श्यामला, विष्णु कुमार सहित अनेक शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका विद्या पालीवाल ने किया।



## आटा वाली गली किराना व्यापारियों की परेशानी मामले की जांच करने पहुंची तहसीलदार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शहर के केडलगंज स्थित आटा वाली गली में लग रही मसाला चक्की से किराना व्यापारियों व आने जाने वाले ग्राहकों को हो रही परेशानी के सिलसिले में व्यापारी संगठन अतिरिक्त जिला कलेक्टर सिटी बीना महावर से मिला और उन्हें ज्ञापन सोपा। मामले की जांच शहर कोतवाली को दी गई थी लेकिन शहर कोतवाली पुलिस ने लीपा पोती कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया। व्यापारियों ने एक बार फिर से अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर व जिला एसपी को इस बाबत ज्ञापन सोपा। मामले में संज्ञान लेने के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर बीना महावर ने तहसीलदार तनु शर्मा को निष्पक्ष जांच करने के आदेश दिए। इस मामले में शनिवार शाम को तहसीलदार तनु शर्मा मौके पर पहुंची जहां लगभग डेढ़ दर्जन व्यापारियों के बयान लिए। सभी व्यापारियों ने कहा कि यह किराना मार्केट है यहां बाहर से खुदरा विक्रेता सामान लेने आते हैं इसके अलावा दिनभर ग्राहकों की चहल-पहल रहती है ऐसे में मसाला चक्की से पीसने वाली मिर्ची से लोगों को खांसी व अस्थमा जैसे रोग पनप रहे हैं। इस मामले में मसाला चक्की बंद करने की बाबत व्यापारियों ने ज्ञापन सोपा था। इधर तहसीलदार तनु शर्मा ने सभी व्यापारियों के बयान ले लिए हैं और व्यापारियों को आवाहन किया कि इस मामले में उच्च अधिकारियों से जानकारी लेने के बाद प्रशासन द्वारा उचित कार्यवाही की जाएगी।



## नगरपरिषद द्वारा डंपिंग यार्ड में कचरा डालने का स्थानीय लोगो ने किया विरोध, 17 जुलाई से चल रहा ग्रामीणों का धरना

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** नगर परिषद द्वारा डंपिंग यार्ड में डाले जा रहे कचरे को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। डंपिंग यार्ड के आसपास के बाशिंदों ने पिछले कुछ दिनों से डंपिंग यार्ड में कचरा डालने जाने वाले टीपरों को रोक दिया है। ग्रामीण पिछले कई सालों से वहां कचरा डाले जाने का विरोध कर रहे हैं। इसको लेकर 17 जुलाई से ग्रामीण धरना भी दे रहे हैं। ग्रामीणों का धरना शुरू होने के बाद नगर परिषद आयुक्त ने लिखित में धरनार्थियो को 45 दिनों में इस समस्या का निस्तारण करने का आश्वासन दिया था, लेकिन आयुक्त धर्मपाल जाट द्वारा दी गई।

## देवर ने भाभी का सिर फोड़ा आंख पर भी चोट, बहन की मौत के 2 दिन बाद हमला

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** अलवर शहर के अरावली विहार थाना क्षेत्र के भाखेड़ा गांव में बहन की मौत के दो दिन बाद भाई ने अपनी भाभी पर हमला कर सिर फोड़ दिया। आंख पर भी चोट लगी है। डॉक्टर ने अलवर से भी जयपुर रेफर किया है। घायल महिला ने दो महीने पहले ही बच्चे को जन्म दिया था। अरावली विहार थाना क्षेत्र के भाखेड़ा गांव निवासी मुबीन खान की 30 वर्षीय पत्नी शबनम ने बताया कि 2 महीने पहले उसने बच्चे को जन्म दिया है। अचानक दो दिन पूर्व ननद की मौत हो गई थी। जिसको लेकर पति मुबीन अपनी बहन के घर गया हुआ था। ननद की मौत पर घर पर गम का माहौल था। तब उसका देवर शरीफ खान आया और उसने हमला कर दिया। लाठी से सिर फोड़ दिया। आंख में गहरी चोट लगी है। सिर में करीब 10 टांके आए हैं। देवर ने ननदी की मौत का जिम्मेदार मुझे बताते हुए हमला किया है।

# ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने काम की लापरवाही बरतने वाले तीन कार्मिकों को सस्पेंड करने का दिया निर्देश

## मंत्री नागर ने सांगोद में की जनसुनवाई, अभाव अभियोग सुने, निराकरण के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**कोटा/ सांगोद।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शनिवार को सांगोद में जनसुनवाई की। उन्होंने काम में लापरवाही बरतने रखने वाले तीन कार्मिकों को निलंबित करने के निर्देश दिए। इस दौरान 390 से अधिक परिवाद प्राप्त हुए जिनको सुबह 11 बजे से लेकर शाम 4.30 बजे तक लगातार ने सुना। मंत्री नागर ने मौजूद अधिकारियों को एक-एक कर बुला कर समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए।

मंत्री हीरालाल नागर को ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में उज्ज्वला योजना के तहत 5 किलो का सिलेंडर लिया था। लेकिन, अब गैस पर काम ज्यादा होने व परिवार का दायरा बढ़ने के कारण इसकी कैपेसिटी बढ़ाना चाहते हैं। उज्ज्वला योजना में इसकी कोई व्यवस्था नहीं है। इस पर मंत्री हीरालाल नागर ने तुरंत संज्ञान लेते हुए एचपीसीएल के सेल्स मैनेजर से बात की। वहीं लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को भी पत्र लिखकर केन्द्रीय स्तर पर समस्या के समाधान का आग्रह किया है। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने कई अधिकारियों और कर्मचारी के काम नहीं करने तथा लोगों से दुर्व्यवहार करने की शिकायत की इसके बाद मंत्री हीरालाल नागर ने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के मामले में तीन कार्मिकों को निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सांगोद एसडीओ ऑफिस में कार्यरत सूचना सहायक संदीप नागर और जूनियर असिस्टेंट सुदर्शन राजावत को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। वहीं तहसील सांगोद ऑफिस में जूनियर क्लर्क विशाल गोचर को भी सस्पेंड करने के लिए निर्देशित किया। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को जनता के साथ सदव्यवहार करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपनी समस्या लेकर के अधिकारियों और कर्मचारियों के पास आते हैं तो उनके साथ में बुरा बर्ताव किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जनता की बात सुनना जनप्रतिनिधियों के साथ ही अधिकारियों का भी दायित्व है। अधिकारियों से हम सहयोग की अपेक्षा रखते हैं। जनता के काम और उनकी समस्याओं के समाधान तत्परता से होने चाहिए। यदि जनसुनवाई में बार-बार परिवेदनाएं आ रही हैं तो इसका मतलब है कहीं ना कहीं कोई कमी है। इस दौरान जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, प्रधान जयवीर सिंह, उप प्रधान ओम अडूसा, क्रय विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष ओम मेहता, पंचायत समिति सदस्य बृजबाला शर्मा, उपखंड अधिकारी कनवास और सांगोद, वृत्ताधिकारी, बीडीओ, तहसीलदार समेत सरपंच तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तर के अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री नागर के निजी सहायक राजेंद्र नागर ने बताया कि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर रविवार को कोटा शहर में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वे प्रातः 8 बजे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से नयागांव टोल प्लाजा पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण करेंगे। वहीं दिन में परवन सिंचाई परियोजना के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। मंत्री नागर दोपहर 1 बजे सकल दिगंबर जैन समाज समिति की ओर से आयोजित पर्वाधिराज दसलक्षण महापर्व पर सामूहिक क्षमावाणी एवं सम्मान समारोह में भाग लेंगे।



# दिव्यांशी और प्रियांशी वर्ल्ड चैम्पियनशिप में करेगी भारत का प्रतिनिधित्व

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** ब्रूनेई में 22 से 30 सितम्बर के बीच आयोजित होने वाली 9वी जूनियर वर्ल्ड वूशु चैंपियनशिप में कोटा महाबली स्पोर्टस अकेडमी की 2 खिलाडी भारतीय टीम में खेलते हुए प्रतियोगिता के अलग-अलग भारवर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। कोटा जिला वूशु संघ के महासचिव अशोक गौतम ने बताया कि बालिका वर्ग में तीन खिलाडियों का चयन भारतीय टीम में किया गया है। इनमे 2 बालिकाएं कोटा की है। राजस्थान से इनके अलावा बालक वर्ग में जयपुर के 1 खिलाडी का चयन किया गया है। सभी खिलाड़ियों का चयन 26 से 31 जून के बीच आयोजित हुई 23वी जुनियर नैशनल वूशु चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक और एक दिवसीय ट्रॉयल में प्रथम स्थान आने के आधार पर किया गया है। गौतम ने बताया कि 52 किलोग्राम भारवर्ग में प्रियांशी गौतम और 60 किलोग्राम भारवर्ग में दिव्याशी का चयन किया गया है। दोनों खिलाडियों ने अपने-अपने भारवर्ग में अंतरराष्ट्रीय खिलाडियों को मात देते हुए वर्ल्ड चैम्पियनशिप में जगह बनाई। दिव्यांशी 2022 में भी इंडोनेशिया में आयोजित 8वी वर्ल्ड वूशु चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। प्रियांशी की प्रथम जूनियर वूशु अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता है इससे पहले सब जूनियर में लगातर चार बार नैशनल में स्वर्ण पदक विजेता है। दिव्यांशी की माता शशि प्रभा कोटा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्यरत है तथा पिता सुनील कुमार सुंडा सेना से रिटायर है। प्रियांशी की माता तनुजा गौतम गृहणी है अशोक गौतम प्रियांशी गौतम के पिता व इन दोनो खिलाडियों के कोच है।

प्रियांशी और दिव्यांशी ने बताया कि वह सुबह और शाम दोनों टाइम का मिलाकर रोजाना 6घंटे अभ्यास करती हैं। प्रतियोगिता में चयन के बाद दोनों खिलाड़ियों को राजस्थान वूशु संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया, कोटा वूशु संघ के अध्यक्ष शिवभगवान गोदारा, भारतीय टीम के कोच राजेश कुमार टेलर, कोच सूरज गौतम, महाबली स्पोर्ट्स अकेडमी की समस्त कार्यकारिणी सहित जिला वूशु संघ कोटा की कार्यकारिणी ने बधाई देते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर विदेशी धरती पर भारत का परचम लहराने की उम्मीद जताई है।

### तृतीया तिथि का श्राद्ध तर्पण..

# कानून एवं न्याय की रक्षा में शहीद हुए पुलिसकर्मियों एवं विधिवेत्ताओं की आत्मशांति को समर्पित किया गया



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कर्मयोगी सेवा संस्थान की ओर से किए जा रहे 16 दिवसीय श्राद्ध श्रद्धांजलि महोत्सव के तहत् शुक्रवार को गुरुधाम कॉलोनी रोटेदा रोड़ स्थित जिला मुख्यालय पर तृतीया का श्राद्ध तर्पण किया गया।

संस्थापक राजाराम जैन कर्मयोगी रावण सरकार अध्यक्ष अलका दुलारी जैन कर्म योगी ने बताया कि अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा के नेतृत्व में कानून एवं न्याय की रक्षार्थ शहीद हुए पुलिसकर्मियों एवं दिवंगत मजिस्ट्रेट एडवोकेट की आत्मशांति के लिए तर्पण किया गया। इस दौरान आमंत्रित ब्राह्मण परिवारों के अलावा जरूरतमंदों को खीर पूरी सब्जी का भोजन कराया गया। उन्होंने बताया कि महोत्सव देश दुनिया की समस्त दिवंगत आत्माओं की आत्मशांति के साथ ही मानव कल्याणकारी दिवंगत दिव्य आत्माओं की आत्मशांति के लिए किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत नयापुरा अभिभाषक परिषद कार्यालय पर न्याय की रक्षार्थ, जनहित में कार्य कर रहे 16 वरिष्ठ एडवोकेट अशोक चौधरी, वीरेंद्र सिंह भाणावत, विभा प्रधान, अभिभाषक परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, उपाध्यक्ष श्याम मनोहर चौधरी, एडवोकेट महेश वैष्णव, एडवोकेट ज्योति गौड, बबीता आर्य, एडवोकेट शीतल तलरेजा, सोना मनसुखानी, एडवोकेट मुक्तता कुलश्रेष्ठ, एडवोकेट शिवानी रेनू मिश्रा, शक्ति शर्मा, ज्योति बाला राठौर का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कर्मयोगी संस्थान के प्रतिनिधि हेमंत सिंह, धर्मपाल सिंह, लक्ष्मी नारायण गर्ग, कुसुम सिंह, नीलम सिंह, अनिल शर्मा, नीलम शर्मा, अलका दुलारी जैन कर्मयोगी, नीता मिश्रा, मीना मिश्रा, प्रतिभा शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि 21 सितंबर का श्राद्ध देश के दिवंगत अन्नदाता किसानों की आत्मशांति के लिए समर्पित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत भामाशाह मंडी में आए हुए किसानों का सम्मान किया जाएगा।

# याददाश्त में कमी आना और भूलना भी एक मानसिक बीमारी है इसे बुढ़ापे के सामान्य लक्षण न समझें : डॉ. नीना विजयवर्गीय

## अंतर्राष्ट्रीय अल्जाइमर्स दिवस पर कार्यशाला आयोजित, आमजन की सहायता के लिए टॉल फ्री नंबर जारी

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** लोगों में मानसिक रोगों के संबंध में जागरूकता फैलाने के लिए अफिनिटी हॉस्पिटल की ओर से जन जागृति अभियान निरंतर जारी है। अफिनिटी हॉस्पिटल, तलवंडी चौराहा द्वारा शनिवार 21 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय अल्जाइमर्स दिवस मनाया गया और साथ ही अल्जाइमर्स नामक दिमागी विकार के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन भी किया गया।

अल्जाइमर रोग भूलने का रोग है। याद करने में दिक्कत-विशेष रूप से हाल ही की जानकारियों को याद करने में समस्या-अल्ज़ाइमर रोग का प्रायः पहला लक्षण है। भारत में अल्ज़ाइमर रोग से पीड़ित लोगों की संख्या 30 लाख है। अल्ज़ाइमर रोग के लक्षण सबसे पहले 60 साल की उम्र के बाद दिखाई दे सकते हैं और अल्ज़ाइमर रोग का जोखिम उम्र बढ़ने के साथ बढ़ता जाता है। इस कार्यशाला में डॉ. नीना विजयवर्गीय, मनोचिकित्सक एवं काउंसलर, एमबीबीएस, डीपीएम (साइकेट्री), एमआईपीएस द्वारा अल्जाइमर्स विकार, इसके लक्षण, संभावित कारण, इससे जुड़ी भ्रांतियां व तथ्य, निवारण, उपचार के उपाय आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। अल्जाइमर रोग के कारण मस्तिष्क सिकुड़ जाता है और मस्तिष्क की कोशिकाएँ अंततः मर जाती हैं। इस बीमारी के लक्षणों में याददाश्त की कमी होना, निर्णय न ले पाना, बोलने में दिक्कत आना और फिर इसकी वजह से सामाजिक और पारिवारिक समस्याओं की गंभीर स्थिति आदि शामिल हैं। अल्जाइमर रोग के प्रबंधन में परिवार और समाज महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जो इस बीमारी के बारे में जानकारी लेकर रोगी की मदद कर सकते हैं। इसीलिए कार्यशाला के दौरान काउंसलर व विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा जानकारी प्रदान की गई कि अल्जाइमर्स से पीड़ित रोगी की मदद कैसे की जाए और कैसे रोगी अपना जीवन बीमारी के साथ भी आराम से जी सकते हैं। आयोजित कार्यशाला का लाभ उपस्थित मरीजों, उनके परिवारजन, आमजन और हॉस्पिटल स्टॉफ ने उठाया। अफिनिटी हॉस्पिटल की तरफ से आमजन की मदद के लिए एक टॉल फ्री नंबर (18008906996) भी जारी किया गया है, साथ ही हॉस्पिटल से संपर्क करने के लिए 6350180497 या 8005649782 पर कॉल किया जा सकता है।

# घर के बाहर से चोरी हुई कार 18 घंटे बाद मिली

## 4 किमी दूर चौराहे पर छोड़कर भागा बदमाश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** घर के बाहर खड़ी कार को अज्ञात बदमाश चुराकर ले गया। हालांकि 4 किमी दूर जाने के बाद कार का फ्यूल खत्म हो गया। बदमाश कार को चौराहे पर छोड़कर फरार हो गया। चौराहे पर लावारिस हालात में खड़ी कार के बारे में पुलिस ने छानबीन की तो कार मालिक का पता लगा। पुलिस ने कार मालिक से सम्पर्क किया। गाड़ी को देखकर करीब 18 घंटे कार मालिक ने राहत की सांस ली। शिवपुरा निवासी रोहित सुमन के अनुसार गुरुवार रात साढ़े 9 बजे करीब वैगनार कार घर के सामने खड़ी की थी। अगले दिन सुबह 5 बजे उठकर देखा तो कार मकान के सामने से गायब थी।

कॉलोनी में लगे सीसीटीवी फुटेज चैक किए। जिसमें तड़के 3 बजे करीब अज्ञात बदमाश कार चोरी कर ले जाता हुआ नजर आया। शुक्रवार सुबह 10 बजे करीब दादाबाड़ी थाने में चोरी की शिकायत दर्ज करवाई। उसी दिन रात 10 बजे करीब चावला सर्किल पर कार खड़ी होने की जानकारी मिली।

### ऊर्जा मंत्री ने किया स्वच्छता कर्मियों का सम्मान

# स्वच्छता समाज की सामूहिक जिम्मेदारी : मंत्री



बढ़ता राजस्थान

**कोटा/ सांगोद।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत नगर पालिका के स्वच्छता कर्मियों का सम्मान करते हुए उनके कार्य की सराहना की।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता कर्मियों का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प में स्वच्छता कर्मियों का योगदान अमूल्य है, और सभी नागरिकों को स्वच्छता की ज़िम्मेदारी समझनी चाहिए। मंत्री ने स्वच्छता को केवल एक विभाग की नहीं, बल्कि सभी नागरिकों की सामूहिक ज़िम्मेदारी बताया। उन्होंने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ समाज की नींव है। कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा मंत्री नागर ने 'स्वच्छता ही सेवा' रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह रैली स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण प्रयास है। इसके बाद नागर ने पंचायत समिति सभागार में आयोजित रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने सभी रक्तदानियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि रक्तदान महादान है, जो न केवल जीवन की रक्षा करता है बल्कि समाज में एकता और सद्भावना का संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि भारत की दान की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए रक्तदान हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। कार्यक्रम के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत उन्होंने पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।कार्यक्रम में जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वायत्त शासन विभाग ने पार्षद रामेश्वर खण्डेलवाल को फिर बनाया तीसरी बार, 2 माह के लिए नगर पालिका अध्यक्ष

## बैसाखियों से चल रही है अंता नगर पालिका, 8 माह में 7 वां अध्यक्ष मिला

बढ़ता राजस्थान





**अंता (शफीक मंसूरी)।** स्वायत्त शासन विभाग ने पार्षद रामेश्वर खंडेलवाल को तीसरी बार 2 माह के लिए नगर पालिका अध्यक्ष नियुक्त करने का आदेश जारी किया है। अंता नगर पालिका में पिछले 8 महीनों में यह सातवां अध्यक्ष है। 21 सितंबर को डीएलबी के आदेशानुसार खंडेलवाल को अध्यक्ष का चार्ज दिया गया।

आदेश दिनांक 15.07.2024 के अनुसार, पार्षद रामेश्वर खंडेलवाल को 60 दिन की अवधि के लिए अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपा गया है। यह आदेश राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 50 (1) (द्व1) (क) के तहत दिया गया है, जिसमें अनाधिकृत कालावधि या राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अन्य आदेशों के आधार पर कार्य किया जा सकता है। निर्वाचन विभाग ने नगर पालिका अध्यक्ष के लिए 17 सितंबर को मतदान कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित की थी। इस चुनाव में कांग्रेस की ओर से चन्द्र प्रकाश मीणा व संतोष कुमार मालव तो भाजपा की ओर से रामेश्वर खण्डेलवाल, नंदकिशोर नायक ने नामांकन दाखिल किया था। उपनिर्वाचन अधिकारी द्वारा नामांकन की जांच के बाद, कांग्रेस के चंद्र प्रकाश मीणा का नामांकन खारिज कर दिया गया, जिससे उन्हें मतदान का अधिकार नहीं मिला। नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा के रामेश्वर खंडेलवाल और कांग्रेस के संतोष मालव के बीच मुकाबला हुआ। 17 सितंबर को, नगर पालिका में रिटर्निंग अधिकारी संजना जोशी की मौजूदगी में मतदान कराया गया। कुल 35 पार्षदों में से 34 ने मतदान किया, जिसमें भाजपा के 22 और कांग्रेस के 12 पार्षद शामिल थे। राज्य सरकार ने 1 पार्षद और कार्यवाहक अध्यक्ष चंद्र प्रकाश मीणा को मतदान से वंचित किया। चंद्र प्रकाश मीणा ने इस पर हाई कोर्ट में याचिका दायर की है।

# ओपीएस को यथावत रखने को लेकर संयुक्त मोर्चा शिक्षक संघ के तत्वाधान में बैठक का आयोजन किया गया

बढ़ता राजस्थान



**चोमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के चौमहला में संयुक्त मोर्चा शिक्षक संघ ब्लॉक डग के तत्वाधान में चौमहला दुर्गा माता मंदिर परिसर में ओपीएस पर मंडरा रहे संकट क्क को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसमे डग ब्लॉक के चोमहला क्षेत्र की 19 पंचायतों के लगभग 200 कर्मचारी , अधिकारी उपस्थित हुए ।जिसमे सभी कर्मचारियों द्वारा ओपीएस ओर यूपीएस को लेकर अपने अपने विचार व्यक्त किए ।अध्यापक प्रेमसिंह, रवि मीणा, तुफान सिंह बंजारा, बाबू लाल , चौहान,टिकम मीणा, शंभु लाल गोस्वामी, शंकर विश्वकर्मा,धिरज चौधरी, राजेन्द्र गवलीया, सुन्दर सिंह झाला, पप्पु लाल मीणा,मीठा लाल मीणा, राजेन्द्र गोठवाल व अन्य सभी शिक्षको द्वारा ओपीएस को यथावत रखने की बात कही और 2004 के बाद से नियुक्त सभी कर्मचारी अधिकारीगण ओल्ड पेंशन स्कीम को ही चाहते हैं और सरकार से अनुरोध करते है की ओपीएस में किसी प्रकार से कोई संशोधन नहीं होना चाहिए और ओपीएस यथावत रहनी चाहिए । इसको लेकर आगे की रणनीति बनाई गई प्रत्येक पंचायत से एक प्रभारी नियुक्त किया गया जो इस महारैली और आगे चलने वाले इस अभियान में तन मन और धन से समर्पित होकर अपनी पंचायत के समस्त कर्मचारी जो 2004 के बाद नियुक्त हुए हो उन्हें जिम्मेदारी के साथ सूचना प्रदान करेंगे तथा 26 सितंबर 2024 को जिला मुख्यालय झालावाड़ में ओपीएस बचाओ रेली का आयोजन किया जाएगा।

# निगम टीम ने शहर का दौरा किया अन्नपूर्णा रसोई का खाना जांचा

## अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** नगर निगम दक्षिण की टीम ने शनिवार को शहर के कई इलाकों में दौरा किया। निगम दक्षिण आयुक्त अनुराग भार्गव के नेतृत्व में अतिरिक्त आयुक्त, उपायुक्त, अग्निशमन अधिकारी शहर के निरीक्षण पर निकले। अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास के अनुसार निगम दक्षिण इलाके में औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें इलाके में चल रहे अन्नपूर्णा रसोई में खाने को क्वालिटी चेक की गई। उन्होंने बताया कि खाने की क्वालिटी सही थी, बाड़ सफाई को लेकर निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सब्जी की क्वालिटी और अच्छी करने को लेकर आदेश दिए हैं। इसके अलावा सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर निर्देश दिए गए। इलाके में सड़कों पर आवारा मवेशियों की समस्या भी थी। आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशाला पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

# सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

## मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम, अभियान को घर-घर पहुंचने का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल मनियां द्वारा स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इसके तहत साफ सफाई करने के बाद अभियान को भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित किए गए स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा धौलपुर के पूर्व जिला उपाध्यक्ष और पूर्व सरपंच जयवीर पोसवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुरदीप कुशवाहा ने की। स्वच्छता अभियान के दौरान गांव सीसेन का पुरा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय और मां केला देवी मंदिर प्रांगण में सफाई कार्य किया गया। जहां युवा मोर्चा के सभी सदस्यों ने बड़ी तत्परता और उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह पहल देशभर में क्रांति का रूप ले चुकी है और हमें इसे हर घर तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। स्वच्छता अभियान के दौरान मंडल अध्यक्ष सुरदीप कुशवाहा ने अपने वक्तव्य में सफाई अभियान के प्रति युवाओं की प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को इस जिम्मेदारी को गंभीरता से लेना होगा, क्योंकि स्वच्छता के माध्यम से ही हम एक समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष रघुवीर पोसवाल, युवा नेता सुनील त्यागी, सोनू त्यागी, रवि पोसवाल, कल्ली गुर्जर, राकेश कुशवाह, संजू पोसवाल, बांवी कुशवाह, दामोदर कुशवाह, रामलखन गुर्जर, सतवीर पोसवाल, गजेंद्र कुशवाह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शहीद रामकिशोर का पार्थिव शरीर पंचतत्व मे हुआ विलीन, सैनिक सम्मान के साथ नम ऑखो से दी विदाई





बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जम्मू कश्मीर में ऑपरेशन जीवन रक्षक के दौरान शहीद हुए सिपाही रामकिशोर का शनिवार सुबह उनके पैतृक गांव दूल्हेराय का घेर में पूर्ण सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। केन्द्र सरकार के केन्द्रीय राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल, राज्य मंत्री गृह एवं प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, अध्यक्ष राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति प्रेमसिंह बाजौर ने शहीद के घर पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया।

भारत माता की जय और शहीद रामकिशोर अमर रहे के नारों के बीच दूर-दराज से आए हजारों लोगों ने अपने लाडले शहीद को अंतिम विदाई दी। केन्द्रीय राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल, राज्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, अध्यक्ष राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति प्रेमसिंह बाजौर, जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने तिरंगा लिपटे शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित किए और श्रद्धाजंलि दी। उन्होंने शहीद के पिता महावीर सिंह, धर्मपत्नी पूजा और उनके परिजनों को ढांढस बंधाया। केन्द्रीय राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल ने कहा कि इतनी कम उम्र में परिवार का सदस्य का दुनिया से चले जाना किसी भी परिवार के लिए बहुत दुख का विषय है, लेकिन उन्होंने देश के लिए शहादत देकर परिवार के साथ ही पूरे प्रदेश का सिर गर्व से ऊंचा किया है। राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि हमें अपने वीर शहीद के सर्वोच्च बलिदान पर गर्व है। राज्य सरकार एवं प्रशासन दुःख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने शहीद की अंत्येष्टि से पूर्व पार्थिव शरीर को कंधा दिया। भारी गम और गर्व भरे माहौल में शहीद के भतीजे ने शहीद की चिता को मुखाग्नि दी। तिरंगा लिपटे शहीद के पार्थिव शरीर को सैनिकों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस अवसर पर सांसद भजनलाल जाटव, राजाखेड़ा विधायक रोहित बौहरा समेत बड़ी संख्या में प्रशासनिक, पुलिस, सैन्य अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, आमजन ने पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर, भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह भी उपस्थित थे।



# कंचनपुर पुलिस ने अवैध शराब को लेकर की कार्रवाई

## दो स्थानों पर छापा मार दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को किया जब्त

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** बाड़ी की कंचनपुर पुलिस द्वारा जहां मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब को लेकर दो स्थानों पर कार्रवाई की है और दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ देशी, अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। वहीं उपखंड की बसई डांग थाना पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध चंबल बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। आरोपी पुलिस की कार्रवाई से पूर्व भागने में कामयाब रहा है।

**कंचनपुर पुलिस ने पकड़े अवैध शराब को लेकर दो आरोपी :** उपखंड की कंचनपुर थाना पुलिस द्वारा अवैध शराब को लेकर दो स्थानों पर कार्रवाई की गई। एसएचओ शैतान सिंह ने बताया कि जरिए मुखबिर सूचना मिलने पर जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के निर्देश और सैपऊ सीओ शायर सिंह के सुपरविजन में कार्रवाई की है। एसएचओ शैतान सिंह ने बताया कि पुलिस ने पहली कार्रवाई गढ़ी खिराना के पास दुल्लीपूरा गांव के मोड पर की। जहां से आरोपी रामौतार उर्फ रामअवतार पुत्र मटरुलाल कुशवाह को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी से पुलिस ने 53 देशी शराब के पव्वे बरामद किए हैं। वहीं दूसरी कार्रवाई कंचनपुर पुलिस द्वारा हांसई गांव के पास रिंग रोड पर की है। जहां से आरोपी लवकुश पुत्र प्रेमसिंह मीणा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 129 देशी शराब के पव्वे, 25 अंग्रेजी शराब के पव्वे, 48 वीयर कैन बरामद की है। पुलिस की इस कार्रवाई में थाने के कांस्टेबल राजेश कुमार, विश्वेंद्र सिंह और सत्यपाल सिंह का विशेष सहयोग रहा है।

**बसई डांग पुलिस ने पकड़ी अवैध चंबल बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली :** उपखंड की बसई डांग थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध चंबल बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली को जप्त किया है। एसएचओ घनश्याम सिंह ने बताया कि जरिये मुखबिर थाने के हेड कांस्टेबल राजवीर सिंह को सूचना मिली। इस पर कांस्टेबल सुनील गिरी, सत्यप्रकाश और गाड़ी चालक अवनेश के साथ कार्रवाई की है और डांग क्षेत्र से अवैध चंबल बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को जप्त किया है। आरोपी मौके से भागने में कामयाब रहा है।



# एएसआई दिलीप सिंह को एसपी सहित पुलिस के अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि, राजकीय सम्मान से की अंत्येष्टि

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** दस्यु उन्मूलन अभियान में विशेष भूमिका निभाने वाले धौलपुर के जांबाज एएसआई दिलीप सिंह (47) का शुक्रवार देर रात को आकस्मिक निधन हो गया।

एएसआई पिछले कुछ साल से कैंसर की बीमारी से पीड़ित चल रहे थे। निधन के बाद उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। एएसआई दिलीप सिंह के निधन की खबर मिलने के बाद पुलिस डिपार्टमेंट में शौक की लहर दौड़ गई। देर रात 2 बजे हुए निधन के बाद उनके शव का मनियां अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया गया। जिसके बाद एएसआई के शव को उनके पैतृक गांव मनियां थाना क्षेत्र के डोयलन का पुरा ले जाया गया।

जहां एसपी सुमित मेहरड़ा के साथ आरएसी के डिप्टी कमांडेंट सुरेश सांखला, लाइन ऑफिसर मोहन सिंह और पुलिस के अधिकारियों ने उन्हें पुष्प चक्र अर्पित किए, जिसके बाद पुलिस के जवानों ने अंत्येष्टि स्थल पर ही दो चक्र में 10 राउंड फायरिंग कर उनका राजकीय सम्मान किया।



एएसआई दिलीप सिंह ने धौलपुर पुलिस में रहकर दस्यु उन्मूलन के लिए चलाए गए विभिन्न अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाई थी। उसके चलते उन्हें जांबाज अधिकारी के रूप में पहचाना जाता है।

# वरिष्ठ नागरिकों का सहारा बनेगी धौलपुर पुलिस : ऑपरेशन संबल के जरिए बुजुर्गों की होगी देखभाल, अपराध में आएगी कमी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर धौलपुर जिले में ऑपरेशन संबल अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत धौलपुर पुलिस बुजुर्गों और निशक्तजनों की देखभाल करने के लिए घर-घर जाकर उनका सर्वे कर रही है। अभियान के दौरान अकेले रह रहे दंपती को चिन्हित कर उनकी नियमित देखभाल की जाएगी। एसपी सुमित मेहरड़ा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा बुजुर्गों और निशक्तजनों की सुरक्षा के लिए ऑपरेशन संबल चलाया गया है।

जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस अभियान के जरिए बुजुर्गों की निगरानी की जाएगी। धौलपुर पुलिस जिले में रहने वाले बुजुर्गों की जानकारी बीट प्रभारी के जरिए एकत्रित करेगी। इसके लिए संबंधित क्षेत्र के बीट प्रभारी घर-घर सर्वे कर बुजुर्गों की जानकारी जुटाएंगे। जिनका खाका तैयार होने के बाद नियमित अंतराल पर उनके घर तक पहुंचकर उन्हें संबल दिया करेंगे। एसपी ने बताया कि पुलिस का फोकस घर



पर अकेले रहने वाले बुजुर्गों पर अधिक रहेगा। पुलिस की ओर से किए जाने वाले सर्वे से पता चलेगा कि शहर में कितने बुजुर्ग हैं। कितने वृद्ध दंपती अकेले रहते हैं। ऐसे में इन परिवारों को पुलिस का संबल मिल सकेगा। ऑपरेशन संबल को लेकर एसपी ने बताया कि बुजुर्ग दंपती और निशक्तजनों की नियमित निगरानी के जरिए वारदातों को कम करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि धौलपुर पुलिस द्वारा ऑपरेशन संबल के जरिए बुजुर्गों ओर निशक्तजनों से सम्पर्क करना शुरू कर दिया है।

# अग्रवाल समाज के युवाओं ने किया बैठक का आयोजन

## अग्रवाल सभा के तत्वधान में अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसायटी द्वारा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसाइटी की बैठक शहर के बसेडी रोड़ स्थित ओम ओम टॉवर में आयोजित की गई। जिसमें अग्रवाल सभा के तत्वावधान मे अग्रवाल फाउण्डेशन हेल्प सोसायटी द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के शुभ अवसर पर 29 सितंबर रविवार को एक सर्व समाज रक्तदान शिविर का आयोजन शहर की अग्रवाल पंचायती धर्मशाला मे आयोजित किया जायेगा। रक्तदान शिविर कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अग्रवाल फाउण्डेशन हेल्प सोसायटी द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे सभी सदस्यों द्वारा विस्तृत चर्चा कर सभी सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई तथा 27 सितंबर को एक जागरूकता रैली का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। जो बाड़ी शहर के किला स्थित दाऊजी मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार में होते हुए शहर के अग्रोहा इन पर जाकर सम्पन्न होगी। इस जागरूकता रैली में विभिन्न विद्यालय के बच्चे,गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। बैठक में संस्थापक रोहित मंगल ने बताया कि रक्तदान महादान है इसके लिए हम सभी को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। संरक्षक रामनिवास अग्रवंशी ने बताया कि एक पूर्ण स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष भर में कम से कम 3 बार रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करके जीवन में विभिन्न बीमारियों से बचा जा सकता है। बैठक में टीम के अध्यक्ष सोमेंद्र मंगल ने बताया कि रक्तदान शिविर में सभी रक्तदाताओं का प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया जायेगा तथा शिविर संयोजक रिंकू गर्ग ने बताया कि इस शिविर में अधिक से अधिक रक्त वीर रजिस्ट्रेशन कराकर पुनीत कार्य में सहयोग प्रदान करें ।बैठक में अग्रवाल फाउंडेशन सोसाइटी के संस्थापक रोहित मंगल, संरक्षक रामनिवास अग्रवंशी, अध्यक्ष सोमेंद्र मंगल, शिविर संयोजक रिंकू गर्ग, शिविर सह संयोजक सागर बंसल व अमित मंगल,सचिव मोहित मंगल,कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग,गिर्राज मंगल,पुनीत कंसल सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थिति रहे। फोटो केप्सन 1ः- बैठक में मौजूद अग्रवाल समाज के युवा।



# जयपुर के डॉक्टर्स के निःशुल्क मेडिकल शिविर में 1500 मरीज लाभान्वित

## डॉक्टर्स के लिए आजादी का महत्त्व है दीन हीन की सेवा करना : डॉ. रामकेश सिंह परमार

बढ़ता राजस्थान

**तसीमों ( नि.स. )।** शहीद छत्तर सिंह पंचम सिंह सेवा समिति तसीमों द्वारा फौजी गार्डन तसीमों में डॉ रामकेश सिंह परमार गोल्डमेडलिस्ट प्रोफेसर मेडिसिन जयपुर एवं डॉ. पंकज सिंह फाउंडेशन के नेतृत्व में राजधानी जयपुर के, दिल्ली एआईएमस, पीजीआई चंडीगढ़ और एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर से प्रशिक्षित डॉक्टर्स की टीम के द्वारा फ़ौजी गार्डन तसीमों में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच चिकित्सा परामर्श और दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पधारे जयपुर से आए डॉक्टर्स को राजौरा टोल पर रिसीव कर स्वागत कर रैली के साथ कार्यक्रम स्थल तसीमों पहुंचे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भीम सिंह बीका सेवानिवृत्त आईपीएस, सुदर्शन सिंह तौमर, बसेड़ी पूर्व विधायक रानी कोली, राजपूत समाज धौलपुर के जिलाध्यक्ष भगीरथ सिंह सिकरवार, उपाध्यक्ष निरोत्तम सिंह परमार, कार्यालय प्रभारी लखन सिंह परिहार, महावीर सिंह सिकरवार, फूल सिंह धाकरे आदि रहे। कार्यक्रम में सभी डॉक्टर्स और अतिथियों को साफा, माला, बैज व पटका पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं महिला



डॉक्टर्स को तसीमों सरपंच नीलम परमार द्वारा बुके देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद सभी अतिथि पुष्प चक्र लेकर शहीद स्मारक पहुंच कर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम में जयपुर से 11 विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा हार्ट, डायबिटीज, एलर्जी, चर्म रोग, यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, जॉइंट रिप्लेसमेंट, कार्डियोलॉजी, ऑर्थो, ईएनटी ऑप्थो, लंगस लिवर, किडनी, ब्रेन, सर्जरी, महिला रोग आदि रोगों की निःशुल्क जांच, परामर्श व दवाइयां वितरित की गई। सभी डॉक्टर्स द्वारा लगभग 1500 मरीजों ने निःशुल्क शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम का संचालन कवि श्यामवीर सिंह परमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. रामकेश सिंह परमार ने कहा कि देश को आजाद कराने के लिए शहीद छत्तर सिंह परमार और पं चम सिंह कुशवाह देश और तिरंगे के लिए शहीद हो गए और अब हमारी बारी है कि देश को बीमारियों से मुक्त कराए, डॉक्टर्स के लिए आजादी का महत्त्व है दीन हीन की सेवा करना। वहीं निम्स यूनिवर्सिटी के निदेशक न्यूरोसर्जन डॉ. पंकज सिंह ने कहा धौलपुर जिले के एक छोटे से गांव के युवा डॉ. रामकेश सिंह परमार ने अपनी शिक्षा के दम पर इतना बड़ा नाम बनाया है, और देश की सेवा कर रहे है, मैं बस इतना कहना चाहूंगा कि आप अपने बच्चों को शिक्षा और संस्कार दीजिए, इसके बल पर वो कुछ भी पा सकते है, उन्हें और कुछ देने की आवश्यकता नहीं है।

इस मौके पर शहीद समिति अध्यक्ष मांगीलाल मित्तल, सरपंच प्रतिनिधि रामौतार फौजी, सचिव बलवीर सिंह, उपाध्यक्ष रामनरेश शर्मा, राधेश्याम परमार, मीडिया प्रमुख विवेक मित्तल, डिंपल परमार, हरेंद्र सिंह परमार, रामवीर कुशवाह, संजीव दिवाकर आदि सहित सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे।

# आर्य समाज मंदिर में पांच दिवसीय ऋग्वेद पारायण यज्ञ भजन एवं वेदोपदेश कार्यक्रम

## ध्वजारोहण और हवन यज्ञ के साथ शुरू हुआ कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के पुराना बाजार स्थित आर्य समाज मंदिर में शनिवार से पांच दिवसीय ऋग्वेद पारायण यज्ञ भजन एवं वेदोपदेश कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ है। कार्यक्रम को लेकर सबसे पहले आर्य समाज मंदिर पर शहर के समाजसेवी ओमप्रकाश गोयल द्वारा विद्धवान आचार्यो के बीच ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद हवन यज्ञ कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 5 दिन तक चलेंगे। जिसमें प्रतिदिन भजन,कीर्तन और यज्ञ किया जाएगा साथ में बाहर से पधारे मर्मज्ञ आचार्य द्वारा वेदों से जुड़ी गुण जानकारी श्रद्धालुओं को दी जाएगी। आर्य समाज मंदिर पर आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम को लेकर संस्था के प्रधान केशव देव गुप्ता ने बताया की पांच दिवसीय यह कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किया जाता



है।जिसमें बाहर से आए आचार्यो द्वारा वेदों से जुड़ी जानकारियां दी जाती हैं साथ में भजन और अन्य कार्यक्रम भी मंदिर पर आयोजित होते हैं। आर्य समाज मंदिर की महिला प्रधान विमला मित्तल ने बताया की पांच दिवसीय ऋग्वेद परायण यज्ञ भजन और वेदोपदेश कार्यक्रम के दौरान 21 से 25 सितंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिसमें यज्ञ ब्रह्मा के रूप में उत्तर प्रदेश से आई कुमारी तितिक्षा आर्य यज्ञ करेगी और वेदों से जुड़े उपदेश स्वामी केवलानंद एवं स्वामी शरणानंद द्वारा दिए जाएंगे। भजन कीर्तन के लिए भुसावर से आई नैंसी श्रुतकीर्ति आर्य प्रतिदिन 3 से 6 बजे तक सभी महिला और पुरुष श्रद्धालुओं को भजन सुनाएंगी। कार्यक्रम के दौरान आर्य समाज मंदिर संस्था के महामंत्री गोपाल दास बंसल, कोषाध्यक्ष राजेंद्र मंगल,महिला संरक्षिका कमलेश आर्य,महामंत्री आशा बंसल,कोषाध्यक्ष ऊषा मित्तल सहित तमाम धर्मप्रेमी लोग मौजूद रहे।

# डॉक्टर नहीं होने से बघेरा के सरकारी अस्पताल में नर्सिंगकर्मी ही कर रहे हैं इलाज, जांच मशीनें भी पड़ी है खराब, मरीज बेहाल



बघेरा के स्वास्थ्य केंद्र का पुराना भवन



नया निर्माणाधीन भवन।

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी (संजय कटारिया)।** केकड़ी जिले में बघेरा का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के चलते सुर्खियों में है। स्वास्थ्य केंद्र पर तीन डॉक्टर पदस्थ हैं, इनमें से एक डॉक्टर केकड़ी में बीसीएमओ के पद पर प्रतिनियुक्ति पर है, जबकि एक डॉक्टर पिछले तीन-चार महीनों से गायब बताया गया है। नतीजतन, मरीजों को देखने और दवाइयां लिखने का काम नर्सिंगकर्मियों पर छोड़ दिया गया है।

### भगवान भरोसे मरीज

इस केंद्र पर डॉक्टरों की गैर-मौजूदगी का असर सीधा मरीजों पर पड़ रहा है। मौसमी बीमारियों के चलते यहां मरीजों की भीड़ बढ़ रही है, लेकिन यहां हालात इतने खराब हो चुके हैं कि डॉक्टरों की गैर मौजूदगी में नर्सिंगकर्मियों की अनियमितता और मनमानी से उन्हें समय पर इलाज ही नहीं मिल पा रहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पांच डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन दो पद रिक्त है और केवल तीन डॉक्टर ही कार्यरत हैं। इनमें से भी एक डॉक्टर को प्रतिनियुक्ति पर केकड़ी भेजा गया है और एक डॉक्टर कई महीनों से गायब हैं। ऐसा ही हाल नर्सिंगकर्मियों का है। छह नर्सिंगकर्मियों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन एक को सरवाड़ अस्पताल में प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया है।

**जांच की मशीनें भी खराब:** मरीजों की मुश्किलें सिर्फ डॉक्टरों की अनुपस्थिति तक सीमित नहीं हैं। यहां जांच के लिए इस्तेमाल होने वाली मशीनें भी खराब पड़ी हैं, जिसके चलते मरीजों को जांच के लिए केकड़ी जिला अस्पताल जाना पड़ता है। इससे न केवल समय की बर्बादी होती है, बल्कि आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

### राजनीति का अखाड़ा बना अस्पताल (कलर बोक्स

मरीजों का कहना है कि इस स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर और नर्सिंगकर्मियों के बीच तालमेल की कमी के चलते उन्हें इलाज के लिए मारे मारे फिरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजनीति का अखाड़ा बना हुआ है। यहां काम करने वाले चिकित्साकर्मी अपने निजी हितों और राजनीतिक दबावों के चलते सही समय पर अपनी ड्यूटी नहीं निभा रहे हैं। यही कारण है कि ग्रामीणों को यहां इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है।

### बीसीएमओ ने ये कहा

इस संबंध में जिले के सीएमएचओ से कई बार दूरभाष पर बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन ही रिसीव नहीं किया। अलबत्ता बीसीएमओ संजय कुमार शर्मा ने बताया कि उन्हें केकड़ी में बीसीएमओ के पद पर प्रतिनियुक्ति पर लगाया गया है। एक डॉक्टर पिछले तीन-चार महीनों से गायब है, जबकि एक डॉक्टर ही यहां कार्यरत है। नर्सिंगकर्मी को सरवाड़ अस्पताल में भेजा गया था, लेकिन अब उसकी प्रतिनियुक्ति निरस्त कर दी गई है और उसे वापस बघेरा केंद्र पर ज्वाइन करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, जांच मशीनों में आई तकनीकी खराबी को दूर करने के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा गया है और जल्द ही मशीनें ठीक कर दी जाएंगी।

## श्री विश्वकर्मा बिल्डिंग लेबर यूनियन ने श्रमिकों से यूनियन कार्ड बनाने का किया आव्हान

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (विष्णुदत्त धीमान)।** श्री विश्वकर्मा बिल्डिंग लेबर यूनियन ब्यावर द्वारा शनिवार 21.9.2024 को एक मीटिंग रखी गयी। अध्यक्ष राजू भाई के द्वारा सभी शहर के भवन निर्माण साइटो का दौरान किया जायेगा तभा भवन निर्माण के मकान मालिको की काफी शिकायते आ रही हैं। उन्होंने जानकारी देते हुये बताया कि 26.9.2024 को सभी साइटो का दौरा किया जायेगा, प्रत्येक मिस्त्री का यूनियन कार्ड चैक किया जायेगा। कार्ड नही पाये जाने पर ठेकेदारों की जिम्मेदारी होगी। कार्ड बनाने हेतु आधार कार्ड, 2 फोटो आवश्यक होगी। यूनियन अध्यक्ष के द्वारा भवन निर्माण कार्य हेतु ठेकेदार का यूनियन कार्ड आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी श्रमिकों से अनुरोध है कि यूनियन कार्ड बनवाये, श्रमिक डायरी बनवाये। यूनियन लेबर कार्ड होने पर अध्यक्ष द्वारा फार्म पर हस्ताक्षर कर सील लगायी जायेगी, शहर के भवन निर्माण साइटो का दौरा किया जायेगा, यूनियन कार्ड चैक कराना आदि सभी कार्य 26.9.2024 को सम्पन्न होंगे। इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा बिल्डिंग लेबर यूनियन के अध्यक्ष राजु भाई तिलकधारी, देवी सिंह, शिव तुनगरिया, जयराज थैरवा, मांगीलाल, पुरूषोत्तम, घनश्याम कुमावत, ललित कुमार, मदनलाल, गोविन्द, मुन्ना काठात, नासिर काठात, राजेन्द्र भट्ट, सुरेन्द्र, रमेश नायक आदि उपस्थित थे।

## घात लगाकर कुल्हाड़ी व सरिए से जानलेवा हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी (नि.स.)।** केकड़ी जिलान्तर्गत मोर थाना पुलिस ने घात लगाकर जानलेवा हमला करने के मामले में पिछले डेढ़ माह से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में दो आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।थानाधिकारी शंकरराम कड़वा ने बताया कि 31 जुलाई 2024 को घारेड़ा निवासी करना जाट ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि मुकेश एवं अन्य ने उसके पुत्र रतनलाल को जान से मारने की नीयत से घात लगाकर हमला किया तथा कुल्हाड़ी व सरिए से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपी उसके पुत्र को मृत समझकर मौके से भाग छूटे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरु किया तथा प्रकरण में मुकेश पुत्र शंकरलाल जाट निवासी घारेड़ा एवं रामधन पुत्र कानाराम जाट निवासी घारेड़ा को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन अन्य मुल्जिम गिरफ्तारी के डर से फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचन्द्र सिंह व पुलिस उप अधीक्षक हर्षित शर्मा के सुपरविजन में शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई। टीम ने आरोपियों की सघन तलाश की तथा धर्मराज जाट पुत्र शंकरलाल निवासी घारेड़ा एवं कानाराम जाट पुत्र रायचन्द्र निवासी घारेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाधिकारी शंकर राम कड़वा, हैड कांस्टेबल बनवारीलाल, कांस्टेबल प्रवीण, रामराज, जसोदा, विवेक व खुशीराम शामिल है।

## जिला जल स्वच्छता प्रबंधन की बैठक आयोजित, जिला कलेक्टर ने दिये आवश्यक निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान)।** ब्यावर, जिला कलेक्टर उत्सव कौशल की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला जल स्वच्छता प्रबंधन की बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन आमजन के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इसके तहत जिले में शेष रहे सभी घरों में नल कनेक्शन कर नल से जल देना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक के एजेंडा बिंदुओं की बारीकी से समीक्षा करते हुए कहा कि जिले की शेष रहे समस्त चिकित्सा केंद्र, स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों में प्राथमिकता रखते हुए नल कनेक्शन करना सुनिश्चित करें एवं इसकी सूची तैयार करें। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत जिले के लक्ष्य की जानकारी ली एवं निर्देशित किया कि तय लक्ष्यों के अनुरूप एजेंडा बनाकर शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करें जिससे कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को नल से जल प्राप्त हो। उन्होंने एफएचटीसी कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने कहा कि इंप्लीमेंट सपोर्ट एजेंसी निरंतर जागरूकता अभियान चलाते रहे और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को विभिन्न गतिविधियों द्वारा जागरूक करें। जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता धन्नाराम ने प्रेजेंटेशन द्वारा जल जीवन मिशन की जिले की वर्तमान प्रगति की जानकारी दी। उक्त बैठक में जिला परिषद एसीईओ गोपाल मीणा सहित डीडब्ल्यूएसएम कमेटी के सभी सदस्यगण मौजूद थे।


## शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कपासन का अधिवेशन एवं वार्षिक चुनाव 22 सितं. को सम्पन्न होंगे

बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स.)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कपासन का एक दिवसीय अधिवेशन एवं उपशाखा के वार्षिक चुनाव 22 सितम्बर रविवार को राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय कपासन में संपन्न होंगे। शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कपासन के अध्यक्ष राजेन्द्र व्यास ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी कैलाशचंद्र सुथार द्वारा जारी विज्ञप्तिनुसार चुनाव अधिकारी इक़बाल हुसैन एवं पर्यवेक्षक लक्ष्मण सिंह होंगे। साथ ही जिला सभाध्यक्ष सैयद मुकरर्म अली,मुकेशचंद्र त्रिपाठी उपस्थित रहेंगे। उपशाखा मंत्री शांतिलाल शर्मा ने बताया कि 22 सितम्बर सुबह 9 बजे से नामांकन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपशाखा में विभिन्न पदों के लिए निर्वाचन होने हैं। जिनमें सभाअध्यक्ष एक, उपसभाध्यक्ष दो, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एक, मंत्री पुरुष एक, मंत्री महिला मंत्री एक, उपाध्यक्ष दो (पुरुष -महिला), कोषाध्यक्ष एक, प्रतिनिधि सदस्यगण में अध्यापक सदस्य, पंचायत समिति शिक्षक, वरिष्ठ अध्यापक, प्राध्यापक ,प्रधानाचार्य कंप्यूटर अनुदेशक, संस्कृत शिक्षक सदस्य, महिला शिक्षक सदस्य, पंचायत शिक्षक सदस्य, प्रयोगशाला सहायक,शारीरिक शिक्षक, पुस्तकालयाध्यक्ष, सेवानिवृत शिक्षक, प्रबोधक सदस्य सहित जिला महासमिति एवं प्रदेश महासमिति सदस्यों का निर्वाचन होगा।

## जिले के सदारा गांव में रात्रि चौपाल लगाकर जिला कलक्टर ने सुनी आमजन की परेशानियां

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी (संजय कटारिया)।** केकड़ीं जिले में सावर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सदारा में शुक्रवार को जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने रात्रि चौपाल लगाई। चौपाल में ग्रामीणों द्वारा जिला कलक्टर को विभिन्न समस्याओं से जुड़े कुल 24 मामलों से अवगत कराया गया। सदारा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने जिला कलक्टर के समक्ष गांव में सड़क निर्माण करवाने, पानी निकासी की व्यवस्था करने, अतिक्रमण हटाने, रास्ता विवाद में रास्ता खुलवाने, पात्र परिवारों को पीएम आवास योजना का लाभ दिलवाने, घरेलू बिजली कनेक्शन का लाभ दिलवाने तथा पालनहार योजना का लाभ दिलवाने के परिवाद पेश किये। जिला कलक्टर ने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन प्रकरणों की जांच कर ग्रामीणों की समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

## आरएनटी कॉलेज कपासन के होस्टल में कृषि स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र का शव फंदे पर झूलता मिला

बढ़ता राजस्थान



**कपासन( नि.स.)।** नगर के राजमार्ग स्थित आरएनटी कॉलेज के हॉस्टल में शुक्रवार सांय एक विद्यार्थी का शव फंदे पर झूलता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कपासन चिकित्सालय के मोर्चरी में रखा तथा शनिवार को पोस्टमार्टम उपरांत मृतक छात्र का शव परिजनों को सुपुर्द किया।

जानकारी अनुसार कपासन नगर के राजमार्ग स्थित आरएनटी कॉलेज में कृषि स्नातक प्रथम वर्ष में अध्ययनरत छात्र राहुल सिंह रावत शुक्रवार सांय कॉलेज में हॉस्टल के कमरा नंबर 309 में फंदे पर झूलता मिला।साथी विद्यार्थी असेंबली में भाग लेने गए थे।वापस आने पर अंदर से कमरे की कुंडी लगी मिली।जिस पर विद्यार्थी छात्र ने कॉलेज वार्डन को सूचित किया तथा कमरे की कुंडी तोड़ कर दरवाजा खोला गया। अंदर राहुल रावत का शव फंदे पर झूलता हुआ मिला। कॉलेज प्रबंधन की सूचना पर कपासन पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव को कपासन चिकित्सालय की मोर्चरी में रखा गया। पुलिस प्रशासन द्वारा मृतक छात्र के परिजनों को सूचना दी गयी। मृतक छात्र अजमेर जिले में तहसील पीसांगन एवं पुष्कर थाना क्षेत्र के मोतीसर ग्राम का रहने वाला है।जिसने आरएनटी कॉलेज में एग्रीकल्चर प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया है। वह 18 सित. को अपने पिता के साथ घर से कॉलेज हॉस्टल में आया था। शनिवार सुबह कॉलेज में कपासन पुलिस एवं अन्य थानों का पुलिस जाब्ता तैनात रहा। इस दौरान तहसीलदार जगदीश बामनिया, पुलिस उपाधीक्षक अनिल सारण,सर्किल इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह आदि क्षेत्रीय अधिकारी मुस्तैद रहे।

## सुकन्या समृद्धि खाता महा अभियान के तहत कैंप का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर, (विष्णुदत्त धीमान)।** सुकन्या समृद्धि खाता महा अभियान के अंतर्गत शनिवार 21 सितंबर 2024 को वार्ड संख्या 13 में विजय सिंह जैन, अधीक्षक डाकघर ब्यावर मंडल एवं स्थानीय पार्षद अंगद राम अजमेरा के सानिध्य में सुकन्या समृद्धि खाता खोलने हेतु एक कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 10 वर्ष तक की आयु की बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए एवं 5 वर्ष तक के बच्चों के निशुल्क आधार कार्ड बनाए गए। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति नरेश कनोजिया भी उपस्थित रहे। इस कैंप में डाक विभाग के कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई। इस कैंप में बाबूलाल मीणा सहायक अधीक्षक मुख्यालय ब्यावर, अजय कुमार डाकपाल ब्यावर प्रधान डाकघर, पियूष बंसल कार्यवाहक निरीक्षक परिवाद, विकास प्रजापति, रामेश्वर लाल, नवल श्रीमाली, नितेश चौहान, लखन साहू, मुकेश मीणा, जसवंत रावत एवं कन्हैया लाल सहित अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

## रसद विभाग ने छापामार कार्यवाही कर 25 सिलेण्डर और 1 लोडिंग टेम्पो किया जब्त

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर, (विष्णुदत्त धीमान)।** खाद्य मंत्री राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार 17 से 27 सितम्बर 2024 तक गैस सिलेण्डर के दुरूपयोग पर कार्यवाही करने के निर्देशों की पालना करते हुये शनिवार 21 सितम्बर 2024 को जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक के नेतृत्व मे रसद विभाग द्वारा एक स्थान पर छापामार कार्यवाही करते हुये 25 सिलेण्डर और 1 लोडिंग टेम्पो जब्त किया गया ।जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक ने जानकारी देते हुये बताया कि सावरलाल चावला पुत्र भंवरलाल चावला साकेत नगर पुलिस थाने के पीछे ब्यावर पर उक्त कार्यवाही की गई जहां से 25 घरेलु सिलेण्डर (19.0), जिनमे एलपीजी भरी मात्रा 362.7 किलोग्राम और 1 लोडिंग टेम्पो जब्त किया गया। उन्होंने कहा कि आवासीय क्षेत्र मे बिना वैध अनुज्ञा पत्र के अवैध रूप से भण्डारण करने पर 25 व्यवसायिक सिलेण्डर श्रेणी के सिलेण्डर जिने 362.7 किलोग्राम एलपीजी भरी जब्त किये गये, जिनमे से 19 सिलेण्डर भरे थे एवं 6 सिलेण्डर खाली पाये गये। साथ ही एक लोडिंग टेम्पो नं. आर जे 06 जीबी 6610 भी पाया गया। आवासीय क्षेत्र मे बिना सक्षम स्वीकृति के सिलेण्डर भण्डारण करने मे एलपीजी के आदेश 2000 के प्रावधानो का उल्लंघन करने पर अवैध रूप से भण्डारण पर 25 व्यवसायिक (19.0) एलपीजी और लोडिंग टेम्पो जब्त किया गया और डांगी गैस सर्विस के कर्मचारी छगनलाल को सुपुर्द किये गये। इस कार्यवाही के दौरान जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक, प्रवर्तन अधिकारी हरि प्रसाद और मुरारी लाल उपस्थित थे।

## खेलने-कूदने की उम्र में सुरक्षित रहे बेटियां, स्कूलों में सिखाया गुड टच और बैड टच का अंतर



बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी (संजय कटारिया)।** जिले में संचालित समस्त निजी एवं राजकीय विद्यालयों में शनिवार को नो बैग डे पर विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों को जिला कलक्टर श्वेता चौहान के निर्देशानुसार महिला उत्पीड़न के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद नारायण शर्मा ने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों को गुड टच-बेड टच, चुप्पी तोड़ो-खुलकर बोलो आदि राज्य सरकार द्वारा संचालित किए गए कार्यक्रमों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

शर्मा ने बताया कि विद्यालयों में स्थापित गरिमा पेटिका में महिला एवं बाल उत्पीड़न के संबंध में प्राप्त शिकायतों की समय पर जांच कर विद्यालय स्तरीय समिति द्वारा निस्तारण करने एवं नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में प्रार्थना सभा में अपनी भावना को समझाना, दूसरों की भावना को समझना, व्यक्तिगत स्वास्थ्य की समझ का विकास एवं किशोर अवस्था की समझ पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ़ भाजपा नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर ज़िला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा माँग पत्र

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर, (विष्णुदत्त धीमान)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष आबिद कागज़ी के निर्देशानुसार ज़िला कांग्रेस कमेटी ब्यावर के अल्पसंख्यक विभाग की ओर से केंद्र सरकार के मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ़ आपत्तिजनक और हिंसात्मक टिप्पणी करने के कारण मंत्री पद से तुरंत प्रभाव से पद से बर्खास्त करने की माँग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम पुलिस उप अधीक्षक राजेश कसाणा को माँग पत्र सौंपा। ज़िला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी वृतंजय आर्य ने बताया कि कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष आबिद कागज़ी के निर्देश पर प्रदेश भर के ज़िला मुख्यालयों पर भाजपा नेताओं के भड़काऊ भाषणों और आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। उसी कड़ी में ब्यावर ज़िला कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के सदस्य और ज़िला महासचिव अज़मत काठात की ओर से महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम माँग पत्र में निवेदन किया गया है कि राहुल गांधी जो कि वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में संवैधानिक पद पर है और देश के प्रतिष्ठित लोगों में हैं। अभी हाल ही में नरेन्द्र मोदी सरकार के मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू जो वर्तमान में मोदी सरकार में रेल राज्य मंत्री और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री के पद पर आसीन है उन्होंने राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का उपयोग किया है।

आतंकवादी जैसे शब्द का इस्तेमाल करते हुए देश का और नेता प्रतिपक्ष के पद का अपमान किया है। राहुल गांधी का अपमान किया है। देश के बड़े मंत्री को इस तरह की भाषा शोभा नहीं देती है। जब मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ लेते है तो उनके लिए पूरे देश के नागरिक एक समान होते है लेकिन मंत्री रवनीत सिंह ने राहुल गांधी के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए अपने पद की गरिमा को तार-तार कर दिया है।

देश का हर आदमी इस आपत्तिजनक भाषा का विरोध कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के सभी कार्यकर्ता और आमजन आपसे निवेदन करते है कि आप केंद्रीय रेल राज्य मंत्री और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को तुरंत अपने पद से बर्खास्त करने की कृपा करें। आपकी बड़ी कृपा होगी और देश के सामने एक नजीर पेश होगी कि चाहे मंत्री हो चाहे आम आदमी कोई भी किसी के प्रति आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल नहीं कर सकता।

मीडिया प्रभारी वृतंजय आर्य ने बताया कि माँग पत्र की प्रतिलिपि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जिला कलेक्टर ब्यावर, उपखण्ड अधिकारीध्तहसीलदार ब्यावर सहित पुलिस अधीक्षक ज़िला ब्यावर को भी दी जाएगी। इस अवसर पर शकील खिलजी, अखलाख हुसैन, अय्यूब गौरी, अब्दुल रज्जाक, जाकिर हुसैन नागौरी, लियाकत अली, एडवोकेट आरिफ गौरी, वृतन्जय आर्य सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दलीप ट्रॉफी- इंडिया बी 282 रन पर ऑलआउट

## सौरभ कुमार को 5 विकेट; इंडिया सी 234 रन पर सिमटी, अभिषेक पोरेल की फिफ्टी



**अनंतपुर।**

दलीप ट्रॉफी का फाइनल राउंड शुरू हो चुका है। शनिवार को तीसरे दिन इंडिया सी की पहली पारी 234 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम की तरफ से सबसे ज्यादा 82 रन अभिषेक पोरेल ने बनाए। उनके अलावा पुलकित नारंग ने 41 रन की पारी खेली। इंडिया ए की तरफ से आवेश-आकिब ने 3-3 विकेट लिए। जबकि शम्स मुलानी को 2 विकेट मिला।

लंच होने तक इंडिया ए ने 3 विकेट खोकर 94 रन बना लिए हैं। रियान पराग और शाश्वत रावत क्रीज पर मौजूद है। टीम की बढ़त 157 रन की हो गई है।

एक अन्य मुकाबले में इंडिया डी के पहले इनिंग में 349 रन के जवाब में इंडिया बी 282 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने 116 रन की पारी खेली। वहीं वाशिंगटन सुंदर ने 87 रन बनाए। इंडिया डी की तरफ से सौरभ कुमार ने 5 विकेट लिए।

इंडिया-ए 1ह्य इंडिया-सी तीसरे दिन के पहले सेशन में इंडिया सी की टीम कुछ खास नहीं कर सकी और 234 पर ऑलआउट हो गई। जिससे टीम ए को पहले इनिंग के आधार पर 63 रन की लीड मिली। अब उनकी बढ़त 146 रन की हो गई है, दूसरे सेशन का खेल जारी है। दूसरी इनिंग में इंडिया ए ने अब तक 3 विकेट खोकर 94 रन बना लिए हैं।

इससे पहले दूसरे दिन इंडिया-सी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 29 रन के स्कोर पर कप्तान ऋतुराज गायकवाड का विकेट खो दिया। टीम की तरफ से सबसे ज्यादा 82 रन अभिषेक पोरेल ने बनाए। उनके अलावा बाबा इंद्रजीत 34, गायकवाड 17 और साई सुदर्शन 17 रन बनाकर आउट हुए।

गुरुवार को अनंतपुर में इंडिया-सी के कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। इंडिया-ए ने 36 रन के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए। प्रथम सिंह 6, मयंक अग्रवाल 6, तिलक वर्मा 5 और रियान पराग 2 ही रन बना सके। कुमार कुशाग्र तो खाता भी नहीं खोल सके।

शाश्वत रावत ने फिर शम्स मुलानी के साथ टीम को संभाला। दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप की और टीम को 100 के पार पहुंचा दिया। मुलानी 44 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद तनुष कोटियन भी 10 ही रन बना सके।

रावत ने लगाई सेंचुरी आखिर में आवेश खान ने 51 रन की पारी खेली। उनके साथ खेल रहे शाश्वत रावत ने 124 रन की पारी खेली और टीम को 200 के पार पहुंचा दिया। टीम ने 297 रन बनाए हैं। इंडिया-सी की ओर से तेज गेंदबाज विजयकुमार व्यस्क ने 4 विकेट लिए। उनके अलावा अंशुल कंबोज ने 3 और गौरव यादव को 2 विकेट मिला।

इंडिया-बी 1ह्य इंडिया-डी इंडिया बी आज सुबह 282 रन पर बिखर गई। कप्तान अभिमन्यु के 116 रन और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने 87 रन बनाए। स्पिनर सौरभ कुमार को 5 विकेट मिले।

इंडिया-डी अपने कल के स्कोर में 43 रन ही जोड़ पाई और इंडिया बी ने टीम को 349 रन पर ऑलआउट कर दिया। जवाब में दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंडिया-बी ने 6 विकेट खोकर 210 रन बना लिए हैंकप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने 116 रन की पारी खेली।

इससे पहले, इंडिया-डी टीम से संजू सैमसन ने शतक लगाया। उन्होंने 104 रन की पारी खेली। उनके अलावा पडिक्कल 50 और भरत 52 रन बनाकर आउट हुए। नंबर-3 पर उतरे रिकी भुई ने भी फिफ्टी लगा दी, उन्होंने निशांत सिंधु के साथ 54 रन जोड़े। भुई 56 और निशांत 19 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद कप्तान श्रेयस अय्यर 5 गेंदें खेलकर भी खाता भी नहीं खोल सके।

सैमसन की सेंचुरी 216 रन के स्कोर पर 5 विकेट गंवाने के बाद संजू सैमसन और सारांश जैन ने इंडिया-डी को संभाला। दोनों ने दिन का खेल खत्म होने तक टीम का स्कोर 306 तक पहुंचा दिया। सैमसन ने 106 और सारांश ने 26 रन की पारी खेली। इंडिया-बी की ओर से नवदीप सैनी ने 5 विकेट लिए और लेग स्पिनर राहुल चाहर को 3 विकेट मिले। वहीं मुकेश कुमार को 1 सफलता मिली। पॉइंट्स टेबल में इंडिया-सी टॉप पर दलीप ट्रॉफी के आखिरी राउंड से ही विजेता का फैसला होगा, पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रहने वाली टीम चैंपियन बनेगी। फिलहाल इंडिया-सी 9 पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर है। इंडिया-बी के 7 और इंडिया-ए के 6 पॉइंट्स हैं। इंडिया-डी अब तक एक भी मैच नहीं जीत सकी, इसलिए उनके पास कोई अंक नहीं है। टूर्नामेंट में सीधी जीत के 6 अंक, पहली पारी में बढ़त से हुए ड्रॉ पर 3 अंक व ड्रॉ में पिछड़ने पर 1 अंक मिलता है।

# बांग्लादेश को हराने से 6 विकेट दूर भारत : खराब रोशनी के कारण स्टंप्स जल्दी; बांग्लादेश 158/4, टारगेट- 515

**चेन्नई।**

टीम इंडिया चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में जीत से 6 विकेट दूर है। बांग्लादेश की टीम ने शनिवार को मैच के तीसरे दिन स्टंप्स तक अपनी दूसरी पारी में 4 विकेट खोकर 158 रन बनाए हैं। टीम अभी 515 रन के टारगेट से 357 रन पीछे है। कप्तान नजमुल हसन शांतो 51 और शाकिब अल हसन 5 रन बनाकर नॉटआउट हैं। भारत के लिए रविचंद्रन अश्विन ने तीन विकेट लिए हैं। जसप्रीत बुमराह को 1 विकेट मिला है।

तीसरे दिन खराब रोशनी की वजह से 10 ओवर खेल कम हुआ। बांग्लादेश की पारी के दौरान पहले खेल काफी देर तक रुका रहा, फिर स्टंप्स कर दिया गया।

इससे पहले, भारत ने दूसरी पारी 4 विकेट पर 287 रन के स्कोर पर घोषित कर दी। शुभमन गिल (119 नाबाद) और ऋषभ पंत (109) ने शतक बनाए। यह गिल के टेस्ट करियर की पांचवीं और पंत के करियर छठी सेंचुरी है। भारत ने पहली पारी में 376 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश की पहली पारी 149 रन पर सिमट गई थी।

### खराब रोशनी की वजह से खेल रुका

खराब रोशनी की वजह से खेल रोक दिया गया है। ग्रांउड स्टाफ पिच को भी कवर कर दिए हैं। खिलाड़ी पवेलियन लौट गए हैं।

### नजमुल हुसैन शांतो का अर्धशतक

बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो अपना अर्धशतक पूरा कर चुके हैं। शांतो ने रविचंद्रन अश्विन की बॉल पर सिक्स लगाकर अर्धशतक किया।

### बांग्लादेश का तीसरा विकेट गिरा, मुशिफकुर आउट

रविचंद्रन अश्विन चेन्नई टेस्ट में 2 विकेट ले चुके है। रविचंद्रन अश्विन 34वें ओवर की चौथी बॉल पर भारत को चौथी सफलता दिलाई। यह पारी में उनका तीसरा विकेट रहा, उन्होंने मुश्फिकुर रहीम को केएल राहुल के हाथों कैच कराया। मुश्फिकुर ने 11 बॉल पर 13 रन बनाए।

रविचंद्रन अश्विन 30वें ओवर की आखिरी बॉल पर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। यह पारी में उनका दूसरा विकेट रहा, उन्होंने मोमिनुल हक को बोल्ड किया। मोमिनुल ने 24 बॉल पर 13 रन बनाए।

### जाकिर के बाद शादमान भी आउट

जाकिर हसन के बाद शादमान इस्लाम भी ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सके। उन्हें रविचंद्रन अश्विन ने शॉर्ट मिडविकेट पर शुभमन गिल के हाथों कैच कराया। शादमान 68 बॉल पर 35 रन बनाकर आउट हुए।

### जाकिर हसन आउट, बुमराह ने अर्धशतकीय साझेदारी तोड़ी

जाकिर हसन 47 बॉल पर 33 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने गली में यशस्वी जायसवाल को हाथों कैच कराया। जाकिर के विकेट के साथ उनकी शादमान इस्लाम के साथ 62 रन की साझेदारी भी टूट गई।

### शुभमन गिल का शतक

पंत के बाद शुभमन गिल ने भी शतक लगा दिया है। उन्होंने 161 गेंद में टेस्ट करियर का पांचवां शतक जड़ा। गिल ने पंत के साथ चौथे विकेट के लिए 167 रन की साझेदारी की थी।

### गिल और पंत के बीच अर्धशतकीय साझेदारी

गिल और पंत के बीच दूसरी पारी में अर्धशतकीय साझेदारी पूरी हो चुका है। गिल ने 32वें ओवर की तीसरी बॉल पर सिंगल लेकर यह साझेदारी पूरी की।




### तीसरे दिन का खेल शुरू, गिल और पंत क्रीज पर

तीसरे दिन का खेल शुरू हो चुका है। गिल और पंत क्रीज पर है। दोनों से एक बड़ी पारी की उम्मीद है। गिल 33 और पंत 13 रन बनाकर नाबाद हैं।

### भारत ने दूसरी पारी में तीन विकेट खोए

भारत ने दूसरी पारी में तीन विकेट खोए। दूसरी पारी में रोहित शर्मा 5, यशस्वी जायसवाल 10 और विराट कोहली 17 रन बनाकर आउट हुए। बांग्लादेश की ओर से अब तक मेहदी हसन मिराज, नाहिद राणा, और तस्कीन अहमद को 1-1 विकेट मिले।

### चेन्नई में हुई है बारिश

चेन्नई में आज सुबह बारिश हुई, लेकिन मैदान समय से सुखा कर मैच टाइम पर शुरु हो गया। जिससे पिच पर असर पड़ सकता है, आज पहले सेशन में तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकती है।

### चेपॉक में पहली बार 17 विकेट

भारत-बांग्लादेश मैच के दूसरे दिन चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में किसी भी एक दिन में पहली बार 17 विकेट गिरे। इनेमें से 14 विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए। जबकि 3 विकेट स्पिनर को मिला।

# अफगानिस्तान ने पहली बार साउथ अफ्रीका से कोई सीरीज जीती

## दूसरा वनडे 177 रन से हराया; गुरबाज की सेंचुरी, राशिद को 5 विकेट

**शारजाह।**

अफगानिस्तान ने शुक्रवार को साउथ अफ्रीका को लगातार दूसरे वनडे में हराकर सीरीज अपने नाम कर ली। शारजाह में हुए इस मुकाबले में अफगानिस्तान की टीम ने 177 रनों से जीत दर्ज की। ये वनडे में उसकी रनों के मामले में सबसे बड़ी जीत है। इसके साथ ही टीम ने पहली बार साउथ अफ्रीका से किसी भी फॉर्मेट में सीरीज जीती है।

अफगानिस्तान के कप्तान हश्मतुल्लाह शहीदी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज के रिकॉर्ड 7वें शतक के चलते टीम ने अफ्रीका के सामने 312 रन का लक्ष्य रखा।

टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम अफगानी स्पिनर्स के सामने टिक नहीं पाई और 134 रन पर सिमट गई। बर्थ-डे बॉय राशिद खान ने 5 विकेट लिए, जबकि नांगेयालीया खरोटे को 4 विकेट मिले। अफ्रीका की तरफ से सबसे ज्यादा 38 रन कप्तान तेम्बा बावूमा ने बनाए। पहले वनडे में अफगानिस्तान ने साउथ अफ्रीका को 6 विकेट से हराया था। टीम ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है।

रहमानुल्लाह गुरबाज का शतक अफगानिस्तान के ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज ने शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 110 बॉल पर 105 रन बनाए। अपनी पारी में गुरबाज ने 10 चौके और 3 छक्के लगाए। उन्होंने पहले विकेट के लिए रियाज हसन के साथ मिलकर 105 बॉल पर 88 रन जोड़े। गुरबाज अफगानिस्तान के लिए तीनों फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। अब उनके 8 शतक हो गए हैं। दूसरे नंबर पर 7 शतक के साथ विकेटकीपर बल्लेबाज मो. शहजाद हैं।

अजमातुल्लाह ओमरजई और रहमत शाह की हाफ सेंचुरी गुरबाज के साथ मिलकर रहमत शाह ने शतकीय साझेदारी की। दोनों ने मिलकर टीम के लिए 102 बॉल पर 101 रन जोड़े। रहमत शाह ने 2 चौकों की मदद से 50 रन की पारी खेली। उनके अलावा अजमातुल्लाह ओमरजई ने 172 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 86 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 5 चौके और 6 छक्के लगाए। उन्होंने चौथे विकेट के लिए मो. नबी के साथ मिलकर 41 बॉल पर 55 रन की साझेदारी की। साउथ अफ्रीका के लिए लुंगी एनगिडी, नांद्रे बर्गर, न्काबा पीटर और एडन मार्करम ने 1-1 विकेट लिए।



साउथ अफ्रीका की शानदार शुरुआत 312 रन का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की टीम के ओपनर्स तेम्बा बावूमा और टोनी डी जोर्जे ने शानदार शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 73 रन जोड़े, लेकिन इनके बाद कोई भी अफ्रीकी बल्लेबाज क्रीज पर टिक नहीं सका। कप्तान तेम्बा बावूमा ने सबसे ज्यादा 38 रन बनाए। आखिरी के 7 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी न छू पाए। साउथ अफ्रीका 34.2 ओवर में सिर्फ 134 रन पर ही ऑल आउट हो गई और 177 रन से मैच हार गई। अपना 26वां जन्मदिन मना रहे राशिद खान ने शानदार बालिंग की। उन्होंने 9 ओवर में 19 रन देकर 5 विकेट लिए। अपने बॉलिंग स्पेल में राशिद ने एक मेडेन ओवर भी डाला। उन्होंने टोनी डी जोर्जी, एडन मार्करम, ट्रिस्टन स्टब्स, कील वेरीइन और वियान मुल्डर को आउट किया। राशिद खान को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। लेफ्ट आर्म स्पिनर नांगेयालिया खरोटे को 4 विकेट मिले।

# चेस ओलिंपियाड- 9वें राउंड के बाद भारत पहले स्थान पर

## उज्बेकिस्तान से ड्रॉ खेला; विमेंस कैटेगरी में भारतीय टीम दूसरे नंबर पर खिसकी



**बुडापेस्ट।**

45वें फिडे चेस ओलिंपियाड में उज्बेकिस्तान ने भारत के लगातार 8 मैच की विनिंग स्ट्रीक पर रोक लगा दी। ओपन रैंकिंग में भारत का मुकाबला उज्बेकिस्तान से हुआ। दोनों टीम ने 2-2 से ड्रॉ खेला। भारत नौ राउंड पूरा होने के बाद ओपन कैटेगरी में 17 पॉइंट्स के बाद टॉप पर है। वहीं विमेंस कैटेगरी में 15 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गया हैं। टूर्नामेंट का 11वां और फाइनल राउंड 22 सितंबर को खेला जाएगा।

शुक्रवार को नौवें राउंड के ओपन कैटेगरी में भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने उज्बेकिस्तान? के अब्दुसत्तोरोव नोदिरिबेक के साथ 0.5-0.5 से ड्रॉ खेला। इसके अलावा सभी मैच ड्रॉ रहें। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में चल रहे टूर्नामेंट में भारतीय विमेंस टीम का मुकाबला भी ड्रॉ रहा। अमेरिका और भारत को 2-2 पॉइंट मिले।

चेस ओलिंपियाड के हर राउंड में 4 इंडिविजुअल मुकाबले होते हैं। हर मुकाबले को जीतने पर एक अंक मिलता है, जबकि ड्रॉ की स्थिति में आधा अंक मिलता है। फिर टोटल अंकों के आधार पर उस राउंड का विनर डिसाइड होता है।

### 9वें राउंड के मुकाबले...

**ओपन कैटेगरी :** सभी ने ड्रॉ खेला ओपन कैटेगरी के 9वें राउंड में भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती, प्रज्ञानंदा सभी ने अपने मैच ड्रॉ खेले।

**विमेंस कैटेगरी:** वंतिका जीती, वैशाली हारी विमेंस कैटेगरी के 9वें राउंड में अमेरिका और भारत को 2-2 पॉइंट्स मिले। भारत के लिए वंतिका अग्रवाल ने अपना मुकाबला जीता, जबकि वैशाली रमेशबाबू को अमेरिका की तोखिरजोनोवा गुलरुखबेगिम ने 1-0 से हराया।

# हरमनप्रीत सिंह एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में

**नई दिल्ली**

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को शनिवार को एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिये नामांकित किया गया। 28 वर्ष के ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत ने पेरिस ओलंपिक में आठ मैचों में दस गोल किये थे।

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को शनिवार को एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिये नामांकित किया गया। 28 वर्ष के ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत ने पेरिस ओलंपिक में आठ मैचों में दस गोल किये थे। वह 2020 और 2022 में लगातार दो बार पुरस्कार जीत चुके हैं।

हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा ,'' एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में एक बार फिर शामिल होना गर्व की बात है।'' उन्होंने कहा ,'' मुझे खुशी है कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ मुझे नामांकन मिला है। लेकिन यह मेरी टीम के सहयोग के बिना संभव नहीं था। मैं एफआईएच प्रो लीग और पेरिस ओलंपिक में भी इतने गोल इसलिये कर सका क्योंकि टीम ने गोल करने के मौके बनाये।''

हरमनप्रीत के अलावा नीदरलैंड के थियरी ब्रिंकमैन और योएप डि मोल, जर्मनी के हानेस म्यूलेर और इंग्लैंड के जाक वालास भी दौड़ में हैं। इसके लिये 2024 में हुए सभी मैचों को गिना जायेगा जिसमें टेस्ट मैच, एफआईएच हॉकी प्रो लीग, एफआईएच हॉकी नेशंस कप, ओलंपिक क्वालीफायर और ओलंपिक शामिल है। हरमनप्रीत ने कहा ,'' पेरिस ओलंपिक अभी तक मेरे कैरियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है। टीम ने हमेशा मेरा साथ दिया, खासकर पिछले साल विश्व कप में जब मैं एक भी गोल नहीं कर सका था। लेकिन टीम ने मुझे दोष नहीं दिया। मेरे दिमाग में हमेशा से था कि टीम के भरोसे पर खरा उतरना है।'' भारतीय टीम ने हाल ही में चीन में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी भी जीती है। हरमनप्रीत सात गोल करके प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे। पुरस्कार के लिये मतदान 11 अक्टूबर तक होगा।




# पंत का छठा शतक, धोनी की बराबरी की

## डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले विकेटकीपर बने, शुभमन के 100 सिक्स

**चेन्नई।**

भारत और बांग्लादेश के बीच चेन्नई टेस्ट का तीसरा दिन रिकॉर्ड ब्रेकिंग रहा। शुभमन गिल ने पांचवां टेस्ट शतक लगाया। गिल 2022 से सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी हैं। उनके तीनों फॉर्मेट में 100 सिक्स भी पूरे हो गए। दूसरी ओर ऋषभ पंत ने टेस्ट क्रिकेट में डेढ़ साल बाद वापसी की और सेंचुरी लगा दी। पंत ने करियर की छठी टेस्ट सेंचुरी लगाई। इसी के साथ उन्होंने एमएस धोनी के टेस्ट शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।

**1. डब्ल्यूटीसी 2023-25 में शुभमन का तीसरा शतक**

शुभमन गिल ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा साइकिल में तीसरा शतक लगाया। उन्होंने बाकी 2 सेंचुरी इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ लगाई थी। डब्ल्यूटीसी के मौजूदा साइकिल में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीयों में शुभमन पहले नंबर पर पहुंच गए। उनके साथ रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल के भी 3-3 शतक हैं।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में ओवरऑल भारत के लिए रोहित शर्मा ने सबसे ज्यादा 9 सेंचुरी लगाई हैं। शुभमन गिल 5 शतक के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए। वहीं ऋषभ पंत 4 सेंचुरी लगाकर तीसरे नंबर पर हैं। मयंक अग्रवाल और विराट कोहली के भी 4-4 शतक ही हैं।

**2. 2023 से भारत के लिए सबसे ज्यादा शतक**

शुभमन गिल ने 2023 से इंटरनेशनल क्रिकेट में 10वां शतक लगा दिया। वह पिछले 2 साल में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय हैं। उनके बाद विराट कोहली ने 8, रोहित शर्मा ने 7 और यशस्वी जायसवाल ने 4 शतक लगाए हैं।

**3. 2022 से सबसे ज्यादा सेंचुरी**

शुभमन गिल ने 2022 के बाद से 12वां इंटरनेशनल शतक लगाया। इस मामले में वह टॉप पर हैं। उनके बाद पाकिस्तान के बाबर आजम और इंग्लैंड के जो रूट ने 11-11 सेंचुरी लगाई हैं। भारत के विराट कोहली 10 सेंचुरी लगाकर चौथे नंबर पर हैं।

## फरहान अख्तर से शादी के बाद गोल्ड डिगर कहा गया:शिबानी दांडेकर बोलीं- हमारे रिश्ते को लव जिहाद का नाम दिया क्योंकि वो मुस्लिम और मैं हिंदू हूं

फरहान अख्तर और शिबानी दांडेकर की शादी 2022 में हुई थी। शिबानी फरहान की दूसरी पत्नी हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने फरहान से शादी के बाद हुई ट्रोलिंग पर बात की है। शिबानी ने कहा कि जब उन्होंने फरहान को डेट करना शुरू किया तो लोग उन्हें गोल्ड डिगर कहने लगे थे। साथ ही फरहान से उनकी शादी को लव जिहाद का नाम दिया गया था।

### मैं गोल्ड डिगर नहीं हूं: शिबानी

रिया चक्रवर्ती के पॉडकास्ट चैप्टर 2 में शिबानी ने कहा, जब मैं फरहान के साथ रिलेशनशिप में आई तो लोग मुझे गोल्ड डिगर और हमारे रिलेशन को लव जिहाद का नाम देने लगे थे। मैं इस बारे में क्या कर सकती थी? क्या मैं बैठकर रोती कि लोग मेरे बारे में ऐसा कह रहे हैं। मैं गोल्ड डिगर नहीं हूं। सच्चाई ये है कि वो (फरहान) मुस्लिम हैं और मैं हिंदू हूं, हमने शादी कर ली और हम अपनी लाइफ में खुश हैं। लोग जो कहना चाहें कह सकते हैं लेकिन हमारी सच्चाई यही है।

शिबानी ने कहा कि नेगेटिव कमेंट्स की चिंता किए बगैर वो केवल बेहतर जिंदगी के बारे में सोचती हैं। शिबानी ने कहा, लोग मेरे बारे में कमेंट्स करते हैं, ये कौन है? फरहान से शादी के पहले ये क्या थी? मैं इन कमेंट्स को पढ़कर बैठ जाऊं और सोचूं कि मैंने लाइफ में किया क्या है? मैं इन सब चीजों में नहीं पड़ती हूं।

### शादी से पहले लिव इन में थे फरहान-शिबानी

फरहान-शिबानी की शादी खंडाला में 19 फरवरी 2022 को हुई थी। फरहान-शिबानी करीब 4 साल से रिलेशन में थे और लिव-इन में रह रहे थे। दोनों ने कुछ समय तक सबसे अपना रिश्ता छुपाने के बाद साल 2018 में अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियल कर दिया था।

फरहान की शिबानी से दूसरी शादी है। उन्होंने पहली शादी हेयर स्टाइलिस्ट अधुना से की थी, जिनसे उनकी दो बेटियां भी हैं। फरहान और अधुना का 2017 में तलाक हो गया था।

## फैन ने पूछा- क्या जयम रवि आपके साथ सेफ हैं : एक्टर की कथित गर्लफ्रेंड केनिषा भड़कीं, कहा- आप अपनी फैमिली के साथ सेफ हैं?

तमिल एक्टर जयम रवि इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। कहा जा रहा है कि एक्टर बेंगलुरु बेस्ड सिंगर केनिषा फ्रांसिस को डेट कर रहे हैं। जिस कारण उन्होंने अपनी पत्नी आरती रवि से तलाक लेने का फैसला किया है। इसी बीच एक यूजर ने जयम और केनिषा के रिश्ते को लेकर पोस्ट किया था। जिसपर केनिषा फ्रांसिस ने भी अपना रिएक्शन दिया है।

### यूजर के सवाल पर भड़कीं केनिषा

दरअसल, एक यूजर ने सोशल मीडिया पर लिखा था, 'जयम रवि केनिषा फ्रांसिस के साथ सुरक्षित हैं? इसका जवाब देते हुए केनिषा ने लिखा, 'आप अपने माता-पिता के साथ सुरक्षित हैं? आप खुद के साथ सुरक्षित हैं? अपनी सभी असुरक्षाओं के साथ सुरक्षित हैं? क्या आप अपने आस-पास के सभी दोस्तों के साथ सुरक्षित हैं? आप दूसरों के लिए सबसे पहले एक सुरक्षित व्यक्ति हैं? मैं आपके लिए शांति और प्यार की कामना करती हूं।'

### जानें क्या है पूरा मामला

बता दें, जयम रवि ने 9 सितंबर को पत्नी आरती संग 15 साल की शादी तोड़ने का ऐलान सोशल मीडिया के जरिए किया था। जिसने हर किसी को हैरान कर दिया था। इसके बाद एक्टर की पत्नी आरती रवि ने दावा किया था कि तलाक की घोषणा उनकी जानकारी के बिना हुई थी। ये पूरी तरह से एक तरफा फैसला है।

### शादी की सालगिरह छोड़ सिंगर के साथ बिताया समय

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जयम रवि और आरती के बीच गोवा ट्रिप को लेकर विवाद शुरू हुआ था। अभिनेता जयम अपनी पत्नी के साथ शादी की सालगिरह न मनाकर सिंगर केनिषा के साथ गोवा चले गए थे। इसकी जानकारी आरती को तब हुई जब उन्हें ओवरस्पीडिंग के कारण चालान का अलर्ट आया था।

### कौन हैं केनिषा फ्रांसिस?

केनिषा फ्रांसिस बेंगलुरु की रहने वाली हैं। केनिषा को 2015 में इंग्लिश सिंगिंग रियलिटी शो 'द स्टेज' में फाइनलिस्ट बनने के बाद पहचान मिली थी। उन्हें हिंदी, इंग्लिश और तमिल के साथ ही कई भाषाओं में गाना गाने के लिए जाना जाता है। कनिषा ने 'ब्लू नैना' सॉन्ग के साथ अपने हिंदी संगीत की शुरुआत की थी।

## बेटे को लेकर हॉस्पिटल पहुंचीं काजोल : अपने ही बॉडीगार्ड को दिया धक्का, ट्रोलर्स बोले- धीरे-धीरे आप जया बच्चन जैसी बन रही हैं

बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसे लेकर यूजर्स उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। दरअसल, एक्ट्रेस हाल ही में अपने बेटे को डॉक्टर विजिट पर लेकर गई थीं।

इसी दौरान जब वो हॉस्पिटल से बाहर निकलीं तो सीढ़ियों से उतरते वक्त उन्होंने अपने ही बॉडीगार्ड को धक्का दे दिया। अपने बॉडीगार्ड के प्रति एक्ट्रेस का यह रवैया देख फैंस ने काजोल को ट्रोल करना शुरू कर दिया।

यूजर बोले- काजोल का नेचर अच्छा नहीं इस वायरल वीडियो के कमेंट सेक्शन में एक यूजर ने लिखा, 'देखिए इन्हें, ये उसे ही धक्का दे रही हैं जो इन्हें प्रोटेक्ट कर रहा है।' वहीं एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, 'काजोल का नेचर बिल्कुल अच्छा नहीं है। ये हमेशा ही रूड रहती हैं।'

जया बच्चन से की तुलना वहीं एक यूजर ने तो काजोल की तुलना जया बच्चन से की है। उन्होंने कहा कि काजोल धीरे-धीरे जया जैसी बनती जा रही हैं। बता दें कि जया बच्चन भी अक्सर इस तरह के अजीब व्यवहार के चलते सुर्खियों में रहती हैं।

एक्ट्रेस ने लास्ट में बोला सॉरी हालांकि, कुछ यूजर्स काजोल के सपोर्ट में भी उतरे। एक ने लिखा, 'उन्होंने धक्का नहीं दिया, सिर्फ अपना रास्ता बनाया है।' वहीं एक ने कमेंट किया- 'क्या किसी ने नोटिस किया कि एक्ट्रेस ने लास्ट में सॉरी बोला है।'

प्रभु देवा के साथ महारागिनी में नजर आएंगी वर्कफ्रंट पर काजोल आखिरी बार पिछले साल रिलीज हुई लस्ट स्टोरीज 2 और वेब सीरीज द ट्रायल में भी नजर आई थीं। एक्ट्रेस इन दिनों एक्शन-थ्रिलर फिल्म महारागिनी की शूटिंग कर रही हैं। इसमें उनके अपोजिट प्रभुदेवा और नसीरुद्दीन शाह जैसे कलाकार नजर आएंगे।



## जब ऐड शूट के दौरान अनकंफर्टेबल हुईं शमा सिकंदर

बॉलीवुड और टीवी एक्ट्रेस शमा सिकंदर ने फिल्म इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि एक एड शूट पर उन्हें अनकंफर्टेबल सिचुएशन का सामना करना पड़ा था क्योंकि एक सुपरस्टार ने उन्हें सीन इम्प्रोवाइज करने के नाम पर गले लगा लिया था।

बॉलीवुड बबल को दिए इंटरव्यू में शमा ने कहा, मुझे एड की शूटिंग पर लगा कि वो एक्टर मुझे किसी न किसी बहाने बस गले लगाना चाहता था। आपको कुछ लोगों से वाइब आ जाती है। जब वे मेरे साथ शूटिंग कर रहे थे तो उन्होंने सीन बेहतर करने के लिए कुछ बातें कहीं। उन्होंने कहा कि वह सीन में मुझे गहने पहना देंगे। फिर मुझे गले लगा लेंगे। जब उन्होंने मुझे गले लगाने की कोशिश की, तो मैं काफी अनकंफर्टेबल हो गई। ऐसा मैंने पहले कभी फील नहीं किया था।

शमा ने आगे कहा, मैंने उनसे पहले कई लोगों के साथ काम किया है। कई लड़के मेरे दोस्त हैं लेकिन किसी के साथ मुझे इतना अनकंफर्टेबल महसूस नहीं हुआ। वो आदमी सुपरस्टार था तो उसे ये सब करने की क्या जरूरत थी? वो बेहद शॉकिंग घटना थी। मैं जिंदगी में दोबारा कभी उसके साथ काम नहीं करूंगी।

### इनडायरेक्टली फेवर मांगते थे लोग

शमा ने कास्टिंग काउच को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, कई बार ऐसे मौके आए जब लोग इनडायरेक्टली फेवर मांगते थे। मैंने एक बहुत बड़ी फिल्म साइन की थी। मैं मेकअप कर रही थी और फिर मुझसे कहा गया कि मेरा शूट

### कहा-सीन के बहाने सुपरस्टार ने लगा लिया था गले, लोग इनडायरेक्टली फेवर मांगते थे

कैंसिल हो गया है। मुझे एक बड़े सुपरस्टार के साथ शूट करना था और मुझसे कहा गया कि सर नहीं आएंगे, आप जा सकती हैं। मैंने फिल्म के लिए काफी तैयारी की थी और घंटों शूटिंग के लिए इंतजार किया था।

वो लोग मुझे इनडायरेक्टली कई चीजों का हिंट दे रहे थे जो कि कही नहीं जा सकती थीं। मगर मैं तब इतनी मैच्योर नहीं थी कि ये सब समझ पाती। उन्होंने मुझपर सेट छोड़ने का दबाव बनाया। बाद में मुझे पता चला कि उन्होंने दूसरी हीरोइन साइन कर ली थी। मुझे ये जानकर बहुत धक्का लगा लेकिन मेरे पापा ने मुझे संभाला।

### मॉडलिंग से फिल्मों में आई थीं शमा

शमा सिकंदर ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। उसके बाद वो कई म्यूजिक वीडियोज में नजर आईं। टीवी शो बालवीर (2014) में भयंकर परी का किरदार निभाकर उन्होंने खूब पॉपुलैरिटी हासिल की थी। उन्होंने ये मेरी लाइफ है, सेवन जैसे सीरियल में भी काम किया है।


उन्होंने फिल्म प्रेम अगन (1998), मन (1999), अंश (2002), धूम धड़ाका (2008) में भी काम किया है।

## पूजा भट्ट ने शराब छोड़ने की असल वजह बताई बोलीं- पिता के एक मैसेज से बदली जिंदगी, बाद में कुदरत ने सारी खुशियां भी दे दीं

पूजा भट्ट ने हाल ही में खुलासा किया है कि पिता के एक मैसेज ने उन्हें शराब छोड़ने में मदद की थी। दरअसल, पूजा को 16 साल की उम्र में शराब की लत लग गई थी। तब पिता महेश भट्ट ने उन्हें बुरे वक्त से बाहर आने में मदद की थी।

एक इंटरव्यू में पूजा ने कहा, 'जब मैंने शराब छोड़ने का फैसला किया था, तब मैं अपना बेस्ट वर्जन बनना चाहती है। भट्ट साहब ने मुझे एक मैसेज भेजा था, जिससे मुझे इन सब से बाहर निकलने में बहुत मदद मिली। उस मैसेज में उन्होंने लिखा था- अगर तुम मुझसे प्यार करती हो, तो खुद से प्यार करो।

मैं खुद से तभी प्यार कर सकती थी, जब मैं शराब पीना छोड़ दूं। जिस दिन मैंने शराब छोड़ने का छोटा सा स्टेप लिया, फिर कुदरत ने मुझे बहुत कुछ दिया।'



बता दें, पूजा भट्ट पिता महेश भट्ट के साथ एक पॉडकास्ट शुरू करने जा रही हैं। महेश भट्ट ने शुक्रवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर इसकी घोषणा की। भट्ट ने बताया कि वे एक पॉडकास्ट शुरू कर रहे हैं, जिसमें वे उन लोगों से बातें करेंगे, जिन्हें अपने जीवन में किसी न किसी एक चीज का एडिक्शन है। इस पॉडकास्ट को इमरान जाहिद प्रोड्यूस कर रहे हैं।

पूजा की पर्सनल लाइफ हमेशा चर्चा में रही पूजा भट्ट की पर्सनल लाइफ भी हमेशा लाइफ लाइट में रही है। उनके और रणवीर शौरी की अफेयर की खबरें भी बहुत चर्चा में थीं। ब्रेकअप के बाद दोनों ने एक दूसरे पर कई संगीन आरोप लगाए थे।

रणवीर से अलग होने के बाद पूजा ने 2003 में बिजनेसमैन मनीष मखीजा से शादी की थी। हालांकि उनका यह रिश्ता भी लंबा नहीं चला और 2014 में उन्होंने मनीष से तलाक ले लिया।

### एक्टिंग के साथ डायरेक्शन में आजमाया हाथ

पूजा भट्ट ने फिल्म डैडी (1989) से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसे उनके पिता महेश भट्ट ने डायरेक्ट किया था। इस वक्त पूजा सिर्फ 17 साल की थीं। इस फिल्म में उनका काफी बोल्ड लुक देखने को मिला था। फिल्म के लिए पूजा को फिल्मफेयर न्यू फेस ऑफ द ईयर का अवॉर्ड भी मिला था।

1991 में आई पूजा की फिल्म दिल है कि मानता नहीं उनके करियर की सबसे हिट फिल्म रही। आमिर खान स्टारर इस फिल्म के जरिए उन्होंने दर्शकों की वाहवाही बटोरी। संजय दत्त के साथ 1991 में आई सड़क में उनकी एक्टिंग सराही गई। पूजा की आखिरी बार 2022 की फिल्म चुप में देखा गया था।

2004 में फिल्म पाप से उन्होंने डायरेक्शन में कदम रखा। 1996 में उन्होंने पूजा भट्ट प्रोडक्शन कंपनी खोली, इसके तहत बनी पहली फिल्म तमन्ना रिलीज 2007 में हुई थी।

## डेब्यू फिल्म की शूटिंग से पहले आया था पैनिक अटैक

### आलिया भट्ट बोलीं- पिता महेश भट्ट ने बहुत समझाया, फिर हिम्मत आई




आलिया भट्ट अपनी अपकमिंग फिल्म 'जिगरा' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसी बीच एक इंटरव्यू में आलिया ने बताया कि कैसे करियर की शुरुआत में पिता महेश भट्ट ने उनकी मदद की थी। दरअसल, आलिया को फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' की शूटिंग शुरू होने से एक दिन पहले पैनिक अटैक आ गया था। तब महेश भट्ट ने उन्हें इस तरह के सिचुएशन से डील करना सिखाया था।

इंडिया टुडे को दिए गए इंटरव्यू में आलिया भट्ट ने कहा, 'फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर की शूटिंग से एक दिन पहले मुझे पैनिक अटैक आ गया था। मैं रोते हुए कांप रही थी। जैसे-तैसे मैंने पापा को कॉल किया। उन्होंने मुझे अपने ऑफिस बुलाया। मैंने सोचा वो मुझे गले लगाएंगे। लेकिन उन्होंने मुझे एक कमरे में आठ लोगों के बीच खड़ा कर दिया और कहने लगे कि अब बताओ कैसा लग रहा है। क्या महसूस रही हो।'

आलिया ने कहा, 'पहले तो मुझे लगा कि ये क्या है। उन्होंने ऐसा क्यों किया? लेकिन फिर मुझे अच्छा महसूस होने लगा। खास बात ये थी कि उस वक्त वहां पर इमरान हाशमी भी मौजूद थे। उन्होंने कहा था कि आलिया तुम्हें अपनी हर फिल्म और शॉट से पहले ऐसा ही महसूस होगा।'

आलिया ने आगे कहा, 'मेरे पिता कोई सामान्य पिता नहीं हैं। वे मुझे फेलियर के दौरान प्रोटेक्ट नहीं करते, बल्कि उसे फेस करने की सलाह देते हैं। वो कहते हैं कि असफल होने से कभी नाराज नहीं होना चाहिए। अगर तुम फेल नहीं हुई तो मैं तुमसे नाराज हो जाऊंगा, क्योंकि लाइफ में फेल होने से आप काफी कुछ सिखते हैं।

बता दें, फिल्म 'जिगरा' 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में आलिया भट्ट के साथ वेदांग रैन नजर आएंगे। इस फिल्म की कहानी भाई-बहन की लाइफ पर आधारित है। वहीं, जिगरा का क्लैश राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' से होगा।

## पंजाबी सिंगर पर फैन ने फेंका फोन

### पटियाला पैग सॉन्ग गा रहे थे दिलजीत दोसांझ; पहले फैन को समझाया, फिर जैकेट गिफ्ट की

पेरिस में पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ पर कॉन्सर्ट के दौरान परफॉर्मेंस देते वक्त फैन ने फोन फेंक दिया। फैन को स्टेज पर फोन फेंकते सिंगर ने देख लिया। इस पर उन्होंने फैन को समझाया और कहा कि ऐसा मत किया करो, हमेशा प्यारा बांटा करें। फिर बाद में अपनी जैकेट उसे गिफ्ट की।

स्टेज पर फोन फेंकते की वीडियो भी सामने आई है। फिलहाल दिलजीत की टीम या अन्य किसी भी व्यक्ति का इसे लेकर बयान सामने नहीं आया है।

इससे कुछ दिन पहले लंदन में कॉन्सर्ट के दौरान पंजाबी सिंगर करण औजला पर दर्शक ने जूता फेंक दिया था।

पेरिस में 19 सितंबर की रात को दिलजीत दोसांझ का कार्यक्रम था। यहां दोसांझ अपना पटियाला पेग... गाना गा रहे थे। इस दौरान एक फैन ने अपना आईफोन स्टेज पर फेंक दिया। जिसे दिलजीत ने देख लिया और फोन अपने हाथ में ले लिया।

जिसके बाद गाना और बैंड रोक दिया गया। दिलजीत ने कहा- ऐसा करने से क्या फायदा हुआ। तुम्हारा फोन टूट जाएगा या खराब हो गया तो आपका नुकसान होगा। ऐसे पल को खराब नहीं करते भाई।

### दिलजीत बोले- आगे से किसी भी आर्टिस्ट से ऐसे मत करना

दिलजीत ने आगे कहा- आप ऐसा न करें। मैं आपको प्यार करता हूं। प्यार करते हैं तो हम अपना फोन क्यों खराब करें इसके चक्कर में। जिसके बाद दिलजीत ने फैन को फोन वापस दे दिया। दिलजीत ने कहा- अब मुझे फिर शुरू से गाना पड़ेगा। इसके बाद दिलजीत ने फैन को अपनी जैकेट उतार कर दी और कहा- मैं आप सबसे बहुत प्यार करता हूं। मगर आगे से किसी भी आर्टिस्ट के साथ ऐसा न करना। इसमें मुझे या अन्य किसी आर्टिस्ट को कोई फायदा नहीं होगा।

### उड़ता पंजाब से बॉलीवुड में हुई एंट्री

दिलजीत दोसांझ जालंधर के कस्बा गोराया के छोटे से गांव दोसांझ कलां के रहने वाले हैं। 2004 में दलजीत ने अपना पहला एल्बम इश्क दा उड़ा अड्डा रिलीज किया। इस दौरान नाम दलजीत से दिलजीत कर लिया। 2011 में द लायन ऑफ पंजाब फिल्म से डेब्यू किया, पर फिल्म फ्लॉप रही लेकिन उनका एक गाना सुपरहिट रहा और पहली बार



बीबीसी के एशियन डाउनलोड चैट में नॉन बॉलीवुड सिंगर का गाना टॉप पर पहुंचा। 2016 में फिल्म उड़ता पंजाब से बॉलीवुड में एंट्री ली। इसके बाद फिल्लौरी, सूरमा, अर्जुन पटियाला, गुड न्यूज और सूरज पे मंगल भारी में अभिनय किया। लॉकडाउन के दौरान उन्होंने अपना म्यूजिक एल्बम जी.ओ.ए.टी रिलीज किया है।

### दिल-लुमिनाती टूर को लकर चर्चा में है दिलजीत

दिलजीत इस वक्त अपने भारत के टूर को लेकर काफी चर्चा में है। दिलजीत भारत में दिल-लुमिनाती नाम से करीब 10 शो करेंगे। उनके सभी शो इस वक्त हाउस फुल हो चुके हैं।

करण औजला पर फेंका था जूता

बॉलीवुड गाना तौबा-तौबा गाने वाले पंजाबी सिंगर करण औजला पर करीब दो हफ्ते पहले यूके में कॉन्सर्ट के दौरान व्यक्ति ने जूता फेंका था। जूता सीधा करण के मुंह पर लगा था। इस पर गुस्साए करण औजला ने स्टेज से ही गाली-गलौज शुरू कर दी और जूता फेंकने वाले को स्टेज पर आने की चुनौती भी दी। आखिर में उन्होंने युवाओं से ऐसा न करने और सम्मान देने की अपील की।

## मनसे नेता बोले- पाकिस्तानी एक्टर यहां आए तो पिटेंगे : थिएटर भी तोड़ देंगे; फवाद खान की फिल्म की इंडिया रिलीज पर विवाद



पाकिस्तानी फिल्म द लीजेंड ऑफ मौला जट्ट' की इंडिया में रिलीज के ऐलान के बाद, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) ने एक बार फिर पाकिस्तान के कलाकारों और फिल्मों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के नेता अमय खोपकर ने खास बातचीत में साफ-साफ कह दिया कि किसी भी पाकिस्तानी कलाकार या फिल्म को भारत में जगह नहीं मिलेगी। उन्होंने तीखे शब्दों में बॉलीवुड पर भी निशाना साधते हुए कहा कि पाकिस्तानी कलाकार अगर यहां आकर प्रमोशन करेंगे, तो पिटेंगे।

देश की सुरक्षा और शहीद जवानों का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने अपने विरोध को सिर्फ महाराष्ट्र तक सीमित नहीं रखा, बल्कि पूरे देश में इसे फैलाने का इरादा जताया। पढ़िए बातचीत के कुछ प्रमुख अंश:

**पाकिस्तान से कलाकारों के खिलाफ इस कड़े विरोध की असल वजह क्या है?**

हमारे देश पर लगातार पाकिस्तान की तरफ से हमले होते रहते हैं। पिछले हफ्ते भी हमले हुए थे, जिनमें हमारे जवान शहीद हो गए थे। हमारे देश के कई शहरों में भी हमले होते हैं, जहां पर हमारे अच्छे पुलिस अफसर शहीद होते हैं। ऐसे में हमें पाकिस्तान की तरफ से कला क्यों चाहिए? क्या हमारे देश में कलाकार नहीं हैं? क्या हमारे यहां फिल्में नहीं बनतीं? हमें पाकिस्तान से कलाकार क्यों चाहिए? मुंबई में जो आतंकी हमला हुआ था, उसमें जिन पुलिस अफसरों ने अपनी जान गंवाई थी, उनके घरों में जब टीवी चालू होगा, तो क्या वो लोग इन पाकिस्तानी कलाकारों के शो देखेंगे? जिनकी वजह से हमारे जवान और पुलिस अफसर शहीद हुए, उनके कलाकार हमें नहीं चाहिए। पाकिस्तान से कोई भी कलाकार या फिल्म हम यहां रिलीज नहीं होने देंगे।

अपनी नजर सिर्फ उसी चीज़ पर रखो जिसे तुम पाना चाहते हो, उस पर नहीं जिसे तुम खो चुके हो!

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



## मुंबई की धारावी बस्ती में बीएमसी की टीम पर हमला : मस्जिद का अवैध हिस्सा गिराने गई 2 गाड़ियों में तोड़-फोड़

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** बृह्मनमुंबई नगर निगम के अधिकारियों की एक टीम शनिवार सुबह धारावी पहुंची। यहां महबूब-ए-सुभानी मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराया जाना था। टीम सुबह 9 बजे धारावी की 90 फीट रोड पर पहुंची। खबर लगते ही मुस्लिम समाज समेत बस्ती के लोग इकट्ठा हो गए और टीम को रोक दिया। बाद में प्रदर्शनकारियों ने बीएमसी की दो गाड़ियों में तोड़-फोड़ कर दी। हालात संभालने के लिए बड़ी तादाद में पुलिस को तैनात किया गया है। प्रदर्शनकारियों को एक दल पुलिस और बीएमसी से चर्चा करने गया। इसके बाद बीएमसी ने आज डिमोलिशन एक्शन को रोक दिया है। साथ ही मस्जिद कमेटी को 8 दिन का समय दिया है। बीएमसी का बयान- मस्जिद कमेटी खुद हटाएगी अवैध हिस्सा मस्जिद पर एक्शन करने पहुंची बीएमसी की टीम ने विवाद रुकने के बाद एक बयान जारी किया। इसमें कहा गया है- मस्जिद के ट्रस्टियों ने बीएमसी से अपील की है कि उन्हें कुछ समय दिया जाए। इस दौरान वे अवैध हिस्से को खुद ही हटा देंगे। बीएमसी इस पर राजी हो गया है।

डिप्टी सीएम बोले- कानूनी काम में बाधा डालना ठीक नहीं होगा देवेंद्र फडणवीस ने कहा- बीएमसी ने कुछ दिन पहले कार्रवाई भी शुरू की थी। उस समय ईद तक की मोहलत मांगी गई थी। आज जब बीएमसी की टीम वहां गई तो उन्होंने कहा अगले चार-पांच दिन में अतिक्रमण हटा देंगे, इसलिए टीम वापस लौट गई है। किसी भी स्थिति में अगर कोई कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा करता है और बाधा डालता है तो यह ठीक नहीं होगा। मुझे पूरा विश्वास है कि वे खुद ही अवैध हिस्सा हटाएंगे।

पुलिस स्टेशन से 100 मीटर दूर है मस्जिद धारावी की जिस 90 फीट रोड पर यह मस्जिद बनी है, वह पुलिस स्टेशन महज 100 मीटर दूर है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि बीएमसी ने पिछले साल भी मस्जिद कमेटी को नोटिस भेजा था। लेकिन तब भी कोई हल नहीं निकला था।

# राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं, निवेशकों को हरसंभव मदद करेगी राज्य सरकार : सीएम शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान की यात्रा में राजस्थानी मूल के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके अनुभव, सुझाव और संपर्क राज्य की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों से प्राप्त सुझावों को राज्य की महत्वपूर्ण नीतियों में शामिल किया जाएगा। श्री शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न राज्यों में पदस्थापित राजस्थानी मूल के भारतीय प्रशासनिक सेवा के उच्च अधिकारियों के साथ राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी 9 से 11 दिसम्बर तक राजस्थान में वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन राइजिंग राजस्थान समिट का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य राजस्थान को निवेश के लिए एक प्रमुख स्थान के रूप में स्थापित करना है और इसके माध्यम से राज्य के विकास में नए आयाम जोड़ने हैं।

### मूलभूत सुविधाओं के विकास पर कार्य कर रही राज्य सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी प्रदेश की प्रगति के लिए मूलभूत ढांचे का विकसित होना आवश्यक है। इसलिए हमारी सरकार पहले दिन से ही बिजली, पानी, परिवहन और आधारभूत ढांचे के विकास पर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ईआरसीपी एवं यमुना जल वितरण जैसे समझौते, तथा देवास परियोजना शुरू करने एवं इंदिरा गांधी नहर में अधिक पानी सुनिश्चित करने जैसे अहम कदमों से प्रदेश में पर्याप्त जलापूर्ति के लिए गतिशील है। इसके अतिरिक्त अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 2 .24 लाख करोड़ रुपए के एमओयू किए गए हैं जो धीरे-धीरे धरातल पर उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पर्यटन और खनन क्षेत्र को भी बढ़ावा दे रही है। राज्य में नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए नए स्थान चिन्हित किए गए हैं। जिनका विकास किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि किशनगढ़, झालावाड़, सिरोही और सीकर जैसे स्थानों पर हवाई सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।



### अधिकारियों ने दिए विभिन्न रचनात्मक सुझाव

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अपने-अपने राज्यों में निवेश के लिए किए जा रहे नवाचारों की जानकारी देते हुए कई रचनात्मक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की उद्योग अनुकूल नीतियों और सौर एवं पवन ऊर्जा तथा खनिज क्षेत्र में अपार संभावनाओं को देखते हुए निवेशक आकर्षिक हो रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने उद्योगों के लिए स्थाई जल प्रबंधन सौर ऊर्जा को बढ़ावा, कृषि का आधुनिकीकरण करने, नवीन औद्योगिक नीतियों को जल्द लागू करने, सिंगल विंडो सिस्टम का सुदृढीकरण करने, श्रीअन्न को प्रोत्साहित करने, एवं पर्यटन एवं शिक्षा को मुख्य विकास क्षेत्रों के रूप में बढ़ावा देने के साथ ही धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने के सुझाव दिए।

वीसी में भारत सरकार के इस्पात सचिव श्री संदीप पोंड्रिक, जल शक्ति और पेयजल सचिव, भारत सरकार श्री अशोक कालूराम मीना, उत्तर प्रदेश कैडर की प्रमुख शासन सचिव गन्ना उद्योग श्रीमती वीणा कुमारी मीना, असम/मेघालय कैडर के अतिरिक्त मुख्य सचिव खनन श्री संजय लोहिया भी जुड़े।

बैठक में मुख्यमंत्री निवास से मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री आलोक गुप्ता, आयुक्त उद्योग एवं वाणिज्य श्री रोहित गुप्ता, रीको प्रबंध निदेशक श्री इंद्रजीत सिंह, विशिष्ट शासन सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री संदेश नायक उपस्थित रहे।

## शाह बोले- फारूक ही जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद लाए

### 90 के दशक में यहां के आका पाकिस्तान से डरते थे, मोदी गोली का जवाब गोले से देंगे



बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। यहां उनकी पांच चुनावी रैलियां हैं। उन्होंने पहली चुनावी रैली मेंढर में, दूसरी थानामंडी में और तीसरी राजौरी में की।

मेंढर में उन्होंने कहा- 90 के दशक में फारूक की मेहरबानी से आतंकवाद आया। तब यहां बहुत गोलीबारी होती थी, क्योंकि यहां के आका पाकिस्तान से डरते थे।

अब पाकिस्तान नरेंद्र मोदी से डरता है। पाकिस्तान की हिम्मत नहीं है कि वह गोलीबारी करे। अगर गोलीबारी की तो मोदी गोली का जवाब गोले से देंगे।

ये चुनाव जम्मू-कश्मीर में तीन परिवारों का शासन खत्म करने वाला चुनाव है। तीनों परिवारों ने पूरे जम्मू-कश्मीर में 90 के दशक से 2014 तक दहशतगर्दी फैलाई। 40 हजार युवा मारे गए। शाह मेंढर, थानामंडी और राजौरी के बाद पुंछ और अखनूर में भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। शाह का 5 दिन में यह दूसरा दौरा है। इससे पहले 16 सितंबर को उन्होंने पाड्डुर नागसेनी, किश्तवाड़ और रामबन में जनसभा की थी।

### शाह की स्पीच की बड़ी बातें...

1947 के बाद से पाकिस्तान के खिलाफ लड़ी गई हर जंग में जम्मू-कश्मीर के सैनिकों ने भारत की रक्षा की है। 1990 के दशक में जब आतंकवाद आया, तो यह मेरे पहाड़ी, गुर्जर और बकरवाल भाई ही थे, जिन्होंने सीमाओं पर बहादुरी से गोलियों का सामना किया।

हम हर घर में एक महिला को 18 हजार का चेक सालाना देंगे। सीधा बैंक अकाउंट में ये चेक जाएगा। ईद और मुहर्रम के मौके पर 2 गैस सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। किसानों को मिल रहे 6 हजार रुपए 10 हजार में बदलेंगे। कृषि के बिजली बिल हम 50% कर देंगे। 500 यूनिट तक फ्री बिजली भी देंगे।

जम्मू में मेट्रो लगाएंगे। तवी में रिवर फ्रंट लाएंगे और मेंढर, पुंछ-राजौरी में पर्यटन लाएंगे। 70 साल तक इन्होंने जम्मू के इस इलाके के साथ अन्याय किया है। हम 5 लाख सरकारी नौकरियां देंगे। हम बच्चों को लैपटॉप और टैबलेट भी देंगे। जम्मू में आईटी हब बनाएंगे।

## मुनेश गुर्जर की याचिका पर 2 हफ्ते बाद होगी सुनवाई

### मेयर ने कोर्ट में बहस के लिए समय मांगा, पद से निलंबित हो सकती हैं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** रिश्वत लेने के मामले में हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर पर एसीबी में दर्ज एफआईआर को रद्द करने की याचिका पर अब 2 सप्ताह बाद सुनवाई होगी। मुनेश की तरफ से कोर्ट में बहस के लिए समय मांगा गया है। मुनेश के वकील दीपक चौहान ने हाईकोर्ट में कहा- मामले में एसीबी ने चालान पेश कर दिया है। हमने इससे संबंधित दस्तावेज हाईकोर्ट में पेश किए हैं। ऐसे में हमें बहस के लिए समय दिया जाए।

चालान पेश होने के बाद मुनेश पर निलंबन की तलवार लटकी हुई है। अगर आज कोर्ट से मुनेश को राहत मिल जाती तो सरकार के लिए उन्हें निलंबित करना मुश्किल हो जाता। लेकिन आज अदालत में उनके द्वारा बहस के लिए समय मांगना चर्चा का विषय बन गया। एसीबी ने 19 सितंबर को मुनेश गुर्जर के खिलाफ चालान पेश किया था।



### याचिका में क्या कहा गया था

इससे पहले याचिका पेश करते हुए मुनेश के अधिवक्ता दीपक चौहान ने बताया था- मामले में एसीबी प्रार्थिया (मुनेश गुर्जर) से कोई भी डिमांड साबित करने में विफल रही है। एसीबी ने यह भी नहीं बताया कि प्रार्थिया ने शिकायतकर्ता से कैसे डिमांड की और एसीबी ने उसका सत्यापन कैसे किया। प्रार्थिया से कोई भी रिकवरी नहीं हुई। एफआईआर में मेयर की भूमिका होने के संबंध में कोई सबूत भी नहीं हैं। ऐसे में एसीबी की एफआईआर पीसी एक्ट के तहत जरूरी दो शर्तों डिमांड व रिकवरी को ही सत्यापित नहीं करती है। इसलिए 6 अगस्त 2023 को दर्ज एफआईआर को रद्द किया जाए। याचिका में राज्य सरकार व शिकायतकर्ता व सुधांशु सिंह को पक्षकार बनाया गया है। इस पर आगामी दिनों में सुनवाई होगी।

### मेयर को गलत तरीके से फंसाया गया

याचिका में कहा गया कि पुलिस ने इस संबंध में पूर्व में दर्ज किए गए मामले में भी मेयर के खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं पाए थे, यदि साक्ष्य होते तो उसी समय कार्रवाई हो जाती। प्रार्थिया को इस मामले में गलत तरीके से फंसाया गया है और उसका इससे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर कोई संबंध नहीं है। यह एफआईआर उसके खिलाफ दुर्भावना के चलते दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता ने केवल उसके पति पर ही आरोप लगाए हैं।

## वकीलों ने हाई कोर्ट के बाहर 4घंटे रास्ता किया ब्लॉक:बदमाशों ने एक वकील को दी थी जान से मारने की धमकी, पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** हाई कोर्ट के वकील अतर सिंह गुर्जर को जान से मारने की धमकी देने के मामले में शनिवार को वकीलों ने हाई कोर्ट के बाहर जाम लगा दिया। शाम को शुरू हुआ धरना रात 10 बजे तक चला। जिससे अम्बेडकर सर्किल से स्टेच्यू सर्किल के बीच का रास्ता ब्लॉक हो गया। पुलिस ने वकीलों से समझाइश की, लेकिन वकील आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े रहे। बाद में अशोक नगर थाना पुलिस ने एक आरोपी हरदेव पावटा को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद वकीलों ने जाम हटाया। हाई कोर्ट बार के अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने बताया कि वकील अतर सिंह गुर्जर को आज शाम राजवीर गुर्जर ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके बाद वकील आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराने के लिए अशोक नगर थाने गए। लेकिन थानाधिकारी ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। वहीं मामले में एफआईआर भी दर्ज नहीं की।

**केस की फीस मांगने पर वकील को दी धमकी**

वकील अतर सिंह गुर्जर ने बताया कि उन्होंने राजवीर गुर्जर का केस लड़ा था। आरोपी के पक्ष में फैसला भी हो गया। लेकिन जब उन्होंने केस की फीस मांगी तो आरोपी ने फीस देने से मना कर दिया। वहीं दूसरे वकील के जरिए केस का ऑर्डर निकलवाने की कोशिश की। जब इस बात की सूचना मिली तो हमने दूसरे वकील से संपर्क करके ऑर्डर देने से मना करवा दिया। वहीं राजवीर से कहा कि वह पहले फीस दे।

## फारूक बोले- भाजपा वाले खुद पाकिस्तानी: सत्ता में बैठे, फिर भी आतंकवाद

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा, भाजपा वाले हमें बार-बार पाकिस्तानी बोलते हैं। ये खुद पाकिस्तानी हैं। भाजपा कहती है राहुल गांधी और फारूक अब्दुल्ला के बीच गठबंधन पाकिस्तान के समर्थन से बना है। हमें पाकिस्तान से क्या लेना-देना?

भाजपा कहती है आर्टिकल 370 आतंकवाद के लिए जिम्मेदार है, लेकिन अब वे सत्ता में हैं- क्या आतंकवाद खत्म हो गया है? इन्होंने तो (जम्मू और कश्मीर) को भी टुकड़ों में बांट दिया, क्योंकि यह एक मुस्लिम बहुल राज्य है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ 18 सितंबर को पाकिस्तानी न्यूज चैनल जियो न्यूज से चर्चा कर रहे थे। पाकिस्तानी पत्रकार हामिद मीर ने ख्वाजा से आर्टिकल 370 पर एक सवाल किया।



इस पर ख्वाजा ने कहा- हम भी कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन की तरह जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 की बहाली चाहते हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने यह भी दावा किया कि अगर नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन जम्मू-कश्मीर में सत्ता में आता है तो आर्टिकल 370 वापस आ सकता है।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण

किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**

- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**

- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# नेता प्रतिपक्ष जूली बोले-सीएम कोई फैसला नहीं ले पा रहे

## बारिश में सरकार की पोल खुली; मंत्रियों की नहीं सुनते मुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने झुंझुनूं में शनिवार को राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार फेल हो गई है। सीएम भजनलाल कोई फैसला नहीं ले पा रहे हैं। वे मंत्रियों की नहीं सुनते।

टीकाराम जूली शनिवार को झुंझुनूं में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने आए थे। इस दौरान सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने ये बातें कही। टीकाराम जूली ने कहा- 9 महीने में भाजपा सरकार तीन मौकों पर फेल रही। गर्मी में बिजली-पानी की व्यवस्था में विफल रही। बारिश में इनकी पोल खुल गई। पूरे प्रदेश में सड़कों को बहुत बुरा हाल है। नाले-सीवरेज की सफाई में फेल हो गई। राजधानी जयपुर तक का हाल नहीं सुधार पाए।

उन्होंने कहा- मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को हर जिले में भेजा। मंत्रियों के हाथ में कुछ नही है। मंत्रियों की कोई सुनता नहीं, पूछता नही। मंत्रियों की मुख्यमंत्री नहीं मानते। खुद मुख्यमंत्री की ही नहीं चल रही है। राजस्थान के सीएम कोई फैसला नहीं ले पा रहे हैं।

### शिक्षा मंत्री बयानबाजी के अलावा कुछ नहीं कर पा रहे

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पर प्रहार करते हुए जूली बोले- शिक्षा मंत्री बयानबाजी के अलावा कुछ नहीं कर पा रहे। पहले दिन ऑर्डर निकालते हैं, दूसरे दिन वापस ले लेते हैं। प्रदेश में शिक्षा मंत्री बदलने की जरूरत है। इसके बाद ही विभाग में सही से काम होंगे। शिक्षा मंत्री आदेश देते हैं कि टीचर स्कूल में मोबाइल नहीं लेकर जाएंगे। दूसरे दिन आदेश आता है कि शिक्षक मोबाइल से बच्चों का डेटा तैयार करें। अगर अध्यापक के पास मोबाइल नहीं होगा तो वह डेटा कैसे तैयार करेगा। उन्होंने कहा- वे कहते हैं कि कांग्रेस अकबर महान पढ़ा रही थी, हम महाराणा प्रताप महान पढ़ाएंगे। उन्हें कौन समझाए कि सिलेबस एनसीईआरटी तैयार करती है, जो केंद्र के अधीन है। शिक्षा मंत्री सिर्फ जाति धर्म की बात कर आपस में तनाव पैदा कर रहे हैं। 9 महीने में शिक्षा के लिए उन्होंने एक शब्द नहीं कहा।



### यमुना नहर के पानी को लेकर गुमराह किया

नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा- यमुना नहर के पानी के नाम पर सरकार शेखावाटी की जनता को गुमराह कर रही है। लोकसभा चुनाव के समय मुख्यमंत्री यहां आए। यमुना समझौते को लेकर बड़ी-बड़ी बातें की। भागीरथ बनकर स्वागत करवाए। अलवर गए, वहां भी स्वागत करवाए। झुंझुनूं में यमुना पानी के समझौते के लिए और अलवर ईआरसीपी के लिए गए थे। लेकिन 9 महीने बाद भी शेखावाटी को यमुना का एक बूंद पानी नहीं मिला। ईआरसीपी के एमओयू का भी कोई असर सामने नहीं है। एमओयू को सरकार ने छुपा रखा है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा था कि कांग्रेस ने यमुना समझौते को लेकर कभी बात ही नहीं की। ये सरासर गलत है। हमारी सरकार ने 2001 में यमुना जल को लेकर हरियाणा की चौटाला सरकार से पहली वार्ता की थी।